श्रावण कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.6° न्यून. 22.0°
रांची: अधिक. 28.6° न्यून. 22.6°

रांची, गुरुवार
17 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-165, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के रणबांकुरों को नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




सरोज सिंह

आतंकवाद के खिलाफ भारत की सधी हुई जवाबी सैन्य कार्रवाई को पूरे विश्व ने देखा। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं है। हमने अनगिनत आतंकी घटनाओं को सहा है। आतंक से हमारा देश पीड़ित तो है ही, अन्य देश भी इससे अछूते नहीं है। कई ऐसी घटनाएं हैं, जो हम रोजमर्रा की जिंदगी में भूल जाते हैं, पर कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं जो हमारे मानस पटल पर अंकित हो जाती हैं। उसका दर्द हमको सालता रहता है। उससे हम पीछा नहीं छुड़ा पाते हैं। सीमा पर तैनात हमारी सेना का सिर काट कर ले गए और पाकिस्तानियों ने फुटबॉल की भांति उसे उछाल-उछल कर खेला था। कितने वर्षों बाद इस ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने हमारे जख्मों पर मरहम का काम किया है। ‘ऑपरेशन सिंदूर’ आम जनता के खिलाफ की गई कार्रवाई नहीं थी। भारतीय सेना का और सरकार का उद्देश्य साफ था, आतंकवादियों और उसके आतंकी ठिकाने को नस्ताबूत कर देना। भारत ने आतंकवाद के प्रति अपनी सख्त नीति और सैन्य ताकत को विश्व पटल पर मजबूती के साथ प्रदर्शित किया। 26 निर्दोष लोगों को चिह्नित कर मारे जाने पर भारत अपना आक्रोश शेष पेज 11 पर

## 158.2 मिमी बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, शहर की सड़कों से लेकर घरों तक भरा पानी



# डालटनगंज में रिकॉर्ड बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सांसद आवास और राष्ट्रीय नवीन मेल प्रेस दफ्तर डूबे

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** पलामू का प्रमंडलीय मुख्यालय डालटनगंज इस बार ऐसी बारिश में डूबा, जिसने न सिर्फ आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, बल्कि प्रशासनिक तैयारियों की पोल भी खोल कर रख दी। बीते 18 घंटे में रिकॉर्ड 158.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार यह पिछले वर्ष की तुलना में 358 प्रतिशत अधिक है। यह बारिश शहर के लिए एक चेतावनी नहीं, बल्कि सीधा संकट बनकर आई। लगातार हो रही बारिश से शहर के अधिकांश इलाके जलमग्न हो गए। रेड़मा, शांतिपुरी, कुंड मोहल्ला, सुरभि नगर, ब्राइटलैंड स्कूल रोड, बिजली कार्यालय के पीछे, कुमारटोली, पहाड़ी मुहल्ला, पुलिस लाइन, रेलवे स्टेशन, हनुमान नगर क्षेत्र सहित अधिकांश मोहल्लों में दो से चार फीट पानी जमा रहा। कई घरों में रसोई, शौचालय और बेडरूम तक में गंदा पानी भर गया। हालात इतने बदतर हो गए कि डालटनगंज सांसद विष्णुदयाल राम के आवास व सड़क भी पूरी तरह जलमग्न हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सांसद के सरकारी आवास में भी पानी भर गया। इस घटना ने लोगों को और ज्यादा विचलित कर दिया। जब सांसद का आवास तक डूब गया, तो आम नागरिकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

रांची रोड स्थित भगवती अस्पताल के पास पुलिया को अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया है, जिससे पानी का बहाव रुक गया और दर्जनों घरों में पानी घुस गया। शेष पेज 11 पर

**24** घंटे में **158.2** मिमी बारिश, मौसम विभाग के अनुसार पिछले साल से **358%** अधिक वर्षा

- सांसद विष्णुदयाल राम का आवास व सड़क भी जलमग्न कई घरों में घुसा पानी
- रेड़मा, कुंड मोहल्ला, सुरभि नगर, पहाड़ी मोहल्ला समेत दर्जनों जगहों पर 3 से 4 फीट पानी हुआ जमा




राष्ट्रीय नवीन मेल प्रेस कार्यालय परिसर में तीन फीट तक पानी घुसा, कामकाज प्रभावित

## लातेहार-महुआडांड़ सड़क पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन



नवीन मेल डेस्क

- इस घटना में कोई हताहत नहीं, प्रशासन ने शुरू किया सफाई का कार्य

**लातेहार।** लातेहार-महुआडांड़ सड़क पर बारेसांड घाटी में भूस्खलन होने से सड़क पर गाड़ियों का आना-जाना पूरी तरह रुक गया है। यह रास्ता लातेहार और पलामू को महुआडांड़ के रास्ते से छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। भूस्खलन के कारण बड़ी संख्या में लोग सड़क पर फंस गए हैं। हालांकि, सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने सड़क की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले में पिछले दिनों से हो शेष पेज 11 पर

## राज्य कैबिनेट की बैठक 24 को

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक 24 जुलाई 2025 को दिन में 04:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## बोकारो में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़

# पांच लाख का इनामी कुंवर मांझी ढेर, एक जवान शहीद

नवीन मेल डेस्क

**रांची/बोकारो।** बोकारो जिले के जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र स्थित लुगू पहाड़ के काशीटांड़ जंगल में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया। इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन के जवान प्रनेश्वर कोच भी शहीद हो गए हैं।बोकारो रेंज के आईजी क्रांति कुमार गड़देशी के अनुसार, बुधवार तड़के लुगू पहाड़ी के आसपास नक्सलियों के एक दस्ते के क्रियाशील होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर केंद्रीय बलों और बोकारो पुलिस की ओर से सर्च अभियान शुरू किया गया। जंगल में सर्च के दौरान पुलिस का नक्सलियों से सीधे सामना हो गया। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, दोनों तरफ से गोलियां चलने लगीं। इस मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी कुंवर मांझी मार गिराया गया। कुंवर के मारे जाने के बाद उसका एके-47 राइफल भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आईजी क्रांति कुमार गड़देशी के अनुसार, अभियान के दौरान नक्सलियों की ओर से अचानक की गई गोलीबीरी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 209वीं कोबरा इकाई के कांस्टेबल प्रनेश्वर कोच (33) गोली लगने से शहीद हो गए। वे मूल रूप से असम के कोकराझार के रहने वाले थे।

आईजी ने कहा कि पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सलियों ने कुछ ग्रामीणों को आगे कर पुलिस से बचने की कोशिश की। इसमें भी जब नक्सली कामयाब नहीं हुए, तब उन्होंने एक ग्रामीण की गोली मारकर मौके पर हत्या कर दी, ताकि पुलिस को मौके पर भटकाया जा सके। मारा गया ग्रामीण लुगू इलाके का ही रहने वाला था। पुलिस और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ उसी लुगू पहाड़ पर हुई है, जहां इसी साल अप्रैल महीने में एक करोड़ का इनामी विवेक सहित आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे। आईजी बोकारो ने कहा कि नक्सलियों की तलाश में इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### नक्सलियों ने एक ग्रामीण की गोली मारकर हत्या कर दी



- आईजी ने कहा, पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सलियों ने कुछ ग्रामीणों को आगे कर पुलिस से बचने की कोशिश की

## हथियार नहीं डालने वाले नक्सली मारे जाएंगे : डीजीपी अनुराग गुप्ता

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बोकारो में पुलिस और नक्सलियों में हुई मुठभेड़ को लेकर रांची में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें अपने एक जवान की शहादत और एक ग्रामीण की मौत का दुख है, लेकिन यह तय हो गया है कि हथियार नहीं डालने वाला एक-एक नक्सली मारा जाएगा। डीजीपी ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल में नक्सलियों के दस्ते से आमना-सामना होते ही दोनों ओर से गोलियां चलने लगीं। करीब दो घंटे चली इस मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी और लंबे समय से इलाके में दहशत फैलाने वाला नक्सली कुंवर मांझी ढेर कर दिया गया। डीजीपी ने कहा कि इस वर्ष अब तक 22 नक्सली मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। जो बच गए हैं, उनसे हम बार-बार हथियार डालने की अपील कर रहे हैं। कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंसा का रास्ता छोड़ने वालों का स्वागत है, लेकिन जो हथियार उठाएंगे, उनके लिए कानून और पुलिस का कड़ा जवाब तय है।

## महथा को रांची डीआईजी कार्यालय के अतिरिक्त कार्यभार का आदेश रद्द

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आईपीएस इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के डीआईजी कार्यालय का दिया गया अतिरिक्त कार्यभार निरस्त कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि इंद्रजीत महथा को 15 जुलाई को रांची रेंज के डीआईजी कार्यालय के कुछ विशेष कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें सिर्फ सात तरह के मामलों को देखने और उनका निपटारा करने की अनुमति थी। इन मामलों में एसीपी, एमएसीपी, विभागीय जांच, विभागीय कार्यवाही, अपील अभ्यावेदन, अभियोजन स्वीकृत्यादेश और हाईकोर्ट से संबंधित रिट याचिकाएं शामिल थीं।

## कोर्ट ने खारिज की मंत्री इरफान की पेशी से छूट की याचिका

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** एमपी-एमएलए मामलों के विशेष कोर्ट ने योग शिक्षिका राफिया नाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में आरोपी स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की सशरीर उपस्थिति से छूट की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। यह आदेश सिविल कोर्ट रांची के एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने सुनाया। मंत्री इरफान अंसारी की ओर से 23 मई को यह याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर पांच जुलाई को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। अब उन्हें कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। शिकायतकर्ता राफिया नाज के अधिवक्ता जितेंद्र कुमार वर्मा ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मंत्री का मुख्यालय राजधानी रांची में है, जो अदालत से बेहद निकट है, ऐसे में उपस्थिति से छूट की कोई आवश्यकता नहीं बनती। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से छूट की मांग पर विस्तृत बहस की गई। ज्ञात हो कि यह मामला 19 अगस्त 2020 का है शेष पेज 11 पर

केंद्रीय कैबिनेट का फैसला


## कृषि क्षेत्र में विकास के लिए आएगी ‘प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना’

- यह योजना वर्ष 2025-26 से शुरू होकर छह वर्ष की अवधि के लिए रहेगी
- प्रत्येक राज्य/संघ शासित प्रदेश में न्यूनतम 1 जिले का चयन किया जाएगा

नई दिल्ली (हि.स.)

सरकार ने देश में खेती के उत्पादन और किसानों की क्षमता बढ़ाने के लिए 100 जिलों में 24 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली ‘प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना’ शुरू करने की आज घोषणा की। इसके अंतर्गत 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं को एकीकृत किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज यहां हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक प्रेस वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। शेष पेज 11 पर



**24** हजार करोड़ रुपए की लागत वाली यह योजना 100 जिलों में शुरू होगी

## इंडिया

# विदेशी भाषाओं में पढ़े डॉक्टर स्वीकार्य तो हिंदी में क्यों नहीं?

रूस, चीन, ईरान, यूक्रेन, नेपाल जैसे देशों के मेडिकल कॉलेज में पढ़े डॉक्टर भारत में बहुत हैं पर भारत की संपर्क भाषा हिंदी में पढ़ाई पर बहुत से विद्वानों को आपत्ति है। मध्य प्रदेश में हिंदी में चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई को बढ़ावा और छूट देकर पहल की है पर देश में हिंदी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने से हम कोसों दूर हैं। संभवतः इसके पीछे विदेशी को श्रेष्ठ और देशी को हेय समझने संबंधी गुलाम मानसिकता का प्रभाव है। यह समझ से परे है कि आजादी के 75 वर्ष बाद वर्ष 2022 में पहली बार मध्य प्रदेश में मेडिकल शिक्षा हिंदी में प्रारंभ हो पाई। हालांकि, कुछ राज्यों ने सीमित तौर पर स्थानीय भाषा में मेडिकल की पढ़ाई संबंधी प्रस्ताव और उद्घोषणाएं की हैं अंग्रेजी का प्रभुत्व बाधा बनी हुई है। मेडिकल की पढ़ाई के बाद चिकित्सक का पूरा जीवन मरीजों की देखरेख में बीतता है उसमें अपना संवाद स्थानीय या मातृभाषा में ही करते हैं। देश के बहुत बड़े अस्पतालों में भी अंग्रेजी में बातचीत करने वाले रोगी बहुत ही कम हैं पर ब्रिटिश औपनिवेशक साम्राज्य का दंभ अब भी चिकित्सा शिक्षा में अपना प्रभुत्व बनाए हुए हैं। दक्षिणी राज्यों में हिंदी के विरोध में तो आंदोलन होते रहते हैं, लेकिन अंग्रेजी के आधिपत्य को कम से कम चिकित्सा शिक्षा से कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता । भारत में चिकित्सा शिक्षा को अंग्रेजी में देना ही क्यों आवश्यक है जबकि तकनीकी शब्दावली आसानी से उपलब्ध है ? राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं वर्तमान सरकार की मंशा स्थानीय भाषाओं को प्रोन्नत करने की है। मौजूदा सरकार अंग्रेजी परस्त नहीं है, इसलिए मेडिकल की पढाई हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषा में प्रदान करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता।वैज्ञानिक रूप से भी मातृभाषा में शिक्षा सर्वाधिक प्रभावी होती है। ग्रामीण अंचल से आने वाले और 12 वीं तक की शिक्षा हिंदी या स्थानीय भाषा में लेने वाले छात्र यकायक अंग्रेजी आच्छादित वातावरण में खुद को असहज पाते हैं और कई तो भाषा की विवशता के कारण प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाते हैं। उन में हीन भावना भी पैदा हो जाती है। कई बार छात्रों को शिक्षक महत्व नहीं देते साथी उपहास तक उड़ा देते हैं। एआई के युग में अंग्रेजी में ही चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के पीछे शासन की मजबूरियां समझ से परे हैं। मध्य प्रदेश में शासन की पहल पर लगभग सभी किताबों का हिंदी में अनुवाद कर दिया गया है और हिंदी माध्यम से चिकित्सा शिक्षा हासिल करने पर शुल्क में भी छूट दी जा रही है। शुरुआती वर्ष में ही 30 फीसदी से अधिक छात्रों ने अपनी शिक्षा के लिए हिंदी माध्यम का चुनाव किया। यह बताता है कि छात्रों के मन में अपनी मातृभाषा में पढ़ने की कितनी उत्कंठा है।एक सरल शुरुआत के रूप में सर्वप्रथम परीक्षा के माध्यम में मातृभाषा का विकल्प प्रदान कर विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सक्षम बनाया जा सकता है। इसके लिए न तो अतिरिक्त अधोसंरचना और न ही उत्तर पुस्तिका जांचने वाले शिक्षकों को अतिरिक्त ज्ञान देने की जरूरत है। यूनिसेफ के एक अध्ययन के अनुसार लगभग तीन चौथाई छात्र अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त अन्य भाषा में प्रदत्त ज्ञान को पूर्णता के साथ नहीं समझ पाते। महत्वपूर्ण यह भी है कि जब प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक शिक्षा तक मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करने के विकल्प बहुतायत में उपलब्ध हैं, तो ऐसे में चिकित्सा शिक्षा के लिए अंग्रेजी की बाध्यता कहां तक न्यायोचित है ? जिस छात्र ने अपनी मातृभाषा में ही शिक्षा ग्रहण की हो, उसके लिए यकायक दूसरी विदेशी भाषा में शिक्षा ग्रहण करना एक दुष्कर कार्य होता है। बौद्धिक विकास के लिए ठोस आधार मातृभाषा के माध्यम से ही स्थापित हो पाता है, कई अध्ययन एकमत से शिक्षा को मातृभाषा के माध्यम से प्रदान करने की वकालत करते हैं। चिकित्सा शिक्षा में तो यह इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि विषय के मूल को स्पष्टता से समझना, प्रचलित एवं विद्यमान बीमारियों के विकल्प में से सही कारण को ढूंढ पाना आवश्यक होता है। यह तब ही संभव हो पाता है, जब मरीज व चिकित्सक के मध्य संवाद प्रभावी एवं स्पष्ट हो। इसके लिए भी माध्यम मातृभाषा ही होता है। जैसे मरीज चिकित्सक संवाद में बीमारी एवं उसके लक्षण पर चर्चा किताबी ज्ञान के अनुरूप न होकर स्थानीय संदर्भ में ही की जाती है, ताकि मरीज एवं चिकित्सा एक स्तर पर रहकर निदान की सही दिशा में अग्रसर हो सकें। उसके साथ ही दोनों के मध्य भावनात्मक जुड़ाव भी समान भाषा से ही बन पाता है। भाषा के माध्यम से ही सांस्कृतिक समझ गहरी होती है और त्रुटि या भावनात्मक आघात की गुंजाइश भी कम हो जाती है। मातृभाषा के विकल्प के साथ अंग्रेजी के अनावश्यक बोझ को दूर कर उसके भय के कारण अंतिम छोर पर बैठे युवा को भी चिकित्सक बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है अन्यथा वह झोला छाप डॉक्टर बन कर रह जाएगा ।






बिहार में 5 लोगों को जिंदा जलाने का मामला

## एनएचआरसी ने मुख्य सचिव और डीजीपी से मांगा जवाब

नई दिल्ली (हि.स.)




- नोटिस जारी किया, दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है

बिहार के पूर्णिया जिले में जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाकर मार डालने की घटना पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में बिहार सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा है कि यह मामला अगर रिपोर्ट के अनुसार सही है, तो यह मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का मामला है।

आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह पीड़ित परिवार के 16 वर्षीय एकमात्र जीवित सदस्य की सुरक्षा सुनिश्चित करे और उसे परामर्श सुविधा उपलब्ध कराए। यह लड़का इस घटना का प्रत्यक्षदर्शी है। ज्ञात हो कि यह विभत्स घटना विगत 6 जुलाई की देर रात पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में हुई, जब ग्रामीणों की भीड़ ने कथित तौर पर एक ही परिवार के पांच लोगों को डायन और जादू-टोना करने के संदेह में जिंदा जलाकर मार डाला था। कहा जा रहा है कि गांव में एक लड़के की मौत और कई अन्य की बीमारी के पीछे इस परिवार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था।

# सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता : राज्यपाल




नवीन मेल संवाददाता

● गवर्नर ने रांची के धुर्वा में बोकारो में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को रांची के धुर्वा स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 133वीं बटालियन के कैंप में पहुंचकर जवान प्राणेश्वर कोच के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 209 कोबरा इकाई के सीआरपीएफ जवान प्राणेश्वर कोच बोकारो जिले के गोमिया थाना अंतर्गत बिरहोरडेरा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हो गए थे। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता।

## पूर्णिया में आदिवासी परिवार से मिला झामुमो का प्रतिनिधिमंडल

रांची। बिहार के पूर्णिया में आदिवासी परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाए जाने की घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री रामदास सोरेन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने पीड़ित परिवारों से शिष्टमंडल ने पूर्णिया पूर्व प्रखण्ड रजीगंज पंचायत के टेटगामा आदिवासी टोला में मुलाकात की। साथ ही राहत सामग्री चावल, धोती साड़ी सहित सभी जरूरत का सामान भी प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार और पूर्णिया पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिहार सरकार की कानून व्यवस्था भाजपा ही चला रही है। इतनी नृशंस हत्या कभी नहीं हुई थी, जिसमें एक जगह मारा गया और दूसरे जगह जलाया गया और तीसरे जगह फेंका गया। आखिर पूर्णिया पुलिस क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, बल्कि चार-पांच घंटे तक यह वारदात होती रही और बिहार पुलिस खासकर पूर्णिया पुलिस चुप बैठी रही। यह सुनियोजित साजिश के तहत हमारे आदिवासी लोगों की हत्या हुई है, पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

### वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

## उच्च शिक्षा की बदहाली सुधारने को लगाई गुहार



रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनधिमंडल ने बुधवार को मुलाकात की और उन्हें सात सूत्री मांगपत्र सौंपा। डॉ अटल पांडेय ने राज्यपाल से कहा कि वोकेशनल सहित अन्य शिक्षा व्यवस्था का हाल बहुत ही खराब है। वोकेशनल के अधिकतर विभाग अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा है, परंतु उन्हें सम्मानजनक राशि नहीं मिल रही है। डॉ अटल पांडेय ने बताया, राज्यपाल से कहा गया कि वोकेशनल के प्रतिनिधि विश्वविद्यालय में नहीं होने से उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जाता। वोकेशनल विषयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के समायोजन पर राजभवन और सरकार को विचार कर, उचित निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में प्राध्यापकों, कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होना, जो प्राध्यापक कार्य कर रहें हैं उन्हें समय पर प्रोन्नति नहीं मिलना, राज्य के लिए अच्छी बात नहीं है। शिक्षा जगत में आज सेशन लेट होना, प्राध्यापकों के अभाव के कारण गुणवत्ता युक्त शिक्षा छात्रों को नहीं मिल पाना, मूलभूत सुविधाओं का अभाव चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल की मांगों को राज्यपाल ने गंभीरता से सुना और कहा कि सभी समस्याओं पर कुलपतियों की बैठक में विचार किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों को सम्मानजनक फिक्स वेतन देने की बात भी कही। प्रतिनिधिमंडल में अवधेश ठाकुर, डॉ प्रशांत सौरभ और अभिषेक बनर्जी भी शामिल थे।

### वोकेशनल टीचर एसोसिएशन की मांग

- झारखंड के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति जल्द हो।
- वोकेशनल गेस्ट शिक्षकों की मासिक वेतन विश्वविद्यालय द्वारा फिक्स किया जाए।
- डिपार्टमेंट द्वारा रिसर्च स्कॉलर की मदद की जाए, जिससे कि रिसर्च करने में विद्यार्थियों को समस्या उत्पन्न नहीं हो।
- सीनेट और सिंडिकेट तथा एकेडमिक या कोर कमेटी में वोकेशनल शिक्षकों के एक या दो सदस्य को रखा जाए।
- राज्य में वर्षों से लंबित प्राध्यापक के प्रमोशन पर जल्द निर्णय लिया जाए।
- लगभग 6 वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है, विश्वविद्यालय द्वारा छात्र संघ चुनाव की घोषणा हो।
- रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी एंट्रेंस के नाम पर फार्म जमा किया गया था, एंट्रेंस एग्जाम की तिथि विश्वविद्यालय जल्द घोषित करे।
- इंटरमीडिएट शिक्षकों और कर्मचारियों का समायोजन विश्वविद्यालय और सरकार में वार्तालाप करके किया जाए।

### बाबूलाल मरांडी ने राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठाए सवाल, कहा

# आज भी मरीजों को खाट पर लादकर अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं लोग

● सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, भ्रष्टाचार के कारण टूट रहीं आदिवासी समाज की उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता



बाबूलाल मरांडी द्वारा सोशल मीडिया 'एक्स' पर पाकुड़ के अमड़ापाड़ा प्रखंड की डूमरचीर पंचायत की साझा की गई तस्वीर।

रांची। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। पाकुड़ जिला अंतर्गत अमड़ापाड़ा प्रखंड के बड़ा बास्को पहाड़ इलाके की एक तस्वीर साझा करते हुए बाबूलाल ने कहा कि आज भी लोग सड़क और एंबुलेंस सुविधा के अभाव में मरीजों को खाट पर लादकर अस्पताल तक पहुंचाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यह तस्वीर झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईना दिखाती है और सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करती है। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, झारखंड को अलग राज्य बनाने का उद्देश्य था कि यहां आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा हो और उनका सर्वांगीण विकास हो। झारखंड के आदिवासी समाज ने सपना देखा था कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसी मूल आवश्यकताओं पर आधारित योजनाओं से उनके जीवन में बदलाव आएगा। लेकिन आज भ्रष्टाचार, घोटाले और प्रशासनिक अनदेखी की वजह से आदिवासी समाज की उम्मीदें टूट रही हैं।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने लिखा है, केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश ने इतनी प्रगति की है कि एक संथाल आदिवासी महिला आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन है। लेकिन, झारखंड में हेमंत सरकार की उपेक्षा ने राज्य की स्थापना के उद्देश्यों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाट पर मरीज को लाने की तस्वीर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने वाली है।

बाबूलाल मरांडी ने सरकार और प्रशासन से अपील की कि राजनीति और सत्ता की महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर लोगों की वास्तविक समस्याओं और मानवीय संवेदनाओं को समझें। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मूलभूत अधिकारों की हकदार है, जिसे देना सरकार की जिम्मेदारी है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग की कि दुर्गम इलाकों में सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं की तत्काल व्यवस्था की जाए ताकि आदिवासी समाज को और अधिक पीड़ा न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि यह समय संवेदनशीलता दिखाने का है, ताकि झारखंड की जनता के सपनों और उनके अधिकारों की रक्षा हो सके।

### पिता ने बीमार बेटे को खाट पर लाद पहुंचाया अस्पताल

रांची। पाकुड़ के अमड़ापाड़ा प्रखंड की डूमरचीर पंचायत में पिता ने बीमार बेटे को इलाज के लिए खाट पर लेकर हॉस्पिटल पहुंचाया। गांव तक जाने के लिए आज तक संपर्क पथ नहीं बना है। और, इस कारण आज भी लोगों को खटिया पर लाद कर मरीजों को इलाज के लिए ले जाना पड़ता है। अमड़ापाड़ा प्रखंड के डूमरचीर पंचायत में बड़ा बास्को पहाड़ निवासी बामना पहाड़िया बीमार पड़ गया। बच्चे के बीमार होने पर पिता कमला पहाड़िया के समक्ष बेटे को अस्पताल तक पहुंचाने की समस्या सामने आ गई। गांव से दो किमी दूर मुख्य सड़क तक जाने के लिए संपर्क पथ नहीं रहने से उन्हें वाहन नहीं मिलता, इसलिए वे अपने अन्य परिजनों व संबंधियों का सहयोग लिया और बेटे को खाट पर लादकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए।

## रिम्स 2 बनेगा एशिया का सबसे बड़ा हॉस्पिटल : डॉ इरफान अंसारी

नवीन मेल संवाददाता



● कहा, राज्य की जनता को देश की सबसे बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को कहा कि रांची में बनने वाला रिम्स-2 अस्पताल, अमृता इंस्टीट्यूट की तर्ज पर एशिया का सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनेगा। उन्होंने यह बात फरीदाबाद स्थित अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का दौरा कर झारखंड लौटने के बाद रांची में कही।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि इस अस्पताल के बनने से झारखंड की जनता को देश की सबसे बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। यह परियोजना न सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश की स्वास्थ्य संरचना को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि रिम्स-2 के निर्माण कार्य को लेकर जल्द ही विस्तृत रूपरेखा जारी की जाएगी।

अमृता इंस्टीट्यूट का दौरा करने के दौरान डॉ इरफान अंसारी के साथ झारखंड के स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह और सचिव अरवा राजकमल भी मौजूद थे।

### भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार चरम पर : राकेश

रांची। झारखंड कांग्रेस के मीडिया प्रभारी एवं महासचिव राकेश सिन्हा ने बुधवार को कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार चरम पर है। मानसून आया और आपके टैक्स के पैसे भी बहा ले गया। हर बार जब कोई पुल गिरता है, कोई सड़क बह जाती है, ट्रेन पटरी से उतरती है। ये सिर्फ निर्माण की असफलता नहीं, संगठित लूट है। हर बार जब हादसे में किसी के प्रिय की जान जाती है और कोई जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता तो वो दुर्घटना नहीं, हत्या होती है। सरकारें टैक्स इसलिए लेती हैं कि जनता को सड़कें, पुल, अस्पताल, बिजली, पानी मिले। लेकिन भाजपा सरकार में ये पैसा भ्रष्ट नेताओं की जेब और सरकारी कमीशनखोरों की तिजोरी में जाता है। झारखंड में भी घोटाला के कई उदाहरण भाजपा के कार्यकाल में राज्य की जनता ने देखा है।

## सांसद आदित्य साहू ने दिल्ली में सीएम सोरेन से की मुलाकात



● शिबू सोरेन की स्वास्थ्य की जानकारी ली

नवीन मेल संवाददाता

रांची/नई दिल्ली। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को नई दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जाना। आदित्य साहू के साथ प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदीप प्रसाद, पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह, मनोज दुबे भी उपस्थित थे।

## सरकार नहीं सुनी तो करेंगे आत्मदाह : मोर्चा

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेतर कर्मचारी मोर्चा का बुधवार को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन 100वें दिन भी जारी रहा। मौके पर मोर्चा के जय मसीह तिग्गा ने कहा कि बगल में ही राज्यपाल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति सहित अन्य गण्यमान्य मौजूद हैं, लेकिन किसी का ध्यान हमारी समस्या की ओर नहीं जा रहा है। जय मसीह तिग्गा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सत्ता में आने से पहले आदिवासी मूलवासियों को सम्मान दिलाने की बातें कही गई थी। पर, अब यहां के खतियान धारकों को बेरोजगार बना दिया गया है। हमें विवश होकर फुटपाथ पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकेतर कर्मियों पर हेमंत सरकार का कोई ध्यान नहीं है। मौके पर मोर्चा के संयोजक रवि कुमार ने कहा कि 100 दिन से अधिक दिन हो चुके हैं, लेकिन इस दौरान न ही विश्वविद्यालय, राजभवन या राज्य सरकार किसी ने हमारी सुधी नहीं ली। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति है। विश्वविद्यालय कर्मियों की ओर से लगातार बातें रखी जा रही हैं, लेकिन सिर्फ गोल-मटोल जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नया एजुकेशन पॉलिसी के तहत हमें नौकरी से निकालने की बातें कही गई। हमें कहा जाता है कि इंटरमीडिएट का काम करते थे। लेकिन अब इंटरमीडिएट की पढ़ाई समाप्त हो गई तो आप स्वयं नौकरी छोड़ दें। मौके पर मनीष गोप ने कहा कि बीते 23 मार्च से हम सभी काम पर नहीं नहीं जा रहे हैं। इसके बाद से हम सभी धरना देने को विवश हुए हैं। हमें वापस नौकरी पर रखने का आश्वासन दिया जा है, लेकिन ताल-मटोल किया जा रहा है। नौकरी से निकालने के बाद हम सभी ने बूट पॉलिश से लेकर पकौड़े तलने तक का काम किया। बावजूद इसके, सरकार का हमारी तरफ कोई ध्यान नहीं है।

## नामकुम पावर ग्रिड में डकैती मामले में अपराधियों की तलाश शुरू



रांची। जिले के नामकुम पावर ग्रिड में डकैती करने वाले अपराधियों की तलाश शुरू कर दी गई है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जिन अपराधियों ने डकैती को अंजाम दिया था, उनके कपड़े चड्डी-बनियान गिरोह के जैसे थे, मामले में नामकुम पुलिस को भी कई जानकारियां मिली है। जिसके आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है। सोमवार की रात पावर ग्रिड में बिजली कर्मी और सुरक्षा प्रभारी को बंधक बनाकर लगभग 16 लाख रुपए की डकैती को अंजाम दिया था। पावर ग्रिड में 8 से 10 की संख्या में अपराधी रात के 10 बजे पहुंचे थे और करीब 2 घंटे तक डकैती को अंजाम दिया था।

## सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावी छात्रों को मिला पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता



रांची। वनवासी कल्याण केंद्र से संबद्ध श्रीहरि वनवासी विकास समिति की ओर से संचालित सरस्वती विद्या मंदिरों के मेधावी छात्रों को बुधवार को सम्मानित किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर 10वीं जैक बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 96 छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 80 प्राथमिक-मध्य विद्यालयों के छह प्रतियोगिताओं को नकद राशि प्रदान की गयी। वनवासी कल्याण केंद्र से संबंधित विद्यालयों में 1296 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें 97.15 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सलडेगा (सिमडेगा) की भारती कुमारी और सुमन सिंह ने 94 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉप किया। अनुज कुमार साहू ने 93 प्रतिशत लाकर चौथा स्थान प्राप्त किया। बसिया (गुमला) की सोनी कुमारी ने 94.2 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां स्थान पाया। वहीं जनजातीय छात्र बबलू उरांव, पिंटू उरांव (90.4) और ममता सोरेन (88 प्रतिशत) लाकर शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास और संस्कार के 14 आयामों में कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि पूर्व अधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि ग्रामीण बच्चों के लिए ये विद्यालय मिशनरी का विकल्प बनकर उभरे हैं।

**राजनीति** झामुमो पर भाजपा का हमला, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा

# झारखंड को तबाह कर अब दूसरे राज्यों में झांक रहा है झामुमो

● झारखंड में शोषण पर मौन, ओडिशा पर शोर

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उसे "गिद्ध राजनीति" का जघन्य उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो अब अपनी नैतिकता और संवेदनशीलता दोनों खो चुका है और चुनिंदा घटनाओं पर शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियाँ सेंकने में जुट गया है।

अजय साह ने दो टूक कहा कि झामुमो अब "घिनौनी सेलेक्टिव पॉलिटिक्स" पर उतर चुका है, जहाँ पार्टी की आंखें और जुबान तब बंद रहती हैं जब अपराधी उनके गठबंधन से होते हैं, लेकिन जैसे ही भाजपा शासित राज्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटती है, वे गिद्ध की तरह मौके पर राजनीति करने आ धमकते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि कोलकाता के आर.जे. कर मेडिकल कॉलेज में जब छात्र बलात्कार की घटना के बाद आंदोलित थे, तब झामुमो की पूरी लीडरशिप चुप थी। और जब कोलकाता लॉ कॉलेज में इंडी गठबंधन के छात्र नेता पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगा, तब भी झामुमो ने एक शब्द नहीं बोला। अजय साह ने तंज कसते हुए कहा, "क्या झामुमो के लिए अपराध की गंभीरता अपराधी की पार्टी पहचान देखकर तय होती है?"

भाजपा प्रवक्ता ने झामुमो की राजनीतिक प्राथमिकताओं पर करारा वार करते हुए कहा कि जो पार्टी झारखंड को बर्बाद कर चुकी है, वह अब उन राज्यों की घटनाओं पर सियासत करने में लगी है जहाँ उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। उन्होंने कहा कि पलामू के शेल्टर होम में नाबालिग लड़की ने खुलेआम आरोप लगाया कि एक अधिकारी उसे 'ख़ुश करने' का दबाव बना रहा था, लेकिन पूरा सरकारी सिस्टम उस अधिकारी को बचाने में जुट गया।

लातेहार स्कूल में हुई यौन शोषण की घटना को लेकर भी भाजपा ने सरकार पर जमकर हमला बोला। साह ने कहा कि तीन दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा देने वाली पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

### भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ा अत्याचार : सुप्रियो



रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रिया भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2014 के बाद भाजपा-शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने कार्यालय कैंप में प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा का 'बेटी बचाओ' नारा महज दिखावा बन गया है। वे सुप्रिया भट्टाचार्य ने ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात और मणिपुर सहित कई राज्यों का हवाला देते हुए दावा किया कि भाजपा की सरकारों में महिला सुरक्षा का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के बालासोर की एक बीएड छात्रा की आत्महत्या को गंभीर बताते हुए कहा कि 'बेटी बचाओ' से अब भाजपा की छवि 'बेटी जलाओ' पार्टी जैसी हो गई है।

## गायब मिले 7 कर्मियों को शोकॉज



नवीन मेल संवाददाता

रांची। पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पेयजल विभाग में ड्यूटी से गायब सात कर्मियों को शोकॉज किया है। बुधवार की दोपहर नेपाल हाउस सचिवालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का मंत्री ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और फाइलों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने पाया कि कुछ कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे तथा कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। उन्होंने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे कुल 7 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा और साथ ही उन्होंने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनता को पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राज भवन के पास बुलेट प्रूफ शीशा गायब

# 14 दिन पहले उद्घाटन हुए एलिवेटेड कॉरिडोर में चोरी शुरू

मनोज मिश्रा




**रांची।** बरसों से रातू रोड जाम रहा करता था, इस रोड में प्रवेश करने वालों को सौ बार सोचना होता था और समय लेकर के आना होता था कि अब रातू रोड में प्रवेश करना है। हालात उस समय खराब हो जाती थी जब ऑफिस पहुंचने और ऑफिस के छुट्टी का समय होता था विशेष कर दिन में 9 से 11 और शाम 4 से 6 बजे का समय। दो से तीन घंटा तक लोगों को जाम में फंसे रहना पड़ता था जाम में फंसे गाड़ियों के हॉर्न और उगलते जहरीले धुएं से आसपास के दुकान और घरों में रहने वालों का जीवन बेहद कष्टप्रद हो गया था। अब जब रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से राजधानी में जाम मुक्त व्यवस्था की शुरुआत हुई है। जहां पिस्का मोड़ से कचहरी पहुंचने में 90 मिनट का वक्त लगता था वही अब पांच मिनट में पहुंचा जा सकता है। इस फ्लाईओवर के निर्माण को पूरे झारखंड सहित बाहर के राज्यों में सराहा जा रहा है क्योंकि झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स तक पहुंचने में रातू रोड के जाम का सामना करना पड़ता था वहीं अब 4 से 5 मिनट के अंदर फ्लाईओवर का इस्तेमाल कर रातू रोड पार किया जा सकता है। इससे राज्य और राज्य के बाहर से आने वाले एंबुलेंस को बड़ी सुविधा मिल रही है। वहीं राजभवन के पास विशेष सुरक्षा के लिए लगाए गए बुलेट प्रूफ शीशे की चोरी कई सवालों को जन्म दे रहा हैं। लोगों में चर्चा है कि 14 दिन पहले एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन हुआ और चोरी की घटना शुरू हो गई है। चोरी मामूली नहीं राज भवन के पास की बुलेट प्रूफ शीशे की है। इस संबंध में एनएचआई की जीएम एकता कुमारी से राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच करेंगे।

## रोड को धंसा हुआ नहीं मानते एनएचएआई के अधिकारी

**रांची।** एनएचआई 75 में मुरगू के पास पिछले 4 वर्षों से पुल निर्माण का कार्य चल रहा है पुल पूर्ण हुआ भी नहीं है और इसके पिलर धसने लगे हैं ब्रिज में दरारें पड़ने लगी है। इसे अभी हैंडओवर किया भी नहीं गया है और एक बारिश में ही इसके निर्माण की पोल खुल रही है।निर्माणाधीन मुरगू पुल धंस गए हैं लेकिन अधिकारी इसे धंसा हुआ नहीं मानते हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुल निर्माण में लगे तीन संवेदक अभी तक भाग चुके हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने एनएचआई कि जीएम कुमारी से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि कोई पिलर नहीं धंसी है प्रोटेक्शन का काम चल रहा है अप्रोच स्लैप सेटल हो गया था, बारिश के कारण काम नहीं हो पा रहा था, अभी काम चल ही रहा है।




# स्मार्ट रांची ऐप में जोड़ा गया उपयोगी नया फीचर

● अब मिलेगी नजदीकी शौचालय के लोकेशन की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची नगर निगम (आरएमसी) ने नागरिकों की सुविधा को एक कदम और आगे बढ़ाते हुए स्मार्ट रांची ऐप में एक नया और बेहद उपयोगी फीचर जोड़ा है। अब ऐप के 'नीयरबाई मी सर्विसेज' सेक्शन में नागरिक अपने आसपास के सबसे नजदीकी शौचालय की जानकारी और वहां तक पहुंचने की दिशा भी देख सकेंगे। नगर निगम ने शहर भर के सभी मॉड्यूलर टॉयलेट्स और कम्युनिटी टॉयलेट्स की पूरी जानकारी, फोटो, भौगोलिक स्थिति (जियो लोकेशन) और रूट मैप सहित, ऐप में अपलोड कर दी है। इससे नागरिकों को साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालयों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी। शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाए रखने में भी सहयोग मिलेगा। रांची नगर निगम के प्रशासक ने बताया कि यह सुविधा नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों से जोड़ने और शौचालयों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में बनाए गए सभी सार्वजनिक शौचालयों की जियो टैगिंग कर ली गई है। रांची नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक शौचालयों का सही तरीके से उपयोग करें। साफ-सफाई बनाए रखें और शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट बनाने में सहयोग दें।

### ऐसे करें उपयोग

नागरिक स्मार्ट रांची ऐप को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप खोलने पर 'नीयरबाई मी सर्विसेज' सेक्शन में जाकर 'नीयरेस्ट टॉयलेट' विकल्प चुनें और अपनी लोकेशन ऑन करें। बस कुछ ही क्लिक में नजदीकी शौचालय की सारी जानकारी मोबाइल स्क्रीन पर होगी।

### फीचर की खासियत

1. अपने आसपास का सबसे नजदीकी टॉयलेट ढूंढें।
2. गूगल मैप से दिशा प्राप्त करें।
3. फोटो के जरिए शौचालय की स्थिति देखें।
4. इसमें सभी मॉड्यूलर और सामुदायिक शौचालय शामिल हैं।
5. 24 गुणा 7 जानकारी उपलब्ध रहेगी।

# राज्यपाल से रोटरी क्लब ऑफ रांची के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

● अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने गवर्नर को दी क्लब की प्रमुख पहलों की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची



रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत्व में नवनियुक्त बोर्ड के सदस्यों ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में मानद सचिव भावना तनेजा, राजीव मोदी, शालिनी सिंघानिया एवं जसदीप सिंह शामिल थे। इस दौरान क्लब द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित बोर्ड का परिचय कराया गया एवं समाज सेवा से जुड़े प्रमुख कार्यों की जानकारी साझा की गई। अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने राज्यपाल को क्लब की प्रमुख पहलों की जानकारी दी। इनमें मुख्यतः सदर अस्पताल, रांची को 45 लाख मूल्य की मेमोग्राफी मशीन प्रदान करना, वाईएसएस अस्पताल में नेत्र चिकित्सा विभाग का उन्नयन एवं अगस्त माह में नेत्र परीक्षण वैन प्रदान करने की योजना, रांची शहर को तीन डायलिसिस मशीनें एवं एक एफेरेसिस मशीन प्रदान करने की योजना शामिल है। इसके अलावा, क्लब द्वारा 19 से 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले रोटरी जिला सम्मेलन 2025 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल की उपस्थिति के लिए आमंत्रण भी दिया गया। क्लब ने राज्यपाल को रोटरी क्लब ऑफ रांची का मानद सदस्य बनाए जाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया, जो पूर्व में डॉ जाकिर हुसैन, जगन्नाथ कौशल, पी. वेंकटसुब्बैया, वेद प्रकाश मारवाह, सयैद सिब्ते रजी जैसे राज्यपालों को भी प्रदान किया गया है। राज्यपाल ने क्लब की सामाजिक पहल की सराहना की एवं भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### आज / कल




# भारतीय शास्त्रीय संगीत राग भैरवी पर प्रो. मृणाल ने किया शोध

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारतीय शास्त्रीय संगीत और आधुनिक विज्ञान के संगम से बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के संगीतकार और शिक्षाविद् प्रो. मृणाल कुमार पाठक ने एक अभूतपूर्व शोध किया है। इससे यह प्रमाणित करता है कि राग भैरवी की मंद बांसुरी ध्वनि दर्द को कम करने में सक्षम है।

उनका शोधपत्र,"राग भैरवी (15 डीबी, बांसुरी) के माध्यम से दर्द निवारण: स्विस एल्बिनो चूहों में हाइपोथैलेमस-पिट्यूटरी एक्सिस और -एंडोर्फिन-सीएमपी मार्ग का सक्रियण", प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका वर्तमान मनोचिकित्सा अनुसंधान और समीक्षाएं में प्रकाशित हुआ है।

इस अनुसंधान में यह सिद्ध किया गया है कि जब स्विस एल्बिनो चूहों को राग भैरवी (15डीबी पर बांसुरी) सुनाई गई, तो उनके मस्तिष्क में बीटा-एंडोर्फिन का स्राव बढ़ा और हाइपोथैलेमस-पिट्यूटरी-अधिवृक्क अक्ष सक्रिय हुआ, जिससे दर्द में उल्लेखनीय कमी आई।



● बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के प्रो. मृणाल कुमार पाठक ने संगीत और विज्ञान के संगम से अभिनव शोध किया

प्रो. मृणाल पाठक, जो स्वयं एक ख्यातिप्राप्त रंगकर्मी और संगीतविद् हैं, ने इस शोध को ना केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया, बल्कि उसमें सांस्कृतिक और कलात्मक गहराई भी जोड़ी। यह शोध उनकी दूरदर्शी सोच और अंतरविषयक नेतृत्व क्षमता का परिचायक है।

उनके सहयोगी, पूर्व प्रो. शक्ति पटनायक जो वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में शोधरत हैं, ने इस परियोजना में जैव-रसायन और औषध विज्ञान के दृष्टिकोण से बहुमूल्य योगदान दिया।

यह शोध भारत की संगीत चिकित्सा परंपरा को वैज्ञानिक रूप से स्थापित करता है और दिखाता है कि भारतीय सांस्कृतिक ज्ञान, आज की चिकित्सा और मनोविज्ञान में भी कितना प्रासंगिक और प्रभावशाली हो सकता है।

## अनुसंधान के नए तरीकों को ड्यूटी मीट में सीखेंगे पुलिसकर्मी

**रांची।** कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन में तीन दिनी क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट 2025 बुधवार से शुरू हुई। मुख्य अतिथि आईजी मनोज कौशिक ने इस दौरान इस आयोजन से पुलिस पदाधिकारियों को केस के अनुसंधान में काफी मदद मिलेगी। उन्हें बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा की भी जानकारी मिलेगी। मौके पर डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा बोले, इस मीट में डीएनए के साक्ष्यों को जुटाने सहित अन्य पहलुओं की भी पुलिसकर्मियों को पता चल सकेगा।


# स्वामी जी महाराज 21 जुलाई को आएंगे रांची

नवीन मेल संवाददाता। रांची



● श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस डॉ संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज 21 जुलाई को रांची आएंगे। उनका आगमन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, श्री राधा कृष्ण मंदिर, पुंदाग रांची में हो रहा है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 21 जुलाई को दिन में 2:30 बजे से संध्या 5:00 बजे तक श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री सदानंद महाराज जी का जन्म दिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सदगुरु महाराज सभी शिष्यों व श्रद्धालुओं को अपनी दिव्य वाणी से गुरु पूजन, भजन, सत्संग प्रवचन देंगे। कार्यक्रम के समापन पर गुरु महाराज सबों को आशीर्वाद एवं प्रसाद देंगे।




नालसा स्कीम के तहत नशा उन्मूलन पर गोस्सनर कॉलेज में कार्यक्रम

# डालसा का मुख्य उद्देश्य है नशामुक्त समाज का निर्माण : राजेश सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची ने न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बुधवार को एमिटी यूनिवर्सिटी, रांची में छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) की स्कीम 'डॉन' पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ, राजेश कुमार सिन्हा, सीआईडी से रिजवान अंसारी, एनसीबी से राकेश गोस्वामी, सहायक ड्रग्स कंट्रोलर, राम कुमार झा, एमिटी युनिवर्सिटी के शिक्षकगण, वीसी, छात्र-छात्राएं, पीएलवी पीके उपाध्याय, मोनू कुमार, भारती देवी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतुल गेरा ने बताया कि नशा हमारे देश को खोखला कर रहा है और नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते हैं, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और ड्रग्स पेडलरों द्वारा दिए जा रहे किसी भी तरह के लालच में न आएं।

एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रुपए के जुर्माने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करनेवालों को ठीक करने में मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लीगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को इलाज किया जाता है। इसमें डालसा, रांची सहायता प्रदान करती है। उन्होंने सजा के प्रावधान के बारे में भी बताया और उन पदार्थों के बारे में बतलाया जिसका तस्करी करने, रखने, निर्माण करने, भंडारण करने, एक जगह से दूसरे जगह ले जाने या किसी दूसरे व्यक्ति को प्रेरित करनेवालों के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाती है। सिन्हा ने नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी।

सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बतलाया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि नशा करने से व्यक्ति और परिवार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है। पुनर्वास केंद्रों की अधिक जनसंख्या उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए, तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। उन्होंने रांची में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने की सलाह दी।

## नशे की समस्या को रोकने में एनसीबी की भूमिका महत्वपूर्ण




● एलएडीसीएस डिप्टी चीफ ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

एनसीबी के राकेश गोस्वामी ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है। नशे की दवाओं का उत्पादन और वितरण इस समस्या की जड़ तक पहुंचता है। अधिकांश तस्करी के गिरोह संसाधनों की कमी के कारण पकड़े नहीं जाते।

# सरायगढ़- देवघर- सरायगढ़ श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन चलाई जाएगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/ देवघर।** बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन के लिए सरायगढ़ देवघर और देवघर सरायगढ़ के लिए प्रतिदिन श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। सरायगढ़ से देवघर के लिए स्पेशल ट्रेन सरायगढ़ स्टेशन में आगमन ज्ञात नहीं प्रस्थान 23.30 बजे, मुंगेर स्टेशन में 4:00 बजे आगमन 4.05 में प्रस्थान, सुल्तानगंज स्टेशन में 4:47 में आगमन 4:52 में प्रस्थान, भागलपुर स्टेशन में 6:25 में आगमन 6:35 में प्रस्थान, देवघर स्टेशन में 9:00 बजे आगमन प्रस्थान का समय ज्ञात नहीं। वहीं देवघर से सरायगढ़ के लिए स्पेशल ट्रेन सरायगढ़ स्टेशन में 23:00 बजे आगमन प्रस्थान ज्ञात नहीं, मुंगेर स्टेशन में 16:25 में आगमन 16;30 में प्रस्थान, सुल्तानगंज स्टेशन में 13:40 में आगमन 13:45 में प्रस्थान, भागलपुर स्टेशन में 13:00 बजे आगमन 13:10 में प्रस्थान, देवघर स्टेशन में आगमन ज्ञात नहीं प्रस्थान 9:20 बजे। सभी स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में चांदपिपर हॉल्ट, बैजनाथ अंदोली, थरबिटिया, कदमपुरा, सुपौल, सुंदरपुर हॉल्ट, विनायकमा हॉल्ट, गढ़ बरुआरी, पंचगछिया, नन्दलाली हॉल्ट, सहरसा कचहरी हॉल्ट, सहरसा, परमिनिया हॉल्ट, सोनबरसा कचहरी, बाबा रघुनी हॉल्ट द्वारिका, सिमरी बख्तियारपुर, कोपरिया, धमारा घाट, बदला घाट, मानसी, खगड़िया, उमेशनगर, सबदलपुर, बरियारपुर, कल्याणपुर रोड, अकबरनगर, बाराहाट और बांका स्टेशनों पर भी ठरहेगी।





**यात्रा की तिथियां:** 05517 सरायगढ़ से (प्रतिदिन): दिनांक 19.07.2025 से 11.08.2025 तक = 24 ट्रिप तथा 05518 देवघर से (प्रतिदिन): दिनांक 20.07.2025 से 12.08.2025 तक = 24 ट्रिप।

### स्वास्थ्य सुविधा पर भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लालकिशोर नाथ शाहदेव ने बुधवार को कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एक ओर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति पर चिंता करते हैं और दूसरी ओर जब रिम्स-2 के निर्माण की बात आती है तो ग्रामीणों को उकसाने के लिए दल-बल के साथ पहुंच जाते हैं। ये उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है। शाहदेव बोले, 2020 में कोरोनाकाल के शुरुआत से लेकर अब तक स्वास्थ्य विभाग ने कई ऐसे कदम उठाए, जिसकी देश में चर्चा हुई। कई राज्यों ने इसका अनुसरण किया। बाबूलाल मरांडी इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न करें और अपनी जिम्मेदारियों और मानवीय संवेदनाओं का परिचय दें। उन्होंने कहा कि रांची में रिम्स-2 का निर्माण होगा, जो पूरे एशिया का सबसे बड़ा और आधुनिक अस्पताल बनेगा। इसमें झारखंड की जनता को देश की सबसे बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

कांके में विकास योजनाओं की समीक्षा, विधायक ने कहा

## निगरानी समिति के मौजूदगी में राशन का होगा वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**पिठौरिया।** बुधवार को कांके प्रखंड के सभागार मे प्रखंड मे सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से कांके विधायक सुरेश बैठा, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, कांके बीडीओ सह प्रभारी अंचलाधिकारी विजय कुमार, सीआई चितरंजन टूटू मौजूद रहे। विधायक ने सभी विभागों के पदाधिकारियों से क्षेत्र मे चल रहे योजनाओं की समीक्षा की।

इस दौरान बैठक मे मौजूद प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा भी कई सुझाव लाए गए जिसे विधायक ने अधिकारियो को इस पर अमल करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, सभी विभाग संतोषजनक कार्य कर रहे है। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि क्षेत्र मे किसी भी योजना वितरण के दौरान पंचायत के जनप्रतिनिधियों कि मौजूदगी मे वितरण कार्य किया जाय। इसके अलावे जनवितरण प्रणाली दुकानों मे राशन वितरण के दौरान पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जो कि निगरानी समिति के भी सदस्य है उनके मौजूदगी मे दुकानदार राशन का वितरण करेंगे। साथ ही अगला बैठक मे अधिकारी अपने अपने विभाग का पूरा अकड़ा लेकर ही बैठक मे शामिल हो। वहीँ प्राकृतिक आपदा से हुवे नुकसान पर जल्द से जल्द सर्वे पूरा कर पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया है। इस प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीओ विजय कुमार ने कहा है कि सर्वे का कार्य किया जा रहा है जल्द ही सारा रिपोर्ट जिला को भेज दी जाएगी।

बैठक मे मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी, लालचंद सोनी, अमर तिर्की, नरगिस सुल्ताना, नीलम गाड़ी, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, गौरी शंकर महतो, मनीष महतो सहित सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य और प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

### गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर दिया गया प्रशिक्षण

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सीआरपी बीआरपी, चंद्रमोहन ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, लालकेश्वर यादव ने अलग-अलग सत्रों में मेरा विद्यालय मेरा अभिमान, नई शिक्षा नीति 2020, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का कर्तव्य एवं विद्यालय में आमूल चूल सकारात्मक परिवर्तन सहित कई विषयों पर प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित गतिविधि आधारित शिक्षा, प्रयास कार्यक्रम, इको क्लब के कार्य एवं दायित्व, प्रातः कालीन प्रार्थना सभा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से बीपीओ लीलावती तिर्की, डीडीओ शिव प्रसाद महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक सलीम सहाय तिग्गा ने किया।

## मुरी स्टेशन के नए मुख्य टिकट निरीक्षक ने पदभार ग्रहण किया



नवीन मेल संवाददाता

**मुरी/सिल्ली।** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत मुरी स्टेशन में वाणिज्य विभाग में नए मुख्य टिकट निरीक्षक फ्रीडी एक्का ने अपना पदभार ग्रहण किया। बताते चलें कि पूर्व में पदस्थापित मुख्य टिकट निरीक्षक रामनाथ महतो लगभग तीन वर्षों तक इस पद पर रहे और फिलहाल उनका स्थानांतर रांची हो गया है। नए मुख्य टिकट निरीक्षक इससे पूर्व रांची में पदस्थापित थे और राजधानी ट्रेन में सुपरिंटेंडेंट के रूप में लगभग 3 वर्ष तक सेवा दिए। विभाग द्वारा उनकी सेवा और कार्यकाल को देखते हुए मुरी में इन्हें इंचार्ज के रूप में पदस्थापित किया गया। नए मुख्य टिकट निरीक्षक के पदभार ग्रहण से पूर्व कर्मचारियों द्वारा उन्हें माला पहनाकर, अंग वस्त्र देकर एवं केक काटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक सुखदेव रक्षित ने पूर्व और वर्तमान अधिकारियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया और उनके सुखमय जीवन की कामना की फ्रीडी एक्का ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारा प्रयास रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निरंतर प्रयास रहेगा। कर्मचारियों ने बताया कि तत्कालीन मुख्य टिकट निरीक्षक ने कर्मचारियों की कमी के बावजूद भी अपने कर्तव्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वाह किया जो काफी सराहनीय है। इस मौके पर पी सी महतो, विनोद कुमार मांझी, राहुल कुमार, राकेश रंजन, पिंटू, पुलिना मुखिया अन्य रेलकर्मी मौजूद रहे।

## बीडीओ ने जल जमाव क्षेत्र का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिल्ली ।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बांसारुली पंचायत के सिंगपुर सरकारी स्कूल के समीप लगातार क्षेत्र में बारिश होने से जल जमाव हो गया है। जिसको लेकर आने जाने वाले लोगों को एवं स्कूल बच्चों को जूता चप्पल खोल कर पानी में पारकर स्कूल जाते हुए देखा जाता हैं जिससे उनकी यूनिफॉर्म पानी से भींग जाती है। इस रास्ते से महुआडीह, कलुवाडीह एवं मोदीडीह के ग्रामीण आना जाना करते हैं। वहीं समस्या का निदान को लेकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार को दी। सूचना मिलते ही अनिल कुमार सिंगपुर पहुंचे एवं निरीक्षण करते हुए जल जमाव का जायजा लिया और कहा कि सरकारी कोलभेट खोलकर पानी निकासी किया जाएगा साथ ही साथ नाली का निर्माण कर पानी का समस्या से लोगों को निदान कर दिया जाएगा। सरकारी कोलभेट बंद हो गए हैं इस कारण से जल जमाव की स्थिति बनी हुई है।

## असंगठित मजदूरों के हितों से नहीं होगा समझौता: महाप्रबंधक



**खलारी।** एनके एरिया में कार्यरत असंगठित मजदूरों के अधिकारों और हितों की रक्षा को लेकर बुधवार को आरसीएमएस यूनियन और सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन के बीच महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि एनके एरिया अंतर्गत कोल हैंडलिंग प्लांट लगा कर रही मधुकान प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर मजदूरों के शोषण और हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए आरसीएमएस यूनियन आंदोलन कर रही थी। इसी क्रम में यूनियन द्वारा 13 और 14 जुलाई को हड़ताल का ऐलान किया गया था। परंतु इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन के कारण हड़ताल स्थगित कर दी गई। हड़ताल की अगली तिथि घोषित होने से पूर्व ही एनके एरिया प्रबंधन द्वारा वार्ता की पहल की गई। बैठक में एनके एरिया के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजदूरों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों से प्रतिदिन केवल आठ घंटे ही कार्य लिया जाएगा।

64वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज़

## बालिका वर्ग में दक्षिणी व उत्तरी छोटानागपुर की बालिका टीमों का रहा दबदबा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बुधवार को खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में अंडर-17 बालिका वर्ग के लीग मैच के साथ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आज हुए अंडर-17 बालिका वर्ग मुकाबले में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को 27-0 के अंतर से बड़ी शिकस्त दी। उत्तरी छोटानागपुर की टीम ने संथाल को 3-0 से हराया। तीसरे मैच में दक्षिणी छोटानागपुर ने कोल्हान को 10-0 से हराकर अपना दबदबा कायम रखा। चौथे मैच में उत्तरी छोटानागपुर ने पलामू को 20-0 से पराजित किया। इन परिणामों के साथ ही उत्तरी और दक्षिणी छोटानागपुर की बालिका टीमें अगले दौर में प्रवेश कर गई हैं। अंडर-17 बालक वर्ग मुक़ाबले में कोल्हान ने पलामू को 1-0 से हराकर विजयी शुरुआत की। उत्तरी छोटानागपुर ने संथाल प्रमंडल को भी 1-0 से मात दी। अंडर-15 बालक वर्ग के पहले मैच में दक्षिणी छोटानागपुर ने पलामू को 4-1 से हराया। संथाल प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर को 4-0 से पराजित किया। कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर के बीच खेले गए तीसरे मैच में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी, और मैच 0-0 से ड्रॉ रहा।चौथे मैच में उत्तरी छोटानागपुर ने पलामू को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

### प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आज

64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन समारोह 17 जुलाईको खेलगांव के प्रैक्टिस मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विभागीय मंत्री श्री रामदास सोरेन समारोह में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# बीएलओ के कार्यों में सावधानी व इमानदारी जरूरी : मोनी कुमारी

- मतदाता सूची को परफेक्ट बनाना लक्ष्य
- मतदाता सूची से बाहरी लोगों खासकर दूसरे राज्यों या दूसरे देशों के लोगों को हटाना आवश्यक है
- चुनाव आयोग के सभी निर्देशों का अक्षरश: पालन करना है। किसी भी तरह के कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** बीएलओ के कार्यों में सावधानी उतनी ही जरूरी है जितनी इमानदारी।

मतदाता सूची को परफेक्ट बनाना चुनाव आयोग की प्राथमिकता है। उक्त बातें जिला अनुभाजन पदाधिकारी सह मांडर विधानसभा क्षेत्र की मुख्य निर्वाची पदाधिकारी मोनी कुमारी ने लापुंग प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित प्रखंड की सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कही। सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को मास्टर ट्रेनर ललित सेन गुप्ता ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर मोनी कुमारी ने कहा कि मतदाता सूची से बाहरी लोगों खासकर दूसरे राज्यों या दूसरे देशों के लोगों को हटाना परम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 के कार्यो को सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को पूरी ईमानदारी के साथ करना है। एक बूथ आसपास रहने वाले सभी मतदाताओं को नजरी नक्शा के आधार पर एक जगह करना है और मतदाता पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची को दुरुस्त करना हमारा कर्तव्य है। बूथ जागरूकता समूह का निर्माण करना है। मतदाताओं को आवश्यकतानुसार फॉर्म 6 या 7 या 8 को त्रुटि रहित भरना, सूची का शुद्धिकरण के साथ साथ उसका प्रमाणीकरण करना सबसे जरूरी कार्यों में से एक है। मोनी कुमारी ने प्रशिक्षक ललित सेन गुप्ता के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सराहना भी किया। लापुंग की बीडीओ उषा मिंज ने इस दौरान कहा कि चुनाव आयोग के सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करना है।

किसी भी तरह के कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर के ऊपर बहुत बड़ा दायित्व उनके कंधों पर टिका है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर ललित सेन गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत चुनाव आयोग के निर्देश पर घर घर जाकर दिए गए निर्देशों का अनुपालन करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, बीएलओ सुपरवाईजर मंटु कुमार साहु, मिथिलेश कुमार, बीएलओ सीमा देवी, हीरामणी देवी, रंजीता कुमारी, रोज यमुना लकड़ा, रीता कुमारी, पुष्पा कुमारी, कौशल्या देवी, लतिका देवी, रेणु कुमारी डे, मनीषा जयसवाल, प्रमिला कुमारी, विश्वासी बाडा, विनिता खाखा, सरिता देवी, रुपु देवी, जिनिथ बरला, मुक्ति मणी बाडा, पुनीत मरियम, मरसा ख़लखो, सुषमा मिंज, कांति तिर्की, चंद्रमणी बरला, पोलिना संगा, अनिता शांडिल्य, अनिता रूंडा सहित दर्जनों बीएलओ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूटी से घूम कर बंद घरों की रेकी कर करते थे चोरी, चार गिरफ्तार



**रांची।** रातू थाने की पुलिस ने कटहल मोड़ सिमलिया में एक घर में हुई चोरी का खुलासा कर लिया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कुम्हारटोली चूना भट्ठा के पवन कुमार, कौशल सिंह, राजा साव और सुनील कुमार राय उर्फ अन्नू यादव शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस की टीम ने चोरी के जेवर, स्कूटी समेत अन्य चीजें बरामद की हैं। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस गिरोह के सदस्य घूम-घूम कर बंद घरों की रेकी करते हैं। इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। इसका खुलासा बुधवार को ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 11 जुलाई को कटहल मोड़ सिमलिया में आशुतोष उरांव नामक व्यक्ति के घर में चोरी हुई थी। इस मामले में रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी राम नारायण के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इसी बीच सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए कमड़े आश्रम के पास मंगलवार को जुटे हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर सभी को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से सलाई रेंच, पेचकस एवं स्कूटी बरामद की गई। चोरी की कई घटना को दे चुके हैं अंजाम ग्रामीण एसपी ने बताया कि चोरों ने अन्य थाना क्षेत्रों में भी एक दर्जन चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह के सदस्य सुबह में घर से स्कूटी से निकलते हैं। ग्रामीण इलाकों में वैसे घरों को तलाशते हैं, जो बंद रहते हैं। उन घरों को निशाना बनाकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। गिरोह के अधिकतर सदस्य बिहार के गया इलाके हैं और रांची में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करते हैं।

### भारी बारिश से मिट्टी का मकान ढहा



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार की अहले सुबह लगातार भारी बारिश होने की वजह से लेंगाहातू( कलुवाडीह) निवासी पवन कुमार महली का मिट्टी का कच्चा घर ढह गया जिससे वह काफी परेशान हो गए हैं। उन्होंने बताया कि वे मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं एवं आर्थिक रूप से भी काफी कमजोर हैं।आगे बताया कि घर ढहने के बाद अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि मौके पर पहल करने नहीं पहुंचे ताकि मुझे राहत मिल सके।

### सांसद कालीचरण मुंडा का मुरी रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा का मुरी रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। मौके पर रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव मंजूर मोमिन, प्रकाश मुंडा, मो. कलाम अंसारी, सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी विकास रजक, सिल्ली अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाकिरुद्दीन, समसेर आलम, मोहताब अंसारी, खलील अंसारी, तेलेस्फोर मिंज, सदानंद सोनार, योगेंद्र कोईरी, दशरथ कुम्हार, मयंद्र प्रसाद महतो इत्यादि कांग्रेस जन स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए।

### चोरी के लोहे के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया कबाड़ी



**खलारी।** खलारी सीमेंट फैक्ट्री में सोमवार रात हुई लोहे की चोरी के मामले में फैक्ट्री के सुरक्षाकर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए एक कबाड़ी चुनने वाले को चोरी का सामान ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने आधार कार्ड की फोटोकापी दिखाई, जिसमें उसका नाम अब्दुस सत्तार, पिता मंजूर होसेन है। आधार कार्ड में निमतिता दुर्गापुर और निमतिता मुर्शिदाबाद दोनों पते दर्ज हैं। जबकि दुर्गापुर और मुर्शिदाबाद के बीच लगभग 193 किलोमीटर की दूरी है। ऐसे में प्रस्तुत आधार कार्ड प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि वह मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है और बिजुपाड़ा के एक कबाड़ कारोबारी के लिए काम करता है। हालांकि, आधार में दर्ज विवरणों की विसंगति के कारण स्थानीय लोगों ने उसके बांग्लादेशी नागरिक होने की आशंका जताई है। फैक्ट्री प्रबंधन ने बताया कि सोमवार रात हुई चोरी को लेकर वे पहले से ही सतर्क थे। आरोपी एक मोपेड पर लोहे का सामान लेकर जा रहा था, जिस पर फैक्ट्री का नाम भी अंकित था। सुरक्षाकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे मोपेड सहित पकड़ लिया। प्रबंधन ने इसकी सूचना तुरंत खलारी थाना को दी। सूचना मिलते ही खलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेते हुए मोपेड तथा चोरी का सामान जब्त कर लिया। ज्ञात हो कि क्षेत्र में बाहर से आए कई संदिग्ध लोग कबाड़ बीनने और खरीदने का कार्य करते देखे जाते हैं। क्षेत्र में अक्सर होने वाली लोहे की चोरी की घटनाओं में ऐसे ही लोगों पर संदेह जताया जाता रहा है।

### राशन कार्ड को रद्द करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग

**रांची ।** भोजन के अधिकार अभियान से जुड़े अशर्फीनंद प्रसाद और विवेक गुप्ता ने बड़े पैमाने पर राशन कार्ड विलोपन को लेकर चिंता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम से खुला पत्र जारी किया है। पत्र में राशनकार्ड धारियों के विलोपन, रद्दीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पत्र में कहा गया कि जन वितरण प्रणाली के आहार पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर 14 जुलाई तक राष्ट्रीय और राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 74.6 लाख लोगों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है।

**उपायुक्त को दिया आवेदन**

# कॉलोनी में रह रहे लोगों के लिए भूमि और बुनियादी सुविधा की मांग की गई


**नवनी मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से बुधवार को समाजसेवी कमल बगड़िया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात किया । प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी में रह रहे परिवारों के लिए भूमि और बुनियादी सुविधा प्रदान करने को लेकर एक आवेदन दिया । उपायुक्त को दिए आवेदन में बताया गया है की रामगढ़ में ओवरब्रिज के पास रेलवे की जमीन पर लगभग 90 परिवार रहते हैं। जिनके मौजूदा घर और शौचालय का निर्माण कई साल पहले करवाया था । वर्तमान में जिन झोपडियों में वो रहते हैं वह रहने लायक स्थिति में नहीं है । साथ ही अब घर बनाने के लिए उनके पास अपनी जमीन भी नहीं है। इस समय उन्हें घर बनाने के लिए जमीन की भी जरूरत है। जमीन और पर्याप्त आय नही होने के कारण वहां रह रहे लोग जमीन खरीद कर घर बनाने में असमर्थ हैं। प्रतिनिधि मंडल में शामिल लगन ने उपायुक्त से कहा की हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप लेप्रोसी कॉलोनी में सुरक्षित रहने के लिए वहां के लोगों को जमीन और घर उपलब्ध करवाने की कृपा करें। कहा की आपकी उदारता पर हम लोग भरोसा करते हैं । इसलिए आपसे निवेदन है की लेप्रोसी कॉलोनी वासियों की समस्या को दूर करें। सीनियर सिस्टर हैंसी। प्रतिनिधि मंडल में समाजसेवी कमल बगड़िया, सीनियर सिस्टर हैंसी, जीतू महतो, मकोला देवी, किरण देवी ,रेशमी देवी, जानकी देवी आदि शामिल थे ।

## डोभा में डूबने से महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** पड़ीरमा गांव में डोभा में डूबने से एक महिला की मौत हो गई है. मृतिका की पहचान सपना देवी (19 वर्ष) के रूप में की गई है, जो पंकज शर्मा की पत्नी थी। ग्रामीणों ने बताया कि सपना देवी दोपहर करीब 2 बजे घर से शौच के लिए निकली थी। उसका घर जिस जगह स्थित है, वहां से लगभग 300 फीट की दूरी पर फॉरेस्ट विभाग द्वारा खनन कर बनाया गया डोभा (तालाब) है। इसी डोभा में सपना देवी के डूब जाने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महिलाएं बकरी चरा कर लौट रही थीं, तभी उन्होंने डोभा में सपना देवी को डूबा हुआ देखा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने सपना देवी को किसी तरह डोभा से बाहर निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल बरही ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से डोभा के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटना की पुनरावृत्ति न हो।

## अदाणी फाउंडेशन के धान-बीज और खाद वितरण से 120 किसानों को मिली सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव में अदाणी फाउंडेशन ने गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा, गाली, बलोदर और चंदौल गांवों के 120 परियोजना प्रभावित परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाले धान के बीज और उर्वरकों का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसल सीजन के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना था। मानसून के आने के साथ अदाणी फाउंडेशन की समय पर की गई यह पहल किसानों के बीच एक नई आशा और उत्साह का संचार कर रही है, जिससे इस खेती के मौसम में बेहतर फसल होने की उम्मीदें और भी मजबूत हुई है। कार्यक्रम के दौरान महुगाईं कला पंचायत की मुखिया बेबी देवी और चंदौल पंचायत के कृषि मित्र सनित महतो ने किसानों को संबोधित करते हुए उन्नत किस्म के धान बीज अपनाने की सलाह दी और क्षेत्रीय भौगोलिक स्थितियों के अनुरूप फसलों के चयन पर जोर दिया।



### बड़कागांव में अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर पहल

हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड में अदाणी फाउंडेशन न केवल कृषि क्षेत्र में बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे कई अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी निरंतर कार्य कर रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेत्र परीक्षण शिविर और टीबी पोषण किट वितरण जैसे कार्यक्रमों का सफल आयोजन इसका एक जीवंत उदाहरण है। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन की ओर से महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार प्रशिक्षण और वित्तीय जागरुकता को भी लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

### जैविक खेती से सुधरती है मिट्टी की सेहत

कार्यक्रम के दौरान भोक्ता समाज के सचिव और गाली गांव के ग्रामीण बलदेव गंझू ने रासायनिक उर्वरकों की जगह वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल मिट्टी की सेहत सुधारती है बल्कि दीर्घकालिक कृषि उत्पादकता को भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह वितरण कार्यक्रम न केवल किसानों को संसाधन देने की पहल है, बल्कि उन्हें ज्ञान, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर करता है।

## दो भाईयों की दुश्मनी पहुंचा थाना प्राथमिकी दर्ज

**बरही ।** कोरियाडीह निवासी सिकंदर कुमार और उनके भाई सुनील कुमार ने एक दूसरे पर जान लेवा हमला करवाने को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार छोटे भाई सिकंदर ने अपने बड़े भाई, उनकी पत्नी व पुत्र पर रास्ते में रोककर कोड़ी से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। वही बड़े भाई ने भी छोटे भाई व उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला, छिनतई व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस दोनों के मामलों को पंजीकृत करते हुए है मामले की छान बीन में जुट गई है।

## एसडीओ ने स्कूल व आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण, बच्चों संग किया मध्याह्न भोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** उपायुक्त के निर्देशानुसार एसडीओ जोहन टुडू ने प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान साफ सफाई, गुणवाता और व्यवस्था से संबधित जानकारी ली. निरीक्षण की शुरुआत कोनरा के पीडीएस डीलर मंटू ठाकुर से हुई जहां रंग-रोगन, स्टॉक और अन्य व्यवस्था से संतुष्ट हुए. इसके बाद एसडीओ की टीम आंगनबाड़ी केंद्र करसो-1 पहुंची. जहां सफाई व्यवस्था बेहद खराब था, एसडीओ ने सेविका को कड़ी चेतावनी देते हुए व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया. मध्य विद्यालय करसो में व्याप्त गंदगी और गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाने के बाबजूद कोयला पर मध्यान्ह भोजन बनाने से एसडीओ श्री टुडू ने नाराज दिखे. मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्टीकरण करने का आदेश दिया. इसी क्रम में करसो गांव में मनरेगा से निर्मित कुएं का भी निरीक्षण किया. अंत में टीम बरही कन्या मध्य विद्यालय पहुंची, जहां छात्राओं संग बैठकर मध्यान्ह भोजन कर गुणवता की भी जांच किया. एसडीओ ने बताया कि डीसी के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच कर कमियों को दूर करने का प्रयास किया जायेगा. जांच टीम में एसडीओ के साथ बीसीओ संजय यादव, बीपीएम (बीआरसी) अरुण कुमार, बंटी ठाकुर आदि शामिल थे।



● मवि करसो में गंदगी व कोयला पर मध्यान भोजन बनने से नाराज, स्पष्टीकरण मांगा

## पूर्व सैनिक का शव मिला, हत्या का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत ग्राम डंडई स्थित आहर की पुलिया के नीचे बुधवार को पूर्व सैनिक की संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया गया। पूर्व सैनिक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डंडई निवासी अर्जुन सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। इस संबंध में मृतक का भतीजा आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात मेरे चाचा ने फोन कर बताया था कि बारिश के कारण वह गांव बड़ासी में रुके है। इसके बाद आठ बजे तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने फोन मिलाया तब उनका फोन बंद आने लगा इसके बाद परिजन उनकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद हमलोगों ने मंगलवार की रात 12:00 बजे मुफस्सिल पुलिस को सूचना दी। मंगलवार की रात एक बजे गांव पहुंचने के बाद ग्रामीण खोजबीन करते रहे। इस दौरान गांव से निकलने वाले रास्ते में पड़ने वाले आहर की पुलिया के नीचे उनका शव मिला। मोटरसाइकिल उनके ऊपर गिरा पड़ा था। परिजनों ने बताया कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का मामला है। वहीं अनंत कुमार सिंह ने कहा कि 24 दिसंबर 2019 में उनके पुत्र देवव्रत सिंह का शव कुएं में मिला था। उसकी भी हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया गया था। इसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। अर्जुन सिंह एकमात्र गवाह थे, जिन्हें रास्ते से हटा दिया गया। उन्होंने अंदेशा जताया कि कहीं उनके पुत्र की हत्या की तरह इस मामले को भी रफा-दफा कर दिया न जाए।

## जयराम महतो विस सत्र में विस्थापितों की आवाज मजबूती से रखेंगे : रवि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री, कोर कमेटी सदस्य, बीकेएमएस के केंद्रीय पदाधिकारी रवि कुमार महतो ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 20 जुलाई 2025 को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो का मांडू विधानसभा अंतर्गत केदला बस्ती में आगमन होगा।

जहां पर विधायक टाइगर जयराम महतो रैयत विस्थापित महासभा को संबोधित करेंगे। साथ ही केदला उत्खनन परियोजना क्षेत्र में ग्रामीणों, रैयतों और विस्थापितों की वर्षों पुरानी मूलभूत समस्याओं से रूबरू होंगे।

रवि महतो ने कहा कि हमारी पार्टी दबे, कुचले, शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब लोगों की आवाज है। झारखंड बने 25 साल हो गए लेकिन विस्थापित आज भी पुनर्वास, नियोजन, मुआवजा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। विस्थापन का दर्द वही समझ सकता है जिसने इसे झेला हो।

कहा कि कोई जबरन किसी को घर से उजाड़ दे और फिर अपने ही हक़ के लिए संवैधानिक अधिकारों के लिए सालों भटकना पड़े यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने भी इस दर्द को करीब से देखा और महसूस किया है।

रवि महतो ने बताया कि टाइगर जयराम महतो ने आगामी विधानसभा सत्र में विस्थापितों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को दमदार तरीके से उठाने का संकल्प लिया है। कहा की 20 जुलाई के कार्यक्रम में रैयत विस्थापित महासभा में पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश, जिला, प्रखंड, पंचायत के पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, रैयत, विस्थापित, प्रभावित परिवार एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता शामिल होगी।

**सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान महाअभियान पखवाड़ा आरंभ**

## भारतीय संस्कृति आध्यात्मिकता व भौतिकता का अद्भुत समन्वय : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में बुधवार को संस्कृति ज्ञान महाअभियान पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस मौके पर प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं प्रभारी सह रांची विभाग के संस्कृति बोध के सह-संयोजक मिथिलेश कुमार खन्ना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस महा अभियान का उद्देश्य भारतीय संस्कृति से समाज के प्रत्येक लोगों को जोड़ना है।इस अभियान के तहत समाज के लोगो को विद्यालय संपर्क टोली के माध्यम से जोड़ा जाएगा।जिसमे प्रत्येक आचार्य अभिभावक प्रतिनिधि,पूर्व छात्र,समिति व गणमान्य लोगों के सहयोग के माध्यम से समाज के लोग वृहत रूप से जुड़ेंगे।उनसभी को संस्कृति बोध परियोजना से अवगत कराया जाएगा।

मिथिलेश कुमार खन्ना ने इस अभियान का प्रस्तावना रखते हुए कहा कि कि यह महाअभियान 16 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा। पूर्वजों के जमाने से जो रीति -रिवाज समाज में प्रचलित थे, उसे जानना होगा तभी हम भारतवर्ष को पुनः सिरमौर बना सकते हैं। पुराण आदि धर्म ग्रंथ इस बात के प्रमाण हैं कि यदि संसार में सभ्यता संस्कृति विकसित हुई तो भारतवर्ष से ही हुई हैं। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा इस अभियान का उद्देश्य भारतीय संस्कृति का अलख जगाना तथा विश्व में भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को बताना है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर के रूप में वेद, पुराण, महाभारत, रामायण, रामचरितमानस के साथ हमारे पुराने रीति रिवाज भी हैं जो हमें हमारी विशिष्ट संस्कृति से अवगत कराते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ गायत्री पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्या रेखा कुमारी,शम्मी राज,राजेश महतो,नितेश कुमार सिन्हा, रोहित राज,उषा कुमारी,अंजली कुमारी,गायत्री कुमारी,अनूप झा,बच्चूलाल तिवारी,गौतम कुमार,शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

**भव्य आयोजन** छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# प्राचार्य ने कला के महत्व और समग्र शिक्षा पर डाला प्रकाश

● दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत गान के साथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**कक्षा आठवीं**

प्रथम स्थान जीविका कुमारी (आठवीं अ), प्रांजल नंदिनी (आठवीं ब ) ,आदित्य सिंह (आठवीं स )। द्वितीय स्थान इनायत खातून (आठवीं अ ),चंद्रधर महतो (आठवीं अ ) तृतीय स्थान फातिमा परवीन (आठवीं अ ) और आलोक कुमार (आठवीं अ) । कक्षा सातवीं प्रथम स्थान मनजोत कौर( सातवीं अ ), आदित्य विक्रम जायसवाल (सातवीं ब), मीठी रानी (सातवीं ब)। द्वितीय स्थान आराध्या कुमारी ( सातवीं ब ), प्रांजल प्रिया( सातवीं स ), निधि स्वरूप (सातवीं स), तृतीय स्थान स्तुति कुमारी (सातवीं अ), सौम्या वर्मा (सातवीं ब) और अर्श कुमार (सातवीं ब)।

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के विद्यार्थियों ने विद्यालय सभागार में अपनी कला के माध्यम से रंगों की दुनिया को साकार किया। सभागार में ललित कला विभाग की ओर से आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वागत गान के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं ,आठवीं तथा नवीं के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक सोच को कागज के पन्नों पर उतारा।ललित कला की इस प्रतियोगिता में अपनी त्वरित सोच और रचनात्मकता का सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करके निर्णायकों को चकित तथा प्रभावित कर दिया।यह प्रतियोगिता छात्रों की रचनात्मक शैली एवं समस्या परख सोच की क्षमता और विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली रूप से चित्रांकन व रंग भरने की योग्यता को परखने के लिए आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों को मंच पर आने से कुछ मिनट पहले ही विषय दिए गए विषय इस प्रकार थे- ( धरती धरती बचाओ, अवॉइड प्लास्टिक)। प्लास्टिक के व्यापक प्रयोग से हो रहे खतरों पर बल देते हुए पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्याओं को दृष्टिगत करते हुए छात्र-छात्राओं ने अपने विचार को रंगों की कलम के द्वारा बनाया, जिससे विद्यार्थियों को अपने विचारों को कला के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय में सभी विषयों को समग्र रूप से आपस में जोड़कर शिक्षा देने में ललित कला की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए तथा विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार कला के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया।

# न्यूज बॉक्स

### इनरव्हील क्लब ने बीमार की आर्थिक मदद




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए क्लब की ओर से बुधवार को एक जरूरतमंद को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जो इस समय स्थानीय अस्पताल मेंअपना उपचार करवा रहा है। यह मरीज गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और उसके पास इलाज करवाने के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। जिसे ध्यान में रखते हुए क्लब ने मानवता की सेवा की परंपरा को निभाते हुए उसे इलाज हेतु आवश्यक धनराशि प्रदान की। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने कहा कि गरीब वर्गों की सहायता करना क्लब का प्रथम उद्देश्य है और क्लब का यह प्रयास समाज में संवेदनशीलता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर अनुराधा श्रॉफ,जनेशा बडेरा, दीपा वडेरा, राजेंद्र बुधवाल,विजयलक्ष्मी आयंगर, जसप्रीत कौर, गुरबख्श कौर आदि मौजूद थे।

### बोर्ड ने राम जानकी मंदिर का किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** झारखंड धार्मिक न्याय परिषद के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने बुधवार को जिले के इचाक के ऐतिहासिक रामजानकी मंदिर छोटा अखाड़ा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए योजना बनाने की बात कही। उन्होंने राम दरबार में मत्था टेक कर पूजा-अर्चना की। फिर मंदिर प्रबंधन समिति के साथ बैठक की। बैठक में इस प्राचीन मंदिर के रख-रखाव के लिए कार्य योजना तैयार कर काम करने पर निर्णय लिया गया। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य मंदिर की व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा का आकलन करना था। उन्होंने इस प्राचीन मंदिर को हजारीबाग का धरोहर बताते हुए उन्होंने कहा कि बैठक में मंदिर के विकास तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### खाताधारकों का आत्मबल बढ़ाता है पीएम जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा

**बरही।** मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर भारत सरकार 18 से 70 वर्ष के बैंक खाता धारकों के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना चला रही है। यह भारत का सबसे कम प्रीमियम पर किया जानेवाला एक दुर्घटना सुरक्षा बीमा है। जिसके तहत खाताधारक के दुर्घटना में मृत्यु होने उसके नामिती को दो लाख रुपए की सहायता मिलती है। वहीं पूर्ण या आंशिक अपंगता की स्थिति में पीड़ित को एक लाख रुपए की राशि का प्रावधान है। प्रीमियम की राशि 1 जून से 31 मई तक के लिए मान्य है जो स्वतः नवीकरण हो जाता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा भी भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके लिए 18 से 50 वर्ष के सभी बैंक खाता धारकों पात्र होते हैं। इस बीमा योजना के तहत व्यक्ति की किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर नामिति को दो लाख रुपए की राशि मिलते हैं। जो खाताधारकों को आत्मबल देता है और परिवार को सुरक्षित रखने में सहायता प्रदान करता है। यह कड़वा सत्य है कि हर एक व्यक्ति की मृत्यु निश्चित है, ऐसे में जीवन ज्योति बीमा खाताधारक के नामिती को दो लाख की राशि प्रदान कर उसे आर्थिक रूप से सबल बनाने में सहायक है। इसके लिए प्रीमियम की राशि मात्र 436 रुपए वार्षिक है जो प्रत्येक वर्ष 31 मई को नवीकृत होता है। उक्त जानकारी कोनरा डिजिटल पंचायत संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने देते हुए प्रत्येक खाताधारक से दोनो बीमा करवाने की अपील किया है।

### निःशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** बुधवार को बरेलिया नर्सिंग होम चट्टी बाजार मारवाड़ी धर्मशाला के समक्ष निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन हुआ। विनोद जायसवाल ने बताया कि रामगढ़ जिले के बरेलिया नर्सिंग होम के संस्थापक डॉ राहुल बरेलिया द्वारा निःशुल्क के जांच शिविर लगाकर जांच के बाद निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। विनोद जायसवाल ने बताया की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल बरेलिया द्वारा हड्डी से सम्बंधित सभी बीमारियों की जांच निःशुल्क की गई। डॉ राहुल बरेलिया ने कहा कि ज्ञान महिला समिति के कार्यों से प्रभावित होकर निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया है। कहा की आनेवाले समय में भी आगे भी समय-समय पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में बिंदिया देवी, गुड़िया देवी, दिव्या कुमारी, वैजयंती देवी,राधिका देवी,सुमन देवी, ममता देवी, उर्मिला देवी, मंजू देवी,शोभा देवी, आरती देवी आदि की जांच कर उन्हें दवा भी प्रदान किया गया।

कृषि के कार्यों को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

## पशुपालन व मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को योजनाओं से करें आच्छादित



**रामगढ़।** कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना उपनिदेशक आत्मा से ली गई वहीं वर्ष 2025 - 26 में संचालित योजनाओं सहित अन्य फसलों के अच्छादन के तहत प्रखंडवार अब तक हो रहे कार्यों की समीक्षा कर उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा कृषि योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लंबित ई केवाईसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम किसान योजना के तहत स्वयं से पंजीकरण करने वाले लाभुकों की जांच कर स्वीकृति देने तथा उनका ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित पशुपालन से जुड़ी अन्य योजनाओं के लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने को लेकर जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### कोलेबिरा विधायक ने जलडेगा में लगाया जनता दरबार

# जनता को समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा प्रखंड में बुधवार को विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी द्वारा एक दिवसीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विधायक को फूलमाला पहनाकर स्वागत कर किया गया। जबकि स्वागत भाषण प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिया।

## लोकतंत्र में जनभागीदारी ही शक्ति : विधायक

सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। जहां जनता अपनी बात अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष खुलकर रख सकती है। यही हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिए गए सभी आवेदन पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।विधायक ने उपस्थित जनता से अपील की कि वे किसी भी आवेदन या शिकायत पत्र देने के बाद उसकी रिसीविंग अवश्य लें, क्योंकि वही उनके अधिकार की पुष्टि होती है।



## खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी पर सख्त रुख

विधायक ने खाद्य आपूर्ति विभाग के खिलाफ प्राप्त शिकायतों का ज़िक्र करते हुए कहा कि कुछ डीलरों द्वारा खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी की बात सामने आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब जिस गोदाम से डीलर खाद्यान्न उठाव करेंगे, वहां पर जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे और वितरण की निगरानी करेंगे। यदि इसके बावजूद अनियमितता पाई गई, तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पात्र लाभुकों के बीच वन पट्टा, बीज, साइकिल समेत विभिन्न सामग्री का वितरण किया। साथ ही, उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे त्वरित एवं उचित कार्रवाई करें और इसकी जानकारी उन्हें भी अवश्य दें।जनता दरबार में विधायक के साथ जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, प्रखंड प्रतिनिधि अर्जुन होरो, अवध साहू, मोहम्मद रहीम खान, अमर तोपनो, मोहम्मद मुमताज एवं शिशिर डांग समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।



# जीवन में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन जरूरी : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज में नए सत्र में नामांकित छात्राओं के स्वागत में स्वागत समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी व विशिष्ट अतिथि के रूप में सह सचिव सह अंचल अधिकारी मो इम्तियाज उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. नए सत्र की छात्राओं के स्वागत में वित्तीय वर्ष की छात्राओं ने स्वागत नृत्य के साथ किया. साथ ही उनके माथे पर तिलक चंदन लगाते हुए बुके भेंट किया. मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये कड़ी मेहनत और अनुशासन जरूरी है. उन्होंने कहा हमेशा गुरुजनों और अभिभावकों का आदर करना चाहिए. आप को आगे बढाने में कालेज परिवार हमेशा तत्पर रहेगा, विशिष्ट अतिथि मो. इम्तियाज ने अपने जीवन के अनुभव को बताते हुए अपने मन को केन्द्रित करते हुए दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने की बात कही. उन्होंने कहा आप अपने भाग्य के भरोसे न रहें. कड़ी मेहनत व सच्ची ईमानदारी से अपने लक्ष्य को पा सकतें हैं। उसके लिये पांच साल कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है.इससे पूर्व बारहवीं की छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया मौके पर प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अपने अनुभव को साझा किया साथ ही गीत प्रस्तुत कर भरपूर मनोरंजन की. मौके पर उपस्थित छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर खूब मनोरंजन किया. कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर के द्वारा किया गया. मौके पर वैदेही प्रसाद, दुर्गविजय सिंह देव, सरिता केशरी, निशात अंजुम, आर के काशी, सुमन लकड़ा, प्रियंका राज मुंडा, सुमन केरकेट्टा, शालिनी लुगुन, मनोरमा सुनीता मिंज, राबिया तब्बसुम, किरण माला देवी,नरेन्द्र प्रधान, सतीश सिंह, रवि पाढ़ी,उपस्थित थे. मंच संचालन प्रियंका टोप्पो, शिखा कुमारी, जासिंता बरला के द्वारा किया गया।

# आईटीडीए पारदर्शी रूप से करे योजनाओं का संचालन : पूर्व मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा की पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने आईटीडीए डायरेक्टर से दूरभाष में बात कर जिले में चल रही योजनाओं की जानकारी ली। पूर्व मंत्री ने कहा कि काफी दिनों से ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा रही है कि गांव में योजना सही ढंग से संचालित नहीं हो रही है। साथ ही योजना स्वीकृत के लिए विधायक अनुशंसा अनिवार्य कर दिया गया है। इस पर पूर्व मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसा कोई सर्कुलर सरकार द्वारा नहीं है कि आईटीडीए योजना स्वीकृत के लिए विधायक का अनुशंसा आवश्यक है। सरकार पेसा कानून की बात करती है और ग्राम सभा द्वारा स्वीकृत योजनाओं को अमल में नहीं करना ग्राम सभा का अपमान है। साथ ही उन्होंने कहा कि धुमकड़िया का निर्माण झारखंड की आदिवासी परंपरा और अखरा संस्कृति को विकसित करने और कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है, इस को विभाग ध्यान दे। साथ ही जिस गांव से आवेदन आता है सरना, मसना व धुमकड़िया इत्यादि का वहां स्थल निरीक्षण कर उसकी उपयोगिता को जांच लें। इस पर आईटीडीए निदेशक ने पूर्व मंत्री को भरोसा दिलाया की विभाग के नियमानुसार ही कार्य किया जाएगा। बता दें कि पिछले कई दिनों से पूर्व मंत्री के पास ग्रामीणों द्वारा यह शिकायत आ रही थी कि योजना स्वीकृत के लिए विधायक का अनुशंसा अनिवार्य कर दिया गया है। इस पर पूर्व मंत्री ने उपायुक्त कंचन सिंह से भी बात की और इस पर विभाग के नियमानुसार कार्य करने का आग्रह किया।

## समाजसेवी ने सस्ती दरों पर सब्जी उपलब्ध कराई

**सिमडेगा।** सब्जियों की लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान आमजन को बड़ी राहत देते हुए समाजसेवी भरत प्रसाद तथा महिला फल दुकान समूह की महिलाओं के सहयोग से डेली मार्केट में सस्ती दरों पर सब्जियां उपलब्ध कराई है। इस पहल के तहत पटल सब्जी 20 प्रति किलो तथा खेख्सा 40 प्रति किलो की दर से बेची गई, जबकि बाजार में इसकी सामान्य कीमत 60 प्रति किलो के आसपास थी। इस कदम से न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत मिली, बल्कि समाजसेवा का सार्थक उदाहरण भी प्रस्तुत हुआ।कार्यक्रम के दौरान फल दुकान समूह की महिलाओं ने रिकॉर्ड स्तर पर सब्जी की बिक्री की। एकलकल दुकान की महिलाओं और स्कूली छात्रों ने भी पूरी निष्ठा से इस अभियान में योगदान दिया और कम कीमतों पर सब्जी की बिक्री की। विक्रेताओं चाहे वह महिला हों या पुरुष को समझाया गया कि वे उचित मूल्य पर सब्जियों की बिक्री करें ताकि समाज के हर वर्ग तक इसका लाभ पहुँच सके और सेवा की भावना भी बनी रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत बीडीओ ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरिक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत कोलेबिरा बीडीओ की अध्यक्षता में राजनीतिक पार्टियों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रखंड निर्वाचन प्रभारी,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न बूथों की स्थिति एवं वोट करने के दरमियान होने वाले परेशानियों के बारे में चर्चा हुई।आगामी चुनाव में वोट प्रतिशत कैसे बढ़े। बूथ केंद्र दूर होने के कारण कई गांव के वोटर वोट देने से वंचित हो जाते हैं वैसे क्षेत्र में बुथों को दूसरे जगह ले जाने के लिए राजनीतिक पार्टियों से राय मांगा गया। बैठक में आगामी विशेष गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत होने वाले कार्यों के बारे में चर्चा हुई। बताया गया की बीएलओ को तीन बार मतदाताओं के पास जाना है और मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं के 11 तरह के दस्तावेजों में से एक दस्तावेज का जमा कर वेरिफिकेशन करना है। इस कार्य में राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी और बूथ लेवल के एजेंटों की भी सहायता ली जाएगी। निर्वाचन प्रभारी गुरुचरण महतो ने बताया कि जिस बूथ में 1200 से अधिक मतदाता होंगे वहां पर एक अन्य बूथ का निर्माण किया जाएगा किंतु बूथ निर्माण के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों की सहमति ली जाएगी,सहमति के उपरांत ही नए बूथ के गठन के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के पास भेजा जाएगा। बैठक में बीडीओ विरेन्द्र किंडो के द्वारा एसआईआर एवं बीएलए नियुक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर के तहत सभी बीएलओ अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं के घर घर जाकर गहन पुनरीक्षण फार्म का वितरण करेंगे एवं मतदाताओं को फार्म भरने के लिए जागरुक करेंगे। आगे बताया गया की गहन पुनरीक्षण फार्म के साथ 11 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज का स्व सत्यापित प्रति जमा करना होगा।

# पीएम श्री कस्तूरबा द्यालय में अभिभावक-शिक्षक संघ की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बानो में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नव नामांकित छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही छात्राओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विकास कुमार ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, हर घर की बेटियां जब पढ़ेंगी, तभी समाज सशक्त होगा। नारी शिक्षा से रूढ़िवादी कुरीतियां जैसे डायन प्रथा, दहेज और नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्ति संभव है। उन्होंने विद्यालय से लंबे समय से अनुपस्थित छात्राओं की सूची तैयार कर उनके अभिभावकों से संपर्क करने और उन्हें शीघ्र विद्यालय भेजने की अपील की। वार्डन सह शिक्षिका कमला बड़ाइक ने अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन के नियमों की जानकारी देते हुए आग्रह किया कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ अभिभावक के रूप में विद्यालय का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि छात्राओं से मिलने का समय हर माह के दूसरे और चौथे रविवार को तय है, जिसका सभी को पूर्ण रूप से पालन करना होगा। छात्रा से मिलने की अनुमति केवल उस व्यक्ति को दी जाएगी जिसकी फोटो विद्यालय द्वारा जारी कार्ड में अंकित है।बैठक में कक्षा स्तर पर आयोजित रेल प्रोजेक्ट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशंसा और प्रोत्साहन दिया गया। इससे छात्राओं के बीच पढ़ाई के प्रति प्रतिस्पर्धा और उत्साह बढ़ाने का प्रयास किया गया।विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय साहू ने कहा कि अभिभावकों की नियमित भागीदारी विद्यालय की प्रगति में सहायक होती है। सदस्य भीष्म सिंह ने कहा कि विगत 8 वर्षों से वे एक अभिभावक के रूप में विद्यालय के विकास में योगदान दे रहे हैं और सभी से आह्वान किया कि वे भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।उगम फाउंडेशन के सदस्यों ने जानकारी दी।

## लंबित प्रोन्नति को लेकर संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** वर्षो से लंबित प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने दिनांक 16 मई 2025 को जिला शिक्षा पदाधिकारी से भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने प्रोन्नति प्रक्रिया में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।इस शिष्टमंडल में संघ के अध्यक्ष मनोज भगत, प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मुकुट गुड़िया, संयुक्त सचिव राकेश किंडो, संयोजक केवल प्रसाद सिंह और दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव प्रेमण बागे, सदस्य सुजीत एक्का, परमानंद ओहदार सहित कई अन्य शिक्षक शामिल थे।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि 25 जुलाई 2025 तक नई नियमावली के अनुसार वरीयता सूची जारी की जाएगी। सूची जारी होने के बाद एक माह का समय दावा-आपत्ति हेतु दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार हर स्थिति में प्रोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बानो में जंगली हाथी का आतंक ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के हुरदा और बांकी क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। बीती रात दो विशाल हाथी बांकी के आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच गए, जिससे ग्रामीणों को पूरी रात रतजगा करना पड़ा। मशाल लेकर दर्जनों ग्रामीण पुरुष-महिलाएं हाथियों को गांव से दूर खदेड़ते नजर आए।खेती का मौसम होने के कारण हाथियों का प्रकोप ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। हाथियों की वजह से फसलें और जन-संपत्ति को लगातार नुकसान हो रहा है। पाड़ो महतो टोली निवासी सिल्वंती सुरीन के घर पर बीती रात लगभग 12 बजे हाथियों ने धावा बोल दिया और मकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर में रखा अनाज भी नष्ट कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन और सचिव अमित बडिंग मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि जल्द ही नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र राहत की मांग की है।

**पर्यावरणीय बैठक** पर्यावरण जागरुकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं : बिरजो

- बच्चों में पर्यावरण के प्रति रुचि, जिम्मेदारी और नेतृत्व विकास पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**




## हर छात्र पेड़ लगाए और उसका संरक्षण करे

प्लास्टिक का प्रयोग कम करेंगी और लोगों को भी जागरुक करेंगी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष बिरजो कंडुलना ने उपस्थित सभी छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में निम्नलिखित सुझावों पर सहमति बनी हर छात्र कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करे। विद्यालय स्तर पर "ग्रीन क्लब" बनाया जाए जो नियमित रूप से पर्यावरणीय गतिविधियाँ संचालित करे।

**बानो।** प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, बानो में बिरसा हरित जन चेतना अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बानो जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, विद्यालय परिवार, छात्राएं, शिक्षकों तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में पर्यावरणीय असंतुलन और इससे उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय की छात्रा पम्मी कुमारी ने की, जिसने अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सारगर्भित रूप में संचालित किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और अभियान के उद्देश्यों की जानकारी के साथ हुई, जिसमें बताया गया कि यह अभियान आदिवासी समाज के गौरव धरती आबा बिरसा मुंडा के विचारों और प्रकृति प्रेम की भावना से प्रेरित है। बैठक में बच्चों में पर्यावरण के प्रति रुचि और जिम्मेदारी पैदा करना। नेतृत्व क्षमता का विकास एवं सामुदायिक उपयोग। जलवायु परिवर्तन की चुनौती। बढ़ता तापमान और घटता जलस्तर। वन एवं वन्य जीवन का संरक्षण। लोक शिक्षण के माध्यम से जागरूकता का विस्तार। प्लास्टिक प्रदूषण और समाधान आदि मुख्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में लोक शिक्षक जैनुल अंसारी ने पर्यावरणीय संकटों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में विद्यालय की छात्राएं बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने न केवल ध्यानपूर्वक सभी वक्ताओं को सुना, बल्कि कुछ छात्राओं ने पर्यावरण से जुड़ी कविताएं और पोस्टर भी प्रस्तुत किए। छात्राओं ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने घरों, मोहल्लों और गांवों में पेड़ लगाएंगी, पानी की बर्बादी रोकेंगी।

# न्यूज बॉक्स

## बारिश से मिट्टी का घर गिरा,परिवार बाल-बाल बचा

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत जमताई पंचायत के ग्राम जोरपोंडा निवासी सुकरा प्रधान का मिट्टी से बना घर लगातार बारिश के कारण मंगलवार रात्रि को धराशायी हो गया। इस घटना में परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं पहुंची, लेकिन घर का एक तिहाई हिस्सा ढह जाने से घर में रखा सामान बर्बाद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में हो रही मूसलधार बारिश के कारण घर की दीवारों में अत्यधिक नमी आ गई थी। मंगलवार देर रात अचानक एक दीवार ढह गई जिससे पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। घर में चार सदस्य निवास करते हैं, जो समय रहते बाहर निकलकर सुरक्षित हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान राजेश बड़ाईक मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पंचायत की मुखिया नामजन जोजो को घटना की सूचना देते हुए पीड़ित परिवार को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि ऐसे जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता पर राहत और पुनर्वास की सुविधा दी जाए, ताकि वे सुरक्षित रूप से जीवनयापन कर सकें।

## खुले कुएं में बच्चों के गिरने का खतरा

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोंछ पंचायत में ऐसेमसन नर्सरी स्कूल के कैंपस में एक धंसा हुआ कुआं होने से बच्चों के गिरने का खतरा बना हुआ है। इस कुआं से शिक्षक सहित अभिभावकों में भय का माहौल है। बताया जा रहा है कि यह कुआं मेसो विभाग से 2015 में बना था। इसके बाद एक बार धंस गया था। जिससे स्कूल के सिस्टरों ने अपने खर्च से मरम्मत करके बनवाया गया था। किन्तु कुछ दिनों से हो रहे लगातार बारिश से कुआं धंसकर बड़ा सा गड्ढा बन गया है। जिसमें बच्चों सहित बड़े लोगों को गिरने का खतरा बना हुआ है। स्कूल के सिस्टरों ने राष्ट्रीय नवीन मेल पत्रकार को इस समस्या को बताते हुए प्रशासन से कुआं मरम्मत कराने अथवा कुआं को बन्द कराने का आग्रह किया है। फिलहाल तार जाली का घेरा लगाकर कुआं को बन्द करने की बात हुई है।

## बाल अखाड़ा के बच्चों ने किया पौधरोपण, 35 पेड़ लगाए गए

**ठेठईटांगर।** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत टुकुपानी एवं ग्राम कुड़पानी पंचायत कोनमेंजरा में वन भूमि पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बाल अखाड़ा बच्चों के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। जिनमें कुल 35 पेड़ लगाए गए। मौके पर जंगल बचाओ अभियान के ठेठईटांगर प्रभारी प्रिसीला डुंगडुंग, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, पंचायत समिति सदस्य शांति समद,ग्राम प्रधान कादमडीह मुकुल डुंगडुंग, ग्राम प्रधान कुड़पानी खड़गधर सिंह,सामुएल समद,जयमसीह समद आदि मौजूद थे।मौके पर जंगल बचाओ अभियान के ठेठईटांगर प्रभारी प्रिशिला डुंगडुंग ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वन हमारी जीवन है वन के बिना हम कुछ भी नहीं इसलिए वन को हमें बचा कर रखना है, साथ ही साथ जो वन भूमि है और खाली पड़े हैं उस पर फलदार एवं इमारती पेड़ पौधे लगाना बहुत ही अच्छा कार्य है। आप सब ने इस पर ध्यान दिया और प्रकृति को बचाने में भी आप सब सहयोग कर रहे है सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।इसी प्रकार प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने भी बच्चों को कहा कि अभी से आप लोग इस तरह का पेड़ पौधा लगाना शुरू कर दिए हैं आगे भविष्य में इससे आप लोगों को बहुत लाभ मिलेगा क्योंकि हम सभी गांव में निवास करते हैं।

## कनारोवां ग्राम सभा में शनिचर समद बने अध्यक्ष, पारंपरिक रीति से हुआ चयन

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत कानारोवां पंचायत के राजस्व ग्राम कनारोवां में आयोजित ग्राम सभा में शनिचर समद को सर्वसम्मति से ग्राम सभा अध्यक्ष चुना गया। यह आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कनारोवां के मैदान स्थित पुराने बरगद वृक्ष के नीचे पारंपरिक रीति से संपन्न हुआ। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम सभा उपाध्यक्ष जॉन मुंडा ने की। कार्यक्रम में ग्राम सभा मोबिलाइजर विकास मघईया ने सीएनटी एक्ट 1908 एवं पेसा एक्ट 1996 की विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीणों को ग्राम सभा की भूमिका और अधिकारों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा आदिवासी समाज की बुनियादी शासन व्यवस्था है, जो संविधान की 5वीं अनुसूची में भी उल्लेखित है।सभा को संबोधित करते हुए मानकी मुंडा राजा सुशील समद ने कहा कि ग्राम सभा न केवल भाषा, संस्कृति और परंपराओं की रक्षक है, बल्कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी निभाती है। उन्होंने कहा,ग्राम सभा हमारी पारंपरिक व्यवस्था है, जिसमें आदिवासी और मूलवासी समुदाय के अधिकार निहित हैं। ग्राम सभा अध्यक्ष पद के लिए कष्टु प्रधान द्वारा शनिचर समद का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।

## दिल का दौरा पड़ने से रेल कर्मचारी की हुई मौत

**बानो।** रेल कर्मी असीम हेरेंज को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। घटना के विषय में रेल पथ निरीक्षक प्रेमानंद उपाध्याय ने बताया कि असीम हेरेंज रेल में वेल्डिंग विभाग में लूटर के पद पर कार्यरत थे जो शुगर एवं बल्ड प्रेशर से ग्रसित थे।उन्होंने बताया कि शनिवार को ड्यूटी के दौरान उनकी तबियत खराब हुई थी तो बानो अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था ,ब्लड प्रेशर काफी बढ़ने से डॉक्टर ने आराम करने की सलाह दी थी।रविवार को अवकाश था, सोमवार को 11 बजे तक ड्यूटी पर नहीं आने की जानकारी ली गई तो उन्होंने तबियत ठीक नहीं होने की बात कही, दूसरे दिन रेल क्वाटर 14(ए) में कई बार दरवाजा खोलने को खटखटाया गया लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर पीछे से देखा गया तो असीम हेरेंज मुंह के बल गिरे पड़े थे, इसकी सूचना रेल थाना को दी गई दरवाजा खुलवाया गया तो मृत मिले । पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया गया। जहां से उनके घर खूंटी टोली सिमडेगा के परिजन को सौंप दिया जाएगा।

## सावन के गीतों से लोगों का दिल जीत रहे हैं सुभाष महतो, सिमडेगा का उभरता लोकगायक

**सिमडेगा।** सावन की हरियाली भरी फिजाओं में जब प्रकृति अपने पूरे शृंगार में होती है, ऐसे में लोकगीतों की मधुरता लोगों के दिलों को भिगो देती है। इन्हीं भावनाओं को सुरों में पिरोकर सिमडेगा जिले के ठाकुर टोली निवासी उभरते गायक सुभाष महतो इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुआ उनका सावन गीत "आय गेलक रे सावन कर महीना... करना सुहानाछ" सोशल मीडिया और गांव-गांव की गलियों में लोगों की जुबान पर चढ़ चुका है। सुभाष महतो सिमडेगा के युवा गायक हैं, जो इंद मेला, जतरा, सरहुल, कर्मा महोत्सव जैसे स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों का अहम हिस्सा बन चुके हैं। उनके गीतों में लोकजीवन की झलक और परंपराओं की सौंधी खुशबू होती है, जो सीधे लोगों के दिलों को छू जाती है। उनकी मधुर आवाज, सहज व्यक्तित्व और गीतों में निहित आत्मीयता उन्हें खास बनाती है। इस नए गीत का वीडियो सदर थाना स्थित हनुमान मंदिर, शिव शक्ति मंदिर और केलाघाघ मंदिर में फिल्माया गया है, जिससे इसकी पवित्रता और आकर्षण और भी बढ़ गया है। सुबास के इस सांस्कृतिक प्रयास में सत्या महतो उनके मार्गदर्शक रहे हैं, जबकि रवि, आकांक्षा, सोमनाथ निरकुंश, बबुल, बसंत जैसे कलाकारों ने सहयोग दिया है।

## बोलबा में लाह बीज का किया गया वितरण

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित लैम्पस कार्यालय में लाह वीज का किया गया वितरण। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा एवं लैम्पस के सचिव रघुनन्दन सिंह के द्वारा कुल 128 किसानों को लाह का बीज वितरण किया गया। साथ ही लाह को लगाने, देखरेख करने एवं फसल तैयार होने पर उसकी कटाई एवं बाजार तक पहुंचाने के बारे बताया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों को किया गया सम्मानित

**बोलबा।** सिमडेगा। रांची स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को समिति की ओर से मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा के जिन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, उनमें भारती कुमारी, सुमन सिंह, अनुज कुमार साहू, ममता बरवा, आर्यन बड़ाईक, तनु कुमारी और पुष्कर सिंह शामिल हैं।समारोह के दौरान श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड के सभी पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे भी मेहनत और अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

# इंसान को हमेशा मिट्टी से जुड़ा रहना चाहिए : बाबूलाल मरांडी

● अपने खेत में धान की रोपाई करते दिखे बाबूलाल मरांडी



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी तिसरी प्रखंड अंतर्गत अपने पैतृक गांव कोदांईबांक के अपने खेत में धान की रोपाई करते नज़र आए। ऐसा नहीं है कि वे पहली बार ऐसा कर रहे हैं। लगभग हर साल वे खेतों में धान की रोपाई या खेतों की जोताई करते हुए देखे जाते हैं। कुछ माह पूर्व उन्हें अपने खपरैल घर का खपड़ा बदलते हुए भी देखा गया था। देश और राज्य के इतने बड़े - बड़े पदों पर आसीन रह चुके बाबूलाल आज भी खेतों में कभी हल चलाते, कभी धान रोपते तो कभी अपनी खपड़ैल छत पर खपड़ा बदलते नज़र आते रहते हैं।

जिससे उनकी सरलता और शालीनता साफ झलकती है। बाबूलाल मरांडी कहते हैं कि काम करना उन्हें हमेशा आत्मिक संतोष और आनंद प्रदान करता है। कृषि हमें आत्मनिर्भरता के साथ-साथ जमीन से जुड़े रहने का भाव भी सिखाती है। बाबूलाल का कहना है कि इंसान को हमेशा मिट्टी से जुडा रहना चाहिए।

बाबूलाल मरांडी की यह तस्वीर वाकई दिलचस्प और प्रेरणादायक है! एक पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद, वे अपने पैतृक गांव की खेत में धान की रोपाई जैसे साधारण कामों में शामिल होते हैं। यह उनकी सरलता, शालीनता और जमीन से जुड़े रहने की भावना को दर्शाता है।

बाबूलाल मरांडी जैसे नेताओं का यह दृष्टिकोण वाकई प्रशंसनीय है, जो अपने उच्च पदों के बावजूद साधारण जीवन और कामों से जुड़े रहते हैं।

यह एक महत्वपूर्ण संदेश है जो लोगों को अपने मूल से जुड़े रहने और साधारण कामों में भी आनंद लेने के लिए प्रेरित करता है।

## न्यूज बॉक्स

### लावारिस अवस्था में पड़ी मोटरसाइकिल को पुलिस ने जब्त कर सुरक्षित रखा



**सेन्हा-लोहरदगा।** बांकी नदी के समीप झाड़ी में लावारिस अवस्था में पड़ा मोटरसाइकिल होने की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही जब्त कर पुलिस द्वारा सुरक्षित थाना परिसर में रखा गया.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा मुर्की पथ से महज दो सौ मीटर की दूरी पर मंगलवार देर शाम स्थानीय लोगो ने लावारिस हालत में एक मोटरसाइकिल को खड़ा देख हैरान हो गये.जिसे कुछ समय तक ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल का मालिक को आने का इंतजार किया परंतु समय बीतता चला गया.और देर शाम तक किसी का अतापता नही चलने पर अपने स्तर से छानबीन आरम्भ किया गया.उसके बावजूद भी मोटरसाइकिल संबंधित कोई जानकारी नही मिलने पर लावारिस अवस्था मे मोटरसाइकिल खड़ा होने की सूचना सेन्हा थाना को दिया गया.जानकारी के अनुसार बताया जाता है.कि लावारिस अवस्था मे खड़ा मोटरसाइकिल का नम्बर प्लेट तोड़ा हुआ था. जिससे आसपास के लोगो में चर्चा का विषय बन हुआ है.जिसे संदेह व्यक्त करते हुए चोरी का मोटरसाइकिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है.लावारिस मोटरसाइकिल की सूचना सेन्हा थाना को मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई जमशेद खान बांकी नदी के समीप पहुंच मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल आरम्भ कर दिया है.फिलहाल क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी होने की किसी तरह का सूचना सेन्हा थाना में अभी तक नही आया है.और न ही मोटरसाइकिल मालिक का पता चला है.जिसको लेकर पुलिस मामला को संज्ञान में लेते हुए सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों का कराया गया गृह प्रवेश

**भंडरा (संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों में लाभुकों का गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह, जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव, भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी एवं अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों के आवास के मुख्य द्वार पर फीता काटकर विधिवत रूप से गृह प्रवेश कराया। भंडरा पंचायत अंतर्गत जागेश्वर यादव, किरण देवी एवं गुड़िया खातून को अबुआ आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ। गृह प्रवेश कार्यक्रम के अवसर पर प्रखंड कोऑर्डिनेटर नितलेन्द्र कुमार समेत अन्य कर्मी व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने इस योजना के सफल क्रियान्वयन की सराहना की।

### सीओ द्वारा आयोजित किया गया थाना दिवस कार्यक्रम



**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना परिसर में अंचलाधिकारी द्वारा थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया.आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के द्वारा सेन्हा अंचल क्षेत्र के जमीन से सम्बन्धीत थाने में पड़े आवेदन का निपटारा किया गया.जमीन से सम्बंधित विवाद मामले में चौकनी,गढ़गांव सेमर टोली,सेन्हा,सेरेंगहातु और भड़गांव के ग्रामीणों द्वारा थाना में आवेदन देकर जमीन से सम्बंधित विवादों को सुलझाने के लिए न्याय का गुहार लगाया गया था.जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा संज्ञान में लेते हुए बुधवार को थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पक्ष के सामने सभी विवादित मामलों का निपटारा किया गया। वही सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए कहा कि सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को जमीन सम्बंधित मामलों का निपटारा करने के लिए थाना दिवस आयोजित किया जाता है.थाना दिवस पर जमीन से सम्बंधित छोटे मोटे मामलों का अंचल के माध्यम से त्वरित निपटारा किया जाता है.जिसे ग्रामीणों को कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना न पड़े साथ ही कहा कि जिन मामलों का निपटारा अंचल के द्वारा नही हो सकता वैसे मामले को न्यायालय द्वारा निपटारा कराने हेतु अग्रसारित किया जाता है.जिसे जमीन के असली मालिक को उचित न्याय मिल सके तथा बरसात में खेती करने के लिये जो व्यक्ति खेत मे बीज डाला है.वहीं उस जमीन पर खेती करेगा वही तोड़ार के मामले में सीओ ने कहा की दोनों पक्ष से जमीन का कागज देखने के बाद ही उसी आधार पर निर्णय किया जायेगा अभी कृषि कार्य का समय है.खेती करने से नहीं रोका जा सकता है.मौके पर थाना प्रभारी वारिश हुसै,एसआई अविनाश राम,रविकांत प्रसाद,मनीष कुमार महतो के अलावे भीम महतो,नंदकिशोर शुक्ला,रामवृक्ष सिंह,अभय सिंह,माजिर मिया,उजिर मिया,शिवा सिंह,गन्दूर उरांव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### डाक बम महेंद्र प्रजापति का कुम्हार समाज द्वारा सम्मान

**लोहरदगा।** सनातन संस्कृति की आस्था और साधना की एक प्रेरणास्पद कड़ी में लोहरदगा जिला अंतर्गत पुराना शुक्र बाजार निवासी महेंद्र प्रजापति बीते 25 वर्षों से लगातार सावन माह में डाक बम के रूप में सेवा दे रहे हैं। विशेष बात यह है कि बीते तीन वर्षों से वे प्रत्येक पूर्णिमा एवं शिवरात्रि के अवसर पर सुल्तानगंज से बाबा धाम, देवघर तक 105 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर जलाभिषेक करते आ रहे हैं। इस वर्ष उन्होंने बाबा अमरनाथ व मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के उपरांत, अपने 25 वर्षों की साधना व अनुभव के बल पर आंखों में पट्टी बांधकर बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाने का संकल्प लिया है। इस जानकारी से कुम्हार समाज में हर्ष का वातावरण बना हुआ है। इस उपलब्धि को देखते हुए कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट, लोहरदगा द्वारा जिला अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महेंद्र प्रजापति को पगड़ी पहनाकर, दुर्गा सप्तशती की पुस्तक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पीडीजे ने अधिवक्ताओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक की

**लोहरदगा।** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा ने कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्ताओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक की। जिसमें डालसा सचिव श्री राजेश कुमार, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डिप्टी चीफ उमेश कुमार, नारायण साहू, असिस्टेंट इंद्राणी कुजूर, भूपेंद्र कुमार, सुदामा साहू उपस्थित थे। इस दौरान अंडर ट्राइल प्रिजनर को लेकर चर्चा की गई। साथ ही बंदियों के मामले पर आगे की कार्रवाई पर जानकारी लेते रहने की बात कही गई। इसके पूर्व डालसा सचिव, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डिप्टी चीफ उमेश कुमार, असिस्टेंट इंद्राणी कुजूर और भूपेंद्र कुमार ने मंडल कारा का निरीक्षण किया।

## सांसद की अनुशंसा पर प्रमाणिकडीह और प्रतापपुर में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर



**जमुआ।** जमुआ प्रखंड के प्रतापपुर और प्रमाणिकडीह में कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी की अनुशंसा पर सांसद सेवा रथ के द्वारा बुधवार को निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 75मरीजों की मेडिकल चेकअप के बाद डॉ शमशेर आलम ने उन्हें दवाएं दी और जरूरी परामर्श भी दिया। इस मौके पर भाजपा की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऊषा कुमारी ,सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव,महिल मोर्चा की नगर अध्यक्ष पुष्पा वर्मा,जिला कार्यकारिणी सदस्य संदीप कुमार,भाजपा नेता प्रकाश यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी.पी एम आवास,कुसुम योजना,जल नल योजना,पीएम किसान सम्मान योजना,मुद्रा लोन के बाबत ग्रामीणों को बताया.कैंप का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र प्रमाणिकडीह में किया गया। प्रतापपुर में भी कैंप का आयोजन किया गया।

## तंबाकू के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

नीवन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण कोषांग रामगढ़ के निर्देशानुसार रजरप्पा मंदिर परिसर में कोटपा 2003 अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री एवं जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया ।छापेमारी के दौरान रेस्टुरेंट एवं होटल में धूम्रपान निषेध साइनेज नहीं होने के कारण अर्थदंड लगाया गया। साथ ही उन्हें प्रोटोटाइप देकर लगवाया गया। साथ ही बताया ही बताया गया कि किसी भी होटल या रेस्टोरेंट में कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करने के प्रति उल्लंघनकर्ता को 1000 रुपए का अर्थ दंड लगाया जाएगा। साथ ही पान दुकानदार को साइनेज 6ए नहीं होने के कारण अर्थदंड लगाया गया। तंबाकू दुकानदार को साइनेज लगा कर तंबाकू बेचा जाना है उल्लंघन करने पर 1000 रूपये तक अर्थदंड लगाया जाएगा । किसी भी दुकानदार को खुला हुआ सिगरेट नहीं बेचना है उल्लंघन करने पर अर्थदंड लगाया जाएगा। साथ ही 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू का कोई भी सामान नहीं बेचा जाना है। छापेमारी के दौरान कुल 9 दुकानदारों से कुल 2600 रूपये अर्थदंड लगाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा कर्मी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में उतरे फॉरवर्ड ब्लॉक कार्यकर्ता, कहा

## मोदी सरकार मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस ले

एजेंसी




**बेंगाबाद ।** बुधवार 9 जुलाई को आहूत देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने बेंगाबाद की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और मोदी सरकार से द्वारा लाए गए मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस लेने सहित कई मांगों को रखा। कार्यक्रम की अगवाई करते हुए बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक नेता राजेश यादव ने कहा कि, मोदी सरकार सत्ता में आने के समय से ही लगातार किसान-मजदूरों के खिलाफ काम कर रही है। एक-एक कर सार्वजनिक उपक्रम बेचे जा रहे हैं। युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा। किसानों के खिलाफ काले कानून लाए जिसे आंदोलन के बल पर वापस कराया गया। अब मजदूरों के खिलाफ चार लेबर कोड लागू किया गया है, जो मजदूरों को पूंजी के शोषण के अधीन करने के लिए है। इसे देश का मजदूर वर्ग कभी स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि, आज के आंदोलन के जरिए सभी मजदूरों के लिए न्यूनतम 26000 रुपए प्रतिमाह वेतन/मजदूरी निर्धारित करने, सबों को मुफ्त शिक्षा-चिकित्सा-आवास की सुविधा उपलब्ध कराने, किसानों के लिए एमएसपी लागू करने, देश के संविधान के मूलभूत मूल्य पर हमले बंद करने, अभिव्यक्ति के अधिकार और विचारों की असहमति पर कुठाराघात बंद करने सहित अन्य मांग किए गए। साथ ही, स्थानीय सवालों के तहत ग्रामीण क्षेत्र की सभी पे जलापूर्ति योजनाओं को तत्काल चालू करने, राशन चोरी बंद कर गरीबों को मिलने वाला अतिरिक्त 3 माह का राशन वितरण करने, बंद किए गए सभी सरकारी स्कूलों को चालू करने, माफियाओं द्वारा गरीबों को भूदान में मिली जमीन की लूट बंद कर उन्हें भूमिहीनों के हवाले करने सहित अन्य मांगे किए गए। यह भी ऐलान किया गया कि जन सवालों पर संघर्ष तेज किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, चोवा रजक, राजू पासवान, उमेश यादव, देवी, चंपा देवी, भूदाली पंडित, गजाधर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को बैठक आयोजित करने के उद्देश्य के प्रति जानकारी दी गई। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया की मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ाने तथा इसकी विश्वसनीयता में सुधार लाने के लिए रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सदस्य, सचिव, प्रतिनिधि, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के साथ अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित बूथ लेवल एजेंट नामित करने एवं इसकी प्रति जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक के दौरान अपॉइंटमेंट ऑफ बूथ लेवल एजेंट से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### दलमा शिव मंदिर में अब नहीं लगेगा एंट्री शुल्क

**पूर्वी सिंहभूम।** सावन माह में दलमा शिव मंदिर जाने वाले भक्तों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार ने बुधवार को फैसला किया है कि सावन भर किसी भी श्रद्धालु से एंट्री शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस निर्णय के बाद हिंदू संगठनों और भाजपा की ओर से चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शन समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। वन विभाग के डीएफओ शब्बा आलम ने बताया कि सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश मिला है कि दलमा वन आश्रयणी के रास्ते भगवान शिव के दर्शन के लिए जाने वाले किसी भी भक्त से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। श्रद्धालु चाहे पैदल यात्रा करें या वाहन से जाएं, किसी भी तरह का शुल्क नहीं लगेगा। डीएफओ ने कहा कि यह आदेश बुधवार से ही प्रभावी हो गया है।

### पीवीटीजी समुदाय के लिए विशेष आधार पंजीकरण अभियान प्रारंभ

**गुमला।** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के सभी पीवीटीजी पंचायतों में आज से विशेष आधार पंजीकरण शिविरों की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय के हर नागरिक तक आधार सुविधा पहुंचाना और संबंधित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। यह अभियान 16 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों के चिन्हित पंचायत भवनों में संचालित किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि इन शिविरों के माध्यम से शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविर के पहले दिन घाघरा प्रखंड के आदर, रुकी और दीरगांव पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए।

## रामेश्वर महतो ने स्थानीय विधायक को सौंपा आवेदन पत्र

नवीन मेल संवाददाता



**डुमरी।** जेएलकेएम नेता रामेश्वर महतो ने बुधवार को स्थानीय विधायक जयराम महतो को एक पत्र देकर एसडीएम एवं बीडीओ का पद प्रभार में रहने से क्षेत्र के लोगों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए दोनों पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति कराने के दिशा में सार्थक पहल करने की अपील की है। पत्र में लिखा है कि एसडीएम का पद पिछले 6 माह से रिक्त है जबकि बीडीओ का पद भी पिछले 1 माह से रिक्त है।इन महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों के रिक्त रहने से डुमरी प्रखंड के ग्रामीणों एवं आम जनता को सरकारी योजनाओं,प्रमाण पत्रों,विकास कार्यों तथा दैनिक प्रशासनिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनता को बार-बार प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं परंतु पदाधिकारी के अभाव में उनके कार्य लंबित रह जाते हैं।

## बारिश से आम जनजीवन हुआ प्रभावित



**गांडेय(गिरिडीह)।** कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से लोगों का जन जीवन पूरी तरह से बाधित हो गई है। दैनिक मजदूरों को बारिश के वजह से काम नहीं मिल रहा है जिससे मजदूर वर्ग के लोगों को आर्थिक संकट का सम्मान करना पड़ रहा है ।प्रखंड के किसानों को लागतार बारिश से कई फसलों का नुकसान उठाना पड़ा हे ।किसानों ने मक्का , मूंग अरहर ,की खेती की बुवाई नहीं कर पाई है ।जिस से किसानों को हज़ारों की नुकसान हुआ बुधवार को गांडेय बाजार में हो रही भारी बारिश के कारण वर्षा का जल घर में प्रवेश कर रहा था जिसे गृह स्वामी द्वारा जल को घर से बाहर निकलने का प्रयास किया जा रहा था बारिश से आम जीवन प्रभावित हो रहा है ।

### भारी बारिश ने किया बेघर

**डुमरी।** प्रखंड के लक्ष्मणटुंडा निवासी काछो साव उर्फ जागेश्वर साव एवं बासुदेव साव की कच्चा घर बीती रात्रि भारी बारिश के कारण गिर गया। इस घटना में घर के अंदर सोये हुए दोनों परिवार के सदस्य बाल बाल बच गये। घर गिरने से घर में रखे खाद्य सामग्री सहित अन्य सामग्री बर्बाद हो गया। सूचना पाकर जिप सदस्य सुनीता कुमारी बुधवार को पीड़ित परिवार से मिल हुए नुकसान की जानकारी ली।




कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 15/2025–26

दिनांक 15/07/2025

मद का नाम :– राज्य आयोग मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बड़कागांव | चन्दौल | चंदौल में पंचायत भवन का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 200000.00 | एक वर्ष |
| 2 | बड़कागांव | बड़कागांव पूर्वी | बड़कागांव पूर्वी में पंचायत भवन का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 200000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 21.07.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 22.07.25 से 05.08.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.08.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 357482 (District) 25-26 (D)



कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

आवेदन आमंत्रण (आम सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है–

| क0 सं0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना इकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य नाव (सं0 में) | 19 | 30000/– (प्रति नाव) | 3000/– (प्रति नाव) | |
| 2 | वर्ष–2020–21 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 15 | 22650/– (प्रति इकाई) | 7550/– (प्रति इकाई) | अनुदान 75% |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटर चालित नाव (सं0 में) | 1 | 372600/– (प्रति इकाई) | 41400/– (प्रति इकाई) | अनुदान 90% |
| 4 | केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 4 | 540900/– (प्रति केज हाउस) | 60100/– (प्रति केज हाउस) | अनुदान 90% |
| 5 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 20 | 25000/– (प्रति केज) | 10000/– (प्रति केज) | |
| 6 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) | 50 | 25000/– (प्रति यूनिट) | – | |
| 7 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ सदस्यों के लिए गिल नेट (अधिकतम 05 कि0ग्रा0) | 37 | 2655/– (प्रति लाभुक) | 295/– (प्रति लाभुक) | अनुदान 90% |
| 8 | नया रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) (40 मीटर x 05 मीटर) | 8 | 86000/– (प्रति 40 मी0 x 05 मी0) | – | |
| 9 | मछली–सह–बत्तख पालन (यूनिट में) | 5 | 122680/– (अ0ज0जा0, अ0ज0 एवं महिला कोटि) | 30670/– | अनुदान 80% |
| | | | 107345/– (अन्य कोटि) | 46005/– | अनुदान 70% |
| 10 | तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन(एकड़ में) | 125 | 1875/– (अधिकतम) | – | |
| 11 | 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 93 | 17500/– अधिकतम (700 कि0ग्रा0) | – | |
| 12 | झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 115 | 25/–रू0 कि0ग्रा0 | – | |
| 13 | 2mm से बड़े 4mm तक के फ्लोटिंग फीड का क्रय | 160 | 30000/– अधिकतम (1200 कि0ग्रा0) | – | |
| 14 | फ्लोटिंग जेट्टी | 1 | 14.36 लाख | – | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुकों से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 01.08.2025 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेष जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। क्रम सं0 3, 4, 5, 6 एवं 8 के लाभुकों को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी तथा लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर उक्त खातें में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा करने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जायेगा। तत्पश्चात संपूर्ण राशि एजेंसी/आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में एक मुश्त हस्तांतरित की जायेगी। सभी योजनाओं में दिव्यांगों को 3% तक का लाभ दिया जायेगा।

PR.NO.357440 Fish(25-26):D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार ज़रूर होगा। **- रवींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

### अंतरिक्ष से धरती तक मानव जीवन अध्ययन

बहुत से लोग शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर टिप्पणी कर रहे हैं और इसे पैसे की बर्बादी तक बता रहे हैं पर वे जान बूझकर एजेंडा के तहत भ्रम फैला रहे हैं क्योंकि हर सक्षम देश इन प्रयोगों और शोध का महत्व समझते हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने मिशन के दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने जो वैज्ञानिक प्रयोग किए, वे न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान समुदाय के लिए भी नई दिशा के संकेत हैं। शुभांशु ने आईएसएस में माइक्रो ग्रैविटी पर भारत के नेतृत्व वाले सात प्रयोग किए। इनमें मूंग और मेथी के बीज का अंकुरण (रविकुमार होसमणि और सुधीर सिद्धापुरेडी के नेतृत्व में), साइनोबैक्टीरिया और सूक्ष्म शैवाल पर शोध और स्टेम सेल अनुसंधान शामिल थे। नासा के अनुसार, अंतरिक्ष में मानव शरीर की प्रतिक्रियाएं, कोशिकाओं की जैविक क्रिया और स्वचालित स्वास्थ्य निगरानी जैसे क्षेत्रों से जुड़े प्रयोग किए गए थे। ये प्रयोग भविष्य में चंद्रमा, मंगल और लंबे स्पेस अभियानों के लिए नींव तैयार कर सकते हैं। इन प्रमुख प्रयोगों में शुभांशु की अग्रणी भूमिका रही। शुभांशु ने एक्सिओम की मुख्य वैज्ञानिक लुसी लो के साथ बातचीत में इसरो के सहयोग से हुए शोध पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों और स्टेम समुदायों के साथ भी बातचीत की। शुभांशु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इसरो केंद्रों से शौकिया रेडियो के माध्यम से भी जुड़े। उन्होंने पानी के साथ एक शून्य-गुरुत्वाकर्षण प्रदर्शन भी किया, जिसमें एक तैरता हुआ पानी का बुलबुला बनाया और मजाक में खुद को वाटर बेंडर कहा। स्टेम सेल डिफरेंशिएशन इन माइक्रो ग्रेविटी प्रयोग के अंतर्गत शुभांशु ने अंतरिक्ष में मानव स्टेम सेल को विशिष्ट ऊतकों जैसे हृदय और मस्तिष्क कोशिकाओं में बदलने की प्रक्रिया का अध्ययन किया। माइक्रो ग्रेविटी में जैविक विभेदन की इस क्षमता का उपयोग भविष्य में कैंसर और न्यूरो संबंधी रोगों के इलाज में हो सकता है। शुभांशु ने बताया था कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं होने से मांसपेशियों का क्षरण होता है। हमारा प्रयोग है कि क्या कोई सप्लीमेंट देकर इसे रोका जा सकता है। इसका फायदा पृथ्वी पर रहने वाले उन लोगों को भी होगा, जिनमें उम्र बढ़ने की वजह से मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। आईएसएस पर विशुद्ध प्रोटीन अणुओं को क्रिस्टल के रूप में जमाकर यह परीक्षण किया गया कि उनकी संरचना अंतरिक्ष में कैसे अधिक स्थिर होती है। यह दवाओं के विकास व सटीक फार्मास्युटिकल डिजाइन के क्षेत्र में बड़ी छलांग माना जा रहा है। यह विशेष रूप से भारत प्रायोजित प्रयोग था जिसमें भारतीय मूल के आंतों के जीवाणु (माइक्रोबायोम) को माइक्रो ग्रैविटी में रखकर यह देखा गया कि उनकी प्रतिरक्षा क्षमता और संरचना पर क्या असर होता है। मिशन के दौरान शुभांशु ने एक ऑटोमेटेड मेडिकल स्कैनिंग सिस्टम का प्रयोग किया जो धड़कन, तापमान, और रक्तचाप जैसे संकेतों को रियल टाइम में रिकॉर्ड करता था। यह अंतरिक्ष में डॉक्टर की अनुपस्थिति में स्वास्थ्य प्रबंधन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।स्पेस हाइड्रोपोनिक्स पर आधारित इस प्रयोग में शुभांशु ने आईएसएस के 'वेजी लैब' में पौधों की वृद्धि और प्रकाश संश्लेषण की दर की निगरानी की। इसका लक्ष्य भविष्य में स्पेस फार्मिंग और मंगल कृषि की व्यावहारिकता को परखना था।

*शुभांशु ने आईएसएस में माइक्रो ग्रैविटी पर भारत के नेतृत्व वाले सात प्रयोग किए।*

---

मधुमेह और आहार

# संतुलित जीवनशैली है आसान राह

आज के समय में मधुमेह यानी डायबिटीज़ एक बहुत ही सामान्य लेकिन गंभीर बीमारी बन चुकी है। हर परिवार में कोई न कोई व्यक्ति इस बीमारी से जूझ रहा है। यह बीमारी तब होती है जब हमारे शरीर में इंसुलिन हार्मोन सही तरीके से काम नहीं करता और खून में ग्लूकोज़ का स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है। मधुमेह के साथ जीवन जीना संभव है, लेकिन इसके लिए सही जानकारी, संतुलित आहार और नियमित जीवनशैली का पालन बहुत आवश्यक है।



### मधुमेह और पोषण का संबंध

डायबिटीज़ के प्रबंधन में पोषण का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। केवल दवाइयाँ लेने से डायबिटीज़ नियंत्रण में नहीं रहती, जब तक हम अपने भोजन की गुणवत्ता, मात्रा और समय का ध्यान न रखें। एक संतुलित और पौष्टिक आहार न केवल ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है, बल्कि हृदय, किडनी, आंखों और त्वचा जैसी अन्य समस्याओं से भी बचाता है।

### मोटापा और डायबिटीज़

बहुत सारे डायबिटिक मरीज मोटापे से भी ग्रसित होते हैं। मोटापा डायबिटीज़ का एक प्रमुख कारण भी है। शरीर में अधिक वसा होने से इंसुलिन का असर कम हो जाता है और ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है। ऐसे लोगों को विशेष ध्यान देना चाहिए कि वे धीरे-धीरे वजन घटाएं, लेकिन भूखे रहकर नहीं, बल्कि संतुलित आहार अपनाकर। वजन कम करने से ब्लड शुगर भी नियंत्रण में आ जाता है और दवाओं की ज़रूरत कम हो सकती है।

### संतुलित आहार का महत्व

संतुलित आहार का मतलब है ऐसा भोजन जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व – कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, फाइबर, विटामिन और खनिज – उचित मात्रा में हों। डायबिटिक व्यक्ति को किसी भी खाद्य समूह को पूरी तरह से छोड़ने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि संतुलन और मात्रा का ध्यान रखना होता है।

### प्लेट विधि

डायबिटीज़ रोगियों के लिए "प्लेट पद्धति" बहुत ही सरल और प्रभावी तरीका है भोजन को संतुलित करने का। इस पद्धति में एक सामान्य थाली को तीन भागों में बांटा जाता है:-

1. आधा भाग (50%) में हरी पत्तेदार सब्जियाँ और अन्य फाइबर युक्त सब्जियाँ जैसे लौकी, तोरई, पालक, मेथी, करेला, परवल, टिंडा, पत्ता गोभी आदि।
2. एक चौथाई भाग (25%) में प्रोटीन स्रोत रखें – जैसे मूंग दाल, चना, पनीर, अंडा (यदि अनुमति हो), दही (कम फैट वाला) और छाछ।
3. बाकी का एक चौथाई भाग (25%) में अच्छे कार्बोहाइड्रेट जैसे बाजरा, जौ, रागी, दलिया, ब्राउन राइस या मल्टीग्रेन रोटी शामिल करें। इस थाली के साथ एक कटोरी दही और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

### अनाजों का चुनाव – मोटे अनाज और मिलेट्स

आजकल मोटे अनाज या "मिलेट्स" जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, कुटकी, कोदो, सावां आदि को फिर से अपनाया जा रहा है। ये डायबिटिक मरीजों के लिए बहुत लाभदायक हैं क्योंकि इनमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है और ये धीरे-धीरे शुगर को बढ़ाते हैं। मिलेट्स में फाइबर अधिक होता है, जिससे पेट देर तक भरा रहता है और वजन भी नियंत्रित रहता है। लेकिन ध्यान रहे कि इन्हें भी मध्यम मात्रा में लेना चाहिए, क्योंकि अधिक मात्रा में लेने से कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ सकती है।

आज की बात



**डाइटीशियन रानी शर्मा**
डायबिटीज़ व वजन नियंत्रण पोषण विशेषज्ञ

### कौन-कौन से खाद्य समूह लिए जा सकते हैं?

1. **कार्बोहाइड्रेट :** जैसे ब्राउन राइस, ओट्स, जौ, दलिया, रागी, बाजरा। सफेद चावल और मैदे से बने उत्पादों से बचें।
2. **प्रोटीन :** मूंग दाल, चना, लो फैट पनीर, टोफू, दही, छाछ, अंडा। प्रोटीन मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और ब्लड शुगर को स्थिर रखता है।
3. **सब्जियाँ :** ज्यादातर सब्जियाँ डायबिटिक मरीजों के लिए सुरक्षित होती हैं। जैसे पालक, पत्ता गोभी, ब्रोकली, लौकी, करेला, परवल, शिमला मिर्च, खीरा, टमाटर, गाजर (मात्रा में)। आलू और मटर सीमित मात्रा में ही लें।
4. **फल :** सेब, अमरूद, पपीता, नारंगी, जामुन, कीवी। आम, अंगूर, चीकू, केला जैसी मीठी चीजें कभी-कभार ही और सीमित मात्रा में लें।
5. **दूध व डेयरी उत्पाद :** लो-फैट दूध, दही, छाछ, पनीर। क्रीम, मावा, मिठाइयों से बचें।
6. **वसा :** सरसों का तेल, तिल का तेल, मूंगफली का तेल – सीमित मात्रा में। तले हुए और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ न खाएं।

### दिनचर्या में सुधार

भोजन के अलावा जीवनशैली में बदलाव भी बहुत ज़रूरी है।

रोज़ाना 30–45 मिनट वॉक करें – तेज़ चलना ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है। योग और प्राणायाम करें – तनाव कम होता है और इंसुलिन का असर बढ़ता है। समय पर खाएं और ओवरईटिंग न करें।

रात का भोजन हल्का और सोने से 2 घंटे पहले करें। भरपूर नींद लें और तनाव कम करें।

### भोजन का समय और मात्रा

मधुमेह के रोगी को दिन में 3 मुख्य भोजन (नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का भोजन) के साथ 2–3 छोटे स्नैक्स लेने चाहिए। यह ब्लड शुगर को स्थिर रखने में मदद करता है। भोजन की मात्रा व्यक्ति की उम्र, वजन, गतिविधि और शुगर की स्थिति पर निर्भर करती है। बेहतर होगा कि डायटीशियन की सलाह से अपने लिए एक व्यक्तिगत भोजन योजना बनवाएं।

### निष्कर्ष

डायबिटीज़ कोई ऐसी बीमारी नहीं है जिससे डरने की ज़रूरत हो, लेकिन यह एक ऐसी स्थिति है जिसे पूरी समझदारी और आत्म-नियंत्रण से संभालना पड़ता है। यदि आप संतुलित और पौष्टिक आहार अपनाते हैं, नियमित व्यायाम करते हैं और सकारात्मक सोच रखते हैं, तो आप एक सामान्य और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। अपने भोजन को समझदारी से चुनें, हर निवाले में सेहत हो — यही आपकी लंबी और खुशहाल जिंदगी की कुंजी है। स्वस्थ रहें, जागरूक रहें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

### मौत का एक दिन मुकर्रर है

मौत का एक दिन मुकर्रर है मौत सबको आएगी अमर कोई नहीं रहा। आधुनिक मानव जर, जोरू, जमीन के लिए अपनों का खून कर रहा है रिश्तों का कत्लेआम कर रहा हैं। खुनी रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं। इंसान क़ो कोई नहीं गिरा सकता इंसान ही इंसान क़ो गिरा रहा है। खुनी रिश्ते दरक रहे हैं इन रिश्तों क़ो बचाना चाहिए। अपने ही काम आते हैं दूसरे तमाशा देखते हैं। आज हालात बहुत ही खराब होते जा रहे हैं लोग सोशल मीडिया व व्हाट्सप्प पर व्यस्त रहते हैं चौबीस घंटे भी कम पड़ते जा रहे हैं अपनों के लिए समय ही नहीं हैं समय का अभाव होता जा रहा हैं। अपनों से मनमुटाव हैं मगर सात समंदर पार अजनवी के लिए समय ही समय हैं अपनों का कभी हाल नहीं पूछते लेकिन अजनबी लोगों की पल पल की खबर ली जाती हैं अपना आस पड़ोस ही काम आएगा विदेशी नहीं काम आएगा। आज लोग एक दूसरे से बेबजह ही दुश्मनी रखते है। किसी का आदर सम्मान नहीं करते उल्टा अपमान करते है। आदमी क़ो अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए क्यूंकि अतीत की परछाईयां मरते दम तक पीछा करती हैं। गरीबों का हक छिना जा रहा हैं लेकिन जब गरीब की बद्दुआ लगती है तो लोहा भी भस्म हो जाता हैं इसलिए गरीब क़ो मत सताओ। ईश्वर सजा जरूर देता हैं। आज मानव दिन रात अकूत धन कमा रहा हैं लेकिन पल भर की खबर नहीं है। आज लोग दूसरों के रास्ते में कांटे बिछाते हैं लेकिन एक दिन ऐसे लोगों क़ो उनके कर्मो की सजा जरूर मिलती हैं कर्म अनिश्चित हैं लेकिन फल निश्चित हैं। मानव क़ो ऐसे कर्म करने चाहिए की समाज याद कर सके। ऐसे लोगों की सहायता कीजिए जो जरूरत मंद हैं। वक़्त एक जैसा नहीं रहता राज क़ो रंक बनने में एक पल नहीं लगता अहंकार त्याग देना चाहिए। आदमी ताउम्र साम, दाम, दंड, भेद, जैसे हथकंडे अपनाकर पैसा इकट्ठा कर रहा हैं। आज लोग संवेदनहिन हो गया हैं कौन जी रहा कौन मर रहा कोई सरोकार नहीं है।संवेदना मृतप्राय हो चुकी हैं। आधुनिक मानव स्वार्थ व मतलब तक सीमीत हो गया है। यह बहुत ही त्रासदी है। संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है। नैतिक मूल्यों का पतन हो चूका है। नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं है लोग नैतिकता की अदालत में हार् रहे हैं। समाज के बुद्धिजीवी लोगों क़ो मंथन करना होगा नैतिक मूल्य क़ो बरकरार रखना होगा तभी समाज में नैतिकता बनी रहेगी। मंज़िल सबकी मौत है फिर यह नफ़रत, भेदभाव क्यों यह मोह माया क्यों जब पता है की एक दिन इस नशवर संसार से रुख़सत होना है तो यह गिले शिकवे क्यों। मानव ताउम्र भटकता रहता है धनलीपसा में मशगुल रहता हैं उल्टा सीधा काम करके माया क़ो इक्क्ठा कर रहा है आदमी क़ो पता है की यहाँ क़ोई अमर नहीं है। अच्छे कर्म कीजिए यही असली कमाई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात




**नरेंद्र भारती**

---

## निरंकुश अभिव्यक्ति से जुड़े सुप्रीम फैसलों का स्वागत हो

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति की सुनवाई करते हुए समय-समय पर जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वहीं एक संतुलित एवं आदर्श राष्ट्र एवं समाज व्यवस्था का आधार भी है। सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) नागरिकों को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' देता है, इसके तहत प्रत्येक नागरिक को विचार, वाणी, लेखन, चित्रण आदि के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन आज इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं जिस प्रकार सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय बन चुकी हैं। इसलिए आज जरूरत है विचार संयम और वाणी संयम की। इसीलिये अनुच्छेद 19(2) इसके कुछ 'उचित प्रतिबंध' भी निर्धारित करता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, राज्य की अखंडता, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अश्लील या अनैतिक भाषण, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसावा एवं अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों से जुड़ी अराजकता पर प्रतिबंध, इन प्रतिबंधों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्रता का उपयोग अनुशासन और राष्ट्रीय हितों की मर्यादा में हो। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



देश की बात



**ललित गर्ग**

---

फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

बिना बात के रूठना, बिना बात अलगाव।
कितनों के दिल में यहाँ, जलता रहा अलाव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

---

## आकंड़ों में दबती ममता : मातृ मृत्यु दर में देश में अव्वल मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश, जहां मातृत्व का पवित्र बंधन जीवन का अनमोल आशीर्वाद है, आज एक दुखद सच्चाई से जूझ रहा है। हर साल लाखों माताएं गर्भावस्था का सफर उम्मीदों और सपनों के साथ शुरू करती हैं, लेकिन कई के लिए यह अधूरा रह जाता है। मां की गोद, जो जीवन का प्रतीक होनी चाहिए, कभी-कभी मौत की ठंडी चादर से ढक जाती है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर देश में सर्वाधिक है-प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 159, जो राष्ट्रीय औसत 88 से कहीं अधिक है। यह आंकड़ा न केवल चिंताजनक है, बल्कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे पर गंभीर सवाल उठाता है। उच्च शिशु मृत्यु दर के बोझ तले दबा मध्य प्रदेश अब मातृ मृत्यु दर में भी शीर्ष पर है। यह त्रासदी माताओं और उनके परिवारों के साथ-साथ पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है कि हमें अपनी प्राथमिकताओं और व्यवस्थाओं को तुरंत सुधारना होगा। एसआरएस 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 159 प्रति लाख जीवित जन्मों पर आई है-14 अंकों की कमी। यह प्रगति सराहनीय है, मगर यह कटु सत्य कि प्रदेश अभी भी देश में सर्वाधिक मातृ मृत्यु दर के साथ शीर्ष पर है, हमें गहरे चिंतन के लिए विवश करता है। हर साल, करीब 20 लाख गर्भवती महिलाओं में से 3100 से अधिक अपने नवजात के जन्म के 42 दिनों के भीतर जीवन से हाथ धो बैठती हैं। यह आंकड़ा महज संख्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की टूटी उम्मीदों और अपूरणीय क्षति की मार्मिक कथा है। ये माताएं केवल अपने बच्चों का भविष्य नहीं, बल्कि समाज की आधारशिला हैं। उनकी मृत्यु सिर्फ व्यक्तिगत शोक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक ताने-बाने का विघटन है। मातृ मृत्यु के पीछे प्रमुख कारण स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और उनकी निम्न गुणवत्ता है। प्रदेश के लेबर रूम और मैटरनिटी ऑपरेशन थिएटर (ओटी) अक्सर अपर्याप्त और असुविधाजनक हैं। उदाहरणस्वरूप, लेबर रूम के लिए निर्धारित 152 अंकों के मूल्यांकन में कई अस्पताल 30 से 95 प्रतिशत के बीच ही स्कोर कर पाते हैं, जो बुनियादी सुविधाओं और मानकों के अभाव को उजागर करता है। इसके अलावा, गायनकोलॉजिस्ट, एनेस्थीसिया विशेषज्ञों और शिशु रोग विशेषज्ञों की भारी कमी के चलते सीजेरियन डिलीवरी जैसी आपातकालीन सेवाएं कई अस्पतालों में अनुपलब्ध हैं। प्रदेश में फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू), जहां सीजेरियन सुविधा अनिवार्य है, मात्र 150 के आसपास हैं-यह संख्या इतनी कम है कि अधिकांश गर्भवती महिलाएं समय पर इन तक नहीं पहुंच पातीं। मातृ मृत्यु के प्रमुख कारणों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप और प्रसवोत्तर रक्तस्राव (पीपीएच) हैं-ऐसी समस्याएं, जिन्हें समयबद्ध और प्रभावी चिकित्सा हस्तक्षेप से रोका जा सकता है। किंतु मध्य प्रदेश में प्रसव पूर्व जांचों की गुणवत्ता और उपलब्धता गंभीर रूप से अपर्याप्त है। अक्सर गर्भवती महिलाओं की नियमित जांचें लापरवाही का शिकार हो जाती हैं। उदाहरण के लिए, रक्तचाप की जांच के नाम पर केवल 120/80 लिखकर खानापूरी कर दी जाती है, जबकि वास्तव में महिला का रक्तचाप खतरनाक स्तर पर हो सकता है। हीमोग्लोबिन की जांच भी प्रायः उपेक्षित रहती है, जिसके चलते प्रसव के समय एनीमिया की गंभीर स्थिति सामने आती है। जब कोई प्रसूता अस्पताल पहुंचती है, तो उसका हीमोग्लोबिन स्तर तीन-चार ग्राम तक गिर चुका होता है, जिससे उसका जीवन बचाना लगभग असंभव हो जाता है। यह स्थिति न केवल चिकित्सा सुविधाओं की कमी को उजागर करती है, बल्कि स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही और प्रशिक्षण की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) जैसे कार्यक्रमों के बावजूद, मध्य प्रदेश में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में क्षेत्रीय असमानताएं चिंताजनक रूप से स्पष्ट हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी, और आपातकालीन प्रसूति देखभाल तक पहुंच की अनुपस्थिति मातृ मृत्यु दर को बढ़ाने वाले प्रमुख कारक हैं। उदाहरण के लिए, ग्रामीण प्रसूताओं को अक्सर उचित परिवहन के बिना लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय पर चिकित्सा सहायता मिलना दुरूह हो जाता है। इसके उलट, शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं अपेक्षाकृत बेहतर हैं, पर वहां भी संसाधनों और विशेषज्ञों की कमी बाधा बनी हुई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान को मिली **शानदार प्रगति...**

# 1.4 लाख नए प्रधानमंत्री जन धन योजना खाते खोले गए

**नई दिल्ली। एजेंसी**

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) जैसी प्रमुख योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक तीन महीने का पूरे देश में चलने वाला संतृप्ति अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में व्यापक कवरेज प्राप्त करना है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक पात्र नागरिक इन परिवर्तनकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ उठा सकता है।

1 जुलाई को अभियान की शुरुआत के बाद से, प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के नामांकन को सुगम बनाने और वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न जिलों में कुल 43,447 शिविर आयोजित किए गए। अब तक 31,305 शिविरों की प्रगति रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है।



- **1 जुलाई से देश के विभिन्न जिलों में 43,447 शिविर लगाए गए**
- **3 जन सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 5.4 लाख से अधिक नए नामांकन हुए**

**पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत निपटाए गए दावे:** 1,665 डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता पर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, दावा न की गई जमाराशियों तक पहुंच और मौजूदा शिकायत निवारण। यह अभियान 30 सितंबर 2025 तक चलेगा और लगभग 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और यूएलबी को कवर करेगा। यह औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच के माध्यम से अंतिम छोर तक वित्तीय सशक्तिकरण सुनिश्चित करने और सामाजिक-आर्थिक समावेशन को बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत सरकार की वित्तीय समावेशन (एफआई) पहल, औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक समान पहुंच को सुगम बनाकर आर्थिक और सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की आधारशिला का काम करती है। इन पहलों का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित व्यक्तियों को मुख्यधारा की बैंकिंग के दायरे में लाना है, जिससे समावेशी और सतत आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

## 17 जिलों के जनजातीय समुदायों के 2,000 व्यक्तियों की होगी जीनोम सीक्वेंसिंग



**गांधीनगर (आईएएनएस)**

फार्मास्यूटिकल्स और रसायन क्षेत्रों के बाद गुजरात ने अब जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी प्रगति की है। गुजरात में जनजातीय क्षेत्रों के नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना शुरू की गई है। इस तरह का प्रोजेक्ट लॉन्च करने वाला गुजरात पहला राज्य है। जनजातीय मामलों के मंत्री डॉ. कुबेरभाई डिंडोर ने इस उपलब्धि की जानकारी दी है। गांधीनगर में जनजातीय विकास मंत्री डॉ. कुबेरभाई डिंडोर और राज्य के आदिवासी विकास मंत्री कुंवरजी हलपति की अध्यक्षता में आदिवासी जीनोम परियोजना पर एक संवाद आयोजित किया गया। मंत्री डिंडोर ने कहा, "यह परियोजना विज्ञान और परंपरा के बीच सेतु के रूप में आदिवासी समुदाय के समृद्ध और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक नया माइलस्टोन साबित होगी। यह परियोजना जनजातीय नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। यह परियोजना गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र-जीबीआरसी द्वारा कार्यान्वित की जाएगी। इस परियोजना के तहत गुजरात के 17 जिलों के विभिन्न जनजातीय समुदायों के 2,000 व्यक्तियों का जीनोम सीक्वेंसिंग किया जाएगा।

बालासोर केस

## कांग्रेस ने ओडिशा के सीएम का इस्तीफा मांगा राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

कांग्रेस ने बालासोर की घटना पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का इस्तीफा मांगा है। इसके साथ राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महिला विंग की अध्यक्ष अलका लांबा बुधवार को भुवनेश्वर पहुंचीं, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। अलका लांबा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के तहत ओडिशा महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा है। उन्होंने छात्रा की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही घटना को प्रशासनिक असफलता व जवाबदेही की कमी का नतीजा बताया। अलका लांबा ने कहा कि राज्य मशीनरी पूरी तरह असफल हो गई है। एक लड़की को न्याय मांगने के लिए खुद को आग लगानी पड़ी। मीडिया से बातचीत में अलका लांबा ने कहा, "आज हकीकत यह कहती है कि पूरा ओडिशा बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री (मोहन चरण माझी) अनुभवहीन हैं। यह एक साल में फेल साबित हुए हैं। इन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, "जब कानून-व्यवस्था चरमरा जाए, अपराधी खुलेआम घूमें और पीड़ित न्याय के इंतजार में दम तोड़ दें, तब मुख्यमंत्री का इस्तीफा देना जरूरी होता है।

# भाजपा के भ्रष्टाचार के कारण बर्बाद हो रही है सार्वजनिक व्यवस्था : राहुल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मानसून में हुए कुछ पुल हादसों तथा अन्य बड़ी दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ''भ्रष्टाचार'' के कारण बर्बाद होती सार्वजनिक व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, ''मानसून आया और साथ ही आपके टैक्स के पैसे भी बहा ले गया, भाजपा के भ्रष्टाचार की गंदगी में। हर बार जब कोई पुल गिरता है, हर बार जब कोई सड़क बह जाती है, हर बार जब कोई ट्रेन पटरी से उतरती है समझ लीजिए, ये सिर्फ़ निर्माण की असफलता नहीं, ये आपकी जेब से एक संगठित लूट है। उन्होंने कहा कि हर बार जब हादसे में किसी के प्रिय की जान जाती है और कोई ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाता, तो वो दुर्घटना नहीं, हत्या होती है।

उन्होंने हाल की कुछ प्रमुख दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा, ''हर दिन, हर साल भारत के छोटे गांव से लेकर बड़े शहर तक लोग इस बर्बाद होती सार्वजनिक व्यवस्था का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अब सरकार से जवाब मांगने का वक्त आ गया है। इनकी नाकामी की जवाबदेही तय करने का और उसके नतीजों की ज़िम्मेदारी लेने को मजबूर करने का समय है।

### बीजेपी और चुनाव आयोग एक साथ काम कर रहे, असम में बोले राहुल-



- राहुल गांधी ने मानसून में हुए पुल हादसों और दुर्घटनाओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा।
- **उन्होंने कहा कि ये दुर्घटनाएँ सिर्फ निर्माण की विफलता नहीं, बल्कि भाजपा के भ्रष्टाचार का परिणाम हैं।**
- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, "मानसून आया और साथ ही आपके टैक्स के पैसे भी बहा ले गया।"
- **पुलों के गिरने, सड़कों के बहने और ट्रेनों के पटरी से उतरने को उन्होंने "संगठित लूट" बताया।**

## वोटर लिस्ट से लाखों लोगों को हटाया जा रहा

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में उन्होंने नई वोटर लिस्ट तैयार करनी शुरू कर दी है और उस वोटर लिस्ट में लाख-करोड़ों लोगों को वो हटा रहे हैं। वो गरीबों, मजदूरों, किसानों और कांग्रेस पार्टी और आरजेडी के वोटर को हटा रहे हैं। हम वहां पर आंदोलन कर रहे हैं और दवाब डाल रहे हैं मगर मैं सबको कहना चाहता हूं जो इन्होंने महाराष्ट्र में किया और जो ये बिहार में करने की कोशिश कर रहे हैं वो ये असम में भी करने की कोशिश करेंगे। ये आप सबकी और हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन्हें ये काम नहीं करने देंगे। बीजेपी और चुनाव आयोग आजकल एक साथ काम कर रहे हैं, चुनाव आयोग पूरे तरीके से बीजेपी और उनके नेताओं की बात सुन रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कुछ समय पहले महाराष्ट्र में चुनाव हुआ और वहां बीजेपी ने जबरदस्त तरीके से चीटिंग की।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच चार महीने में एक करोड़ नए मतदाता बने। हमने चुनाव आयोग से पूछा- ये लोग कहां से आए, ये कौन हैं.. हमें वोटर लिस्ट दिखाइए और वीडियोग्राफी दीजिए। लेकिन.. चुनाव आयोग ने हमें आजतक वोटर लिस्ट नहीं दी, उल्टे वीडियोग्राफी से जुड़ा कानून ही बदल दिया। राहुल ने कहा कि आपको सावधान रहना है।

कांग्रेस का बब्बर शेर असम सीएम को जेल भेजेगा

**चायगांव रैली में बोले राहुल गांधी, हिमंता ने पूछा- खुद तो खुद जमानत पर हैं**



असम के चायगांव में एक भाषण में ग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर एक निर्वाचित राज्य प्रमुख के बजाय एक सम्राट की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि ग्रैंड ओल्ड पार्टी का बब्बर शेर उन्हें जेल भेज देगा।

## आरोपी को नहीं पता था उसने फौजा सिंह को टक्कर मारी

### जालंधर हिट एंड रन केस में पुलिस ने कई खुलासे किए



**जालंधर (आईएएनएस)**

114 वर्षीय प्रसिद्ध धावक फौजा सिंह से जुड़े हिट एंड रन मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद जालंधर पुलिस ने अहम खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी को फौजा सिंह के बारे में कुछ नहीं पता था। आरोपी हादसे के कारण डर गया और घटनास्थल से गाड़ी लेकर भागा। आरोपी की पहचान अमृतपाल सिंह ढिल्लों के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 26 साल है। जालंधर के एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा, "आरोपी को घटना के समय नहीं पता था कि उसने फौजा सिंह को टक्कर मारी है। फौजा सिंह को टक्कर मारने के बाद वह मौके से भाग गया। समाचार देखने के बाद उसे पता चला कि जिस व्यक्ति को उसने टक्कर मारी थी, वह फौजा सिंह थे। जालंधर पुलिस ने इस हिट एंड रन मामले को लगभग 30 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ग्रामीण हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि आरोपी अमृतपाल सिंह ढिल्लों कनाडा में काम करता है और 23 जून को अपने घर को बनवाने के लिए भारत लौटा था। आरोपी के पिता का निधन हो चुका है, जबकि उसकी बहन और मां कनाडा में रहती हैं। पुलिस अधिकारी हरविंदर सिंह विर्क के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज और आई विटनेस के आधार पर घटना की जांच की गई। घटनास्थल से गाड़ी के कुछ पार्ट के टुकड़े मिले थे। इन टुकड़ों की टोयटा कंपनी की अलग-अलग एजेंसियों में जांच करवाई गई।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी इक्षचता रहेगी।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मइक्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** 00 अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**तुला :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**धनु :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ।

**मीन :** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

## एयर इंडिया अब गैटविक नहीं हीथ्रो के लिए उड़ान भरेगी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह एक अगस्त से 30 सितंबर तक अहमदाबाद से लंदन के हीथ्रो के लिए तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी। ये उड़ानें गैटविक, लंदन की जगह लेंगी। एयरलाइन इस समय अहमदाबाद-लंदन गैटविक मार्ग पर पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। इसके अलावा, एयर इंडिया ने उन उड़ानों की समय-सारिणी को आंशिक रूप से बहाल करने की घोषणा की है, जिन्हें 12 जून को हुए बोइंग 787-8 विमान हादसे के बाद 'सुरक्षा विराम' के चलते कम कर दिया गया था। एयर इंडिया ने कहा कि कुछ उड़ानें एक अगस्त से बहाल होंगी, जबकि एक अक्टूबर से इन्हें पूरी तरह बहाल करने की योजना है। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि एक अगस्त से 30 सितंबर तक एयर इंडिया अहमदाबाद और लंदन (हीथ्रो) के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी, जो इस समय अहमदाबाद और लंदन (गैटविक) के बीच संचालित होने वाली पांच साप्ताहिक उड़ानों की जगह लेगी।

## मराठी में कराओ अजान, बस बंदूके निकलेंगी नीतीश राणे का ठाकरे को खुला चैलेंज



**मुंबई** । महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर बढ़ते विवाद ने प्रदेश की सियासत में उबाल ला दिया है। पिछले कुछ हफ्तों से हिंदी भाषी लोगों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की तस्वीरें सामने आई हैं। मराठी भाषा के छद्म ठेकेदार हिंदी भाषी लोगों के साथ मारपीट और गाली गलौज कर रहे हैं और उन पर मराठी बोलने का दबाव डाल रहे हैं। पिछले दिनों मराठी भाषा नहीं बोलने पर लोगों की पिटाई की जा रही है। उसे देखने के बाद मानो ऐसा लगता है कि एमएनएस कार्यकर्ता सड़क पर ही मराठी भाषा की पाठशाला चला रहे हैं। अब मंत्री नितेश राणे ने ठाकरे ब्रदर्स को खुला चैलेंज दिया है। नितेश राणे ने अब ठाकरे ब्रदर्स को मदरसों में मराठी में अजान कराने की नसीहत दे डाली है।

## मेघालय : संदिग्ध मवेशी तस्करों के हमले में बीएसएफ के दो जवान घायल



**एजेंसी । शिलांग**

मेघालय के पूर्व जयंतिया हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर संदिग्ध मवेशी तस्करों के हमले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 12 जुलाई की सुबह खासिमारा नदी के पास हुई। मेघालय पुलिस में दर्ज कराई गई एक प्राथमिकी के अनुसार बीएसएफ कर्मियों ने सीमा से लगते बांग्लादेश के हिस्से में लगभग 20 लोगों को 30 से 40 मवेशियों के साथ देखा। प्राथमिकी में कहा गया, ''चेतावनी दिए जाने पर बांग्लादेश के ही 40 से 50 लोगों के एक अन्य समूह की मदद से उपद्रवियों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश की और बीएसएफ कर्मियों पर पथराव किया। इस हमले में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। सीमा सुरक्षा बल ने एक बयान में कहा गया,'' आत्मरक्षा में बीएसएफ के जवानों ने गोलियां चलाईं और हमलावरों को तितर-बितर करने के लिए हवा में भी गोलियां चलाई गईं।'' घटना के बाद उपद्रवी इलाके से भाग गए और बीएसएफ कर्मियों ने 13 मवेशी बरामद किए। मामले की जांच की जा रही है।

## डिटेंशन कैंप में डाल दीजिए... ममता ने बीजेपी को क्या बड़ी चुनौती दे दी



**मुंबई । एजेंसी**

अपनी बंगाली पहचान का राग अलापते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारिश में भीगते हुए भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के कथित उत्पीड़न के खिलाफ कोलकाता में एक विशाल विरोध मार्च निकाला। कोलकाता के मध्य में आयोजित यह विरोध मार्च एकता का भी प्रदर्शन था क्योंकि इसमें अभिषेक बनर्जी सहित सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता शामिल हुए। लगातार बारिश के बीच तृणमूल सुप्रीमो और अन्य नेताओं के तीन किलोमीटर लंबे रास्ते पर बीजेपी, छी छी (शर्म करो बीजेपी) के नारे गूंज रहे थे। लगभग 1,500 पुलिसकर्मी पूरे रास्ते पर पहरा दे रहे थे। रैली के बाद, ममता ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र को चुनौती दी कि वह उन्हें डिटेंशन कैंप में डाल दे। उन्होंने कहा कि मैंने तय किया है कि मैं ज़्यादातर बंगाली में बोलूँगी। मुझे डिटेंशन कैंप में डाल दो। बीजेपी खेला होबे। ज़रा इंतज़ार करो। ओडिशा में प्रवासी मज़दूरों को हिरासत में लेने, भाषाई भेदभाव और दिल्ली में बेदखली अभियान की खबरें टीएमसी और बीजेपी के बीच ताज़ा विवाद का विषय बन गई हैं। इस विरोध मार्च का कारण हाल ही में ओडिशा के झारसुगुड़ा में 444 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की हिरासत थी। टीएमसी का दावा है कि उनमें से 200 बंगाल से आए प्रवासी मज़दूर थे। तृणमूल कांग्रेस ने इस मौके का फ़ायदा उठाने में ज़रा भी देर नहीं की और बंगाली भाषी प्रवासी मज़दूरों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतर आई। बंगाल के लगभग 22 लाख मज़दूर दूसरे राज्यों में काम करते हैं।

ममता ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने एक अधिसूचना जारी की है जिसमें कहा गया है कि संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार करके उन्हें हिरासत शिविरों में रखा जाए।

**हादसा टला** पटना में रनवे टच करके दोबारा उड़ा विमान, 173 यात्रियों बचे

# 4 चक्कर लगाने के बाद दोबारा लैंडिंग



### क्रू मेंबर ने यात्रियों से धैर्य रखने को कहा

यात्रियों को लगा कि कोई विमान रनवे पर होगा या फिर कोई इमरजेंसी हो गई। क्रू मेंबर ने यात्रियों से कहा कि कोई इमरजेंसी नहीं हुई है। तकनीकी कारणों की वजह से विमान को फिर से टेकऑफ किया गया है। चार-पांच मिनट में लैंडिंग हो जाएगी। यात्री धैर्य रखें।

**पटना । एजेंसी**

दिल्ली से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E2482 मंगलवार को पटना एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद दोबारा उड़ गई। फिर, तीन-चार चक्कर लगाने के बाद फ्लाइट ने दोबारा लैंड किया। इस दौरान दिल्ली से पटना आ रहे 173 यात्रियों की सांसें 5 मिनट तक अटकी रहीं। दोबारा लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत महसूस की।

**दोबारा विमान को ऊपर उठा लिया :** मंगलवार की रात करीब 9 बजे दिल्ली से पटना आने के बाद पायलट ने विमान की लैंडिंग कराई। हालांकि विमान टचिंग पॉइंट को थोड़ा ओवरशूट कर गया था। पटना एयरपोर्ट का रनवे छोटा है। पायलट को लगा कि रनवे पर विमान को नहीं रोक पाएंगे तो उसने दोबारा विमान को ऊपर उठा लिया। ऐसा होता देख यात्री परेशान हो गए।

**2 हजार मीटर है पटना एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई :** फिलहाल पटना एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 2,072.64 मीटर है। इसे 584.96 मीटर और बढ़ाकर 2657.6 मीटर करने की तैयारी चल रही है। यह कवायद केंद्र सरकार के सर्कुलर के बाद तेज हुई है। दरअसल, केंद्र सरकार ने अहमदाबाद हादसे के बाद देशभर के सभी एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उसमें रनवे की लंबाई और सुरक्षा को लेकर खास निर्देश दिया गया है।

## राज ठाकरे उचित समय पर शिवसेना के साथ गठबंधन पर फैसला लेंगे

**मुंबई । एजेंसी**



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मंगलवार को अपने पार्टी सहयोगियों से कहा कि वह शिवसेना (उबाठा) के साथ गठबंधन करने पर उचित समय पर फैसला करेंगे। पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। मनसे 14 से 16 जुलाई तक नासिक जिले के इगतपुरी में तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित कर रही है। पदाधिकारी ने कहा, ''राज ठाकरे ने आज पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह उचित समय पर गठबंधन पर फैसला लेंगे। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख और राज के चचेरे भाई उद्धव ठाकरे ने संकेत दिया है कि वह मुंबई और अन्य जगहों पर निकाय चुनावों से पहले गठबंधन चाहते हैं, लेकिन मनसे प्रमुख ने अभी तक अपने इरादे नहीं व्यक्त किये हैं। दोनों चचेरे भाई कई सालों बाद पांच जुलाई को एक राजनीतिक मंच पर भाजपा नीत महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा एक से हिंदी को तीसरी के रूप में लागू करने वाले दो विवादास्पद आदेशों को वापस लेने का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए।

शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने कहा कि वे और दोनों दलों के कार्यकर्ता गठबंधन को लेकर आशान्वित हैं। राउत ने कहा, ''राज और उद्धव ठाकरे दोनों की टिप्पणियां सकारात्मक हैं।

## प्रचंड फॉर्म में भारतीय महिला टीम

# अब इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज पर निगाहें



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच साउथैम्प्टन में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाना है। टीम इंडिया ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम की है। ऐसे में मेहमान टीम के हौसले बुलंद होंगे। 30 सितंबर 2025 से भारत की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत होगी। इसके कुछ मुकाबले श्रीलंका में भी खेले जाने हैं। भारत-इंग्लैंड के बीच इस वनडे सीरीज को विश्व कप की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

भारत ने इस साल आठ वनडे मैच खेले हैं, जिसमें सात अपने नाम किए। टीम इंडिया ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था, जिसके बाद श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ खेली गई त्रिकोणीय सीरीज जीती। अब अगर भारतीय महिला टीम, इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज भी जीत लेती है, तो वर्ल्ड कप से पहले उसका मनोबल बढ़ेगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को एक बार फिर अनुभवी शेफाली वर्मा पर तरजीह देते हुए टीम में शामिल किया गया है। प्रतिका ने त्रिकोणीय सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ महिला वनडे में सबसे तेज 500 रन पूरे किए हैं। स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिगेज, हरलीन देओल और ऋचा घोष की मौजूदगी में टीम की बल्लेबाजी दमदार नजर आती है। वहीं स्नेह राणा, श्री चरणी, क्रांति गौड़ और अरुंधती रेड्डी विपक्षी टीम से मैच छीनने का माद्दा रखती हैं। नैट साइवर-ब्रंट चोट से उबरकर वापस इंग्लैंड के खेमे में लौटी हैं, उनके पास टीम की कमान है। वहीं, वनडे फॉर्मेट की शीर्ष गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन घुटने की चोट से उबरकर टीम में वापसी कर चुकी हैं। भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच साल 1978 से अब तक कुल 76 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें इंग्लैंड ने 40 मुकाबले जीते। वहीं, भारत ने 34 मैच अपने नाम किए। दो मुकाबले बेनतीजा रहे। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समय के अनुसार शाम 5.30 बजे से शुरू होगा।

- **भारत :** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिगेज, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, श्री चरणी, सयाली सतघरे, यास्तिका भाटिया, तेजल हसबनीस, अरुंधति रेड्डी और राधा यादव।
- **इंग्लैंड :** टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स (विकेटकीपर), एम्मा लैंब, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, केट क्रॉस, लिन्से स्मिथ, लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर, चार्ली डीन, मैया बाउचियर, एम अर्लोट और सोफी एक्लेस्टोन।

# शुभमन गिल का खुलासा, उम्मीद नहीं थी किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट देखेंगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि टीम को उम्मीद नहीं थी कि किंग चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट मैच देखेंगे। भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने मंगलवार को लंदन स्थित 'क्लेरेंस हाउस' में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। इस दौरान किंग चार्ल्स ने जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, शुभमन गिल समेत अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। किंग चार्ल्स तृतीय ने अपनी परंपरा निभाते हुए लंदन दौरे पर आई भारतीय क्रिकेट टीम का क्लेरेंस हाउस में स्वागत किया। यह एक दोस्ताना मुलाकात थी। किंग चार्ल्स तृतीय इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रमंडल क्रिकेट टीमों का स्वागत करने की परंपरा रखते हैं। राष्ट्रमंडल प्रमुख के रूप में मेहमानों की मेजबानी कर रहे किंग चार्ल्स ने भारतीय टीम से बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने भारत-इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच की झलकियां देखीं। इस मुकाबले में गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम को महज 22 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। गिल ने 'बीसीसीआई' के 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, "किंग चार्ल्स बहुत दयालु और उदार हैं। उन्होंने हमसे बहुत अच्छी बातचीत की। उम्मीद नहीं थी कि वह हमारा मैच देखेंगे।

किंग चार्ल्स ने बताया कि उन्होंने हमारे मुकाबले के आखिरी सेशन के कुछ अंश देखे। यह एक शानदार अनुभव था। हम इसके लिए बहुत आभारी हैं। इस दौरान क्लेरेंस हाउस में इंग्लिश अभिनेता और संगीतकार इद्रिस एल्बा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इद्रिस एल्बा सेंट जेम्स पैलेस में आयोजित यूथ ऑपर्च्युनिटीज समिट के लिए लंदन पहुंचे थे। एल्बा ने भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराइस्वामी भी मौजूद थे। शुक्ला ने किंग चार्ल्स को अपनी पुस्तक 'स्कार्स ऑफ 1947' भेंट की। राजीव शुक्ला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "ब्रिटेन के किंग चार्ल्स हम सभी से बहुत ही गर्मजोशी के साथ अपने घर पर मिले। वह खुशमिजाज व्यक्तित्व हैं। मुलाकात से पहले, उन्होंने हम सभी के बारे में काफी जानकारी इकट्ठा की थी।

### आईसीसी ने इंग्लैंड पर जुर्माना, डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बड़ा नुकसान



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लॉर्ड्स टेस्ट में भारत पर मिली रोमांचक 22 रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने की कीमत इंग्लैंड को चुकानी पड़ी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वाइंट्स टेबल से इंग्लैंड के दो अंक काट लिए गए हैं। टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है।

### ओल्ड ट्रैफर्ड में कभी टेस्ट नहीं जीता भारत, इंग्लैंड की रही 'बादशाहत'



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के खिलाफ पांच मुकाबलों की सीरीज में इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे हैं। शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट खेलने उतरेगी। लॉड्स में खेले गए रोमांचक टेस्ट में भारत को 22 रनों के करीबी अंतर से शिकस्त झेलनी पड़ी। अब सीरीज में एक बार फिर बराबरी के लिए टीम इंडिया को ओल्ड ट्रैफर्ड में यह मैच हर हाल में जीतना होगा। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड के इस मैदान पर साल 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा।

## दिग्वेश राठी : वह 'मिस्ट्री स्पिनर', जो जल्द दे सकता है टीम इंडिया में दस्तक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



दिग्वेश सिंह एक 'मिस्ट्री स्पिनर' हैं, जो गेंद फेंकने से पहले उसे छिपाकर रखते हैं, ताकि बल्लेबाज उसे पढ़ न सके। दिल्ली में 15 दिसंबर 1999 को जन्मा यह गेंदबाज दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) की खोज माना जाता है। साल 2024 में दिग्वेश ने डीपीएल के पहले ही सीजन अपनी चमक बिखेरते हुए 7.82 की इकॉनमी के साथ 14 शिकार किए। यही वजह रही कि इंडियन प्रीमियर लीग-2025 (आईपीएल) के लिए नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 30 लाख रुपये के बेस प्राइज पर अपने साथ जोड़ा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी-2025 में दिग्वेश राठी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 मुकाबलों में 2.71 की इकॉनमी के साथ तीन विकेट अपने नाम किए। वह दो से ज्यादा मुकाबले खेलते हुए सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी वाले गेंदबाज रहे।

## ग्लोबल सुपर लीग 2025 : होबार्ट हरिकेंस को शिकस्त देकर सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ने खोला जीत का खाता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ने होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ ग्लोबल सुपर लीग-2025 के सातवें मैच को 16 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ने सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज कर ली है। वहीं, होबार्ट हरिकेंस को दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की टीम तीन में से एक मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि होबार्ट हरिकेंस तीन में से दो मैच गंवाकर तीसरे स्थान पर मौजूद है। मुकाबले में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेते हुए चार विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। विल यंग और डेन क्लीवर ने 4.2 ओवर में 29 रन की साझेदारी की। टीम 40 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान टॉम ब्रूस ने कर्टिस हेफी के साथ चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। टॉम ब्रूस 36 गेंदों में एक छक्के और आठ चौकों की मदद से 62 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कर्टिस ने 38 गेंदों में छह चौकों की मदद से 50 रन की नाबाद पारी खेली।

विपक्षी टीम की ओर से बिली स्टेनलेक, मोहम्मद नबी, उसामा मीर और ओडेन स्मिथ ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में होबार्ट हरिकेंस की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट गंवाकर 151 रन ही बना सकी। भानुका राजपक्षे 4 रन, जबकि कप्तान बेन मैकडरमोट 16 रन बनाकर आउट हो गए। आलम यह रहा कि टीम 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट गंवा चुकी थी। यहां से मोहम्मद नबी ने फैबियन एलन के साथ सातवें विकेट के लिए 65 रन जोड़े। नबी ने 25 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों के साथ 43 रन बनाए, जबकि एलन 16 गेंदों में पांच छक्कों के साथ 36 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी टीम की ओर से एजाज पटेल और ब्लेयर टिकनर ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

### आईसीएल के रुकने पर छेत्री चिंतित, बोले–

## फुटबॉल सिस्टम डरा, एआईएफएफ एफएसडीएल में नया एग्रीमेंट नहीं हुआ

**नई दिल्ली । एजेंसी**



भारतीय फुटबॉल के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग के रोके जाने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा, इस समय जो स्थिति है, वह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत ही परेशान करने वाली है और इससे जुड़े खिलाड़ी, कोच, मेडिकल स्टाफ, और अन्य सभी लोग डरे और दुखी हैं।

छेत्री, जो बेंगलुरु एफसी के लिए आईसीएल में खेलते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि देशभर के खिलाड़ियों और स्टाफ से लगातार उन्हें फोन और मैसेज मिल रहे हैं, जिनमें भविष्य को लेकर चिंता जताई गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनकी निजी परेशानी नहीं है, बल्कि पूरे फुटबॉल जगत की है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। कारोबार के



अंत में सेंसेक्स 63.57 अंक या 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,634.48 और निफ्टी 16.25 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,212.05 पर था। बैंकिंग शेयरों में तेजी देखी गई। निफ्टी बैंक 162.30 अंक या 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57,168.95 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 8 अंक की तेजी के साथ 59,620 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 4.80 की मामूली बढ़त के साथ 19,140.05 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में थे। मेटल, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और कमोडिटीज लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, टेक महिंद्रा, एसबीआई, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और टाइटन टॉप गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), सन फार्मा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, बीईएल, टीसीएस और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। एसबीआई सिक्योरिटीज के तकनीकी एवं डेरिवेटिव्स अनुसंधान प्रमुख सुदीप शाह ने कहा कि सुस्त शुरुआत के बाद, बुधवार के सत्र के दूसरे भाग में भारतीय शेयर बाजारों ने वापसी की और निफ्टी लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ। इस सुधार का नेतृत्व इन्फोसिस, एसबीआई और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे दिग्गज शेयरों ने किया, जो सूचकांक में बढ़त में सबसे ज्यादा योगदान देने वाले शेयरों के रूप में उभरे।

## कैबिनेट ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को बढ़ाने के लिए एनटीपीसी को 20,000 करोड़ रुपए तक का निवेश करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को एनटीपीसी लिमिटेड को एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और उसके अन्य संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपए तक के परिव्यय के साथ रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने के लिए बिजली के बढ़े हुए आवंटन को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने महारत्न सीपीएसई को विद्युत आवंटन के मौजूदा दिशानिर्देशों से एनटीपीसी लिमिटेड को विद्युत आवंटन में वृद्धि की अनुमति दी है ताकि वह अपनी सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) में निवेश कर सके और इसके बाद, एनजीईएल एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनआरईएल) और उसकी अन्य संयुक्त उद्यमों/सहायक कंपनियों में निवेश कर सके। 2032 तक 60 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षमता बढ़ाने के लिए यह राशि पूर्व में स्वीकृत 7,500 करोड़ रुपए की निर्धारित सीमा से बढ़कर 20,000 करोड़ रुपए तक हो सकती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एनटीपीसी और एनजीईएल को दिया गया यह विस्तारित आवंटन देश में रिन्यूएबल प्रोजेक्ट के त्वरित विकास में सहायक होगा। एक कैबिनेट नोट के अनुसार, "यह कदम पावर स्ट्रक्चर को मजबूत करने और पूरे देश में चौबीसों घंटे विश्वसनीय बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने में निवेश सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन चरण के साथ-साथ ऑपरेशन एंड मेनटेनेंस (ओ एंड एम) चरण के दौरान स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे। इससे लोकल सप्लायर्स, लोकल उद्यमों/एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा और देश में उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही देश में रोजगार और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत ने अपनी स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से प्राप्त कर अपनी ऊर्जा परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

## भारत के त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से अधिक नौकरियां के होंगे अवसर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इस वर्ष भारत के त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से ज्यादा सीजनल जॉब्स के अवसर होंगे, जो 2025 की दूसरी छमाही के दौरान जीआईजी और अस्थायी रोजगार में सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। इस उछाल को बढ़ावा देने वाले प्रमुख क्षेत्रों में रिटेल, ई-कॉमर्स, बीएफएसआई, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, यात्रा और फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) शामिल हैं। एचआर सर्विस प्रोवाइडर एडेको इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि रक्षा बंधन, बिग बिलियन डेज, प्राइम डे सेल, दशहरा, दिवाली और शादियों के मौसम जैसे प्रमुख आयोजनों को लेकर हायरिंग एक्टिविटी में तेजी आई है। कई कंपनियां मांग से आगे रहने और सामान्य से ज्यादा मजबूत त्योहारी सीजन के लिए परिचालन तैयारी सुनिश्चित करने के लिए हायरिंग की तैयारी में है। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता भावना में सुधार, ग्रामीण मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, चुनाव के बाद आर्थिक आशावाद और सीजनल प्रमोशन की वजह से इस वर्ष की नियुक्तियों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे महानगर सीजनल हायरिंग की मांग में अग्रणी बने हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। इसी समय, लखनऊ, जयपुर, कोयंबटूर, नागपुर, भुवनेश्वर, मैसूर और वाराणसी जैसे टियर-2 शहरों में नौकरियों की मांग में 42 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है।

## कैबिनेट ने हरित ऊर्जा अभियान को गति देने के लिए एनएलसीआईएल के निवेश नियमों को बनाया आसान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से विशेष छूट को मंजूरी दे दी। सीसीईए बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस रणनीतिक निर्णय से एनएलसीआईएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7,000 करोड़ रुपए का निवेश कर सकेगी और बदले में एनआईआरएल पूर्व अप्रूवल की आवश्यकता के बिना सीधे या संयुक्त उद्यम बनाकर विभिन्न परियोजनाओं में निवेश कर सकेगी। बयान में बताया गया है कि इस निवेश को सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों में सीपीएसई द्वारा समग्र निवेश के लिए निर्धारित 30 प्रतिशत शुद्ध मूल्य सीमा से भी छूट दी गई है, जिससे एनएलसीआईएल और एनआईआरएल को बेहतर संचालन और वित्तीय अनुकूलन प्राप्त होगा। इस छूट का उद्देश्य एनएलसीआईएल के 2030 तक 10.11 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षमता विकसित करने और 2047 तक इसे 32 गीगावाट तक विस्तारित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करना है।

## एलएटी एयरोस्पेस ने नहीं खरीदा कोई प्राइवेट जेट, हम विमान के व्यवसाय में नहीं : दीपिंदर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



इटरनल (पूर्व में जोमैटो) के सीईओ दीपिंदर गोयल ने बुधवार को उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि उनके द्वारा समर्थित एविएशन स्टार्टअप 'एलएटी एयरोस्पेस' ने बॉम्बार्डियर ग्लोबल जेट खरीदा है। इटरनल के सीईओ दीपिंदर गोयल द्वारा समर्थित एलएटी एयरोस्पेस द्वारा बॉम्बार्डियर प्राइवेट जेट खरीदने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए, गोयल ने कहा, "एलएटी एक स्टार्टअप है और उसने कोई प्राइवेट जेट नहीं खरीदा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में उन्होंने कहा, "हमारा ध्यान क्षेत्रीय विमानन के लिए एयरक्राफ्ट बनाने पर है और हम विमान खरीदने के व्यवसाय में नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि एलएटी क्षेत्रीय विमानन के लिए एयरक्राफ्ट बनाता है और विमान खरीदने के व्यवसाय में नहीं है। उन्होंने हंसते हुए कहा, "मेरे पास भी व्यक्तिगत रूप से कोई विमान नहीं है। हालांकि, एक होना अच्छा होगा। एलएटी के स्वामित्व वाला बॉम्बार्डियर ग्लोबल सीरीज एयरक्राफ्ट 16 जुलाई को उड़ान भरने वाला था।

## जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 26 को नामांकन प्रक्रिया शुरू



**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ लातेहार के पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 26 जुलाई को होना निर्धारित किया गया। इसकी सारी तैयारी चल रही है। चुनाव प्रभारी अधिवक्ता अनिल ठाकुर के अनुसार चुनाव से संबंधित सारी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 14 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। 16-17 जुलाई को नामांकन प्रपत्र की बिक्री और अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया की जा रही है। चुनाव प्रभारी गणेश कुमार के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता राजमणि प्रसाद ने बुधवार की दोपहर करीब एक बजे नामांकन किया। जबकि संयुक्त सचिव के लिए अधिवक्ता बनवारी प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता और सचिव के लिए संजय कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं चुनाव प्रभारी संतोष रंजन ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 18 जुलाई को स्क्रूटनी होगी। 19 जुलाई को उम्मीदवारों का फाइनल लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा और 26 जुलाई को जिला अधिवक्ता संघ भवन में मतदान होगी। मतदान सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक होगी और ढाई बजे दोपहर से मतपत्र की गिनती होगी।

# लातेहार-महुआडांड़ सड़क पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के लातेहार-महुआडांड़ सड़क पर बारेसांड घाटी में भूस्खलन हो गया। भूस्खलन के कारण सड़क गाड़ियों का आवागमन पूरी तरह रुक गई है। यह रास्ता लातेहार और पलामू को महुआडांड़ के रास्ते से छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। भूस्खलन के कारण बड़ी संख्या में लोग सड़क पर फंस गए हैं। हालांकि सूचना मिलने के बाद प्रशासन के द्वारा सड़क की सफाई का कार्य आरंभ कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार जिले में पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण बुधवार को अचानक बारेसांड घाटी में पहाड़ी का एक भाग टूट कर सड़क पर आ गिरा। इस कारण सड़क पर आवागमन बंद हो गया। हालांकि भूस्खलन की इस घटना में कोई हताहत या कोई घायल नहीं हुआ है। अचानक पहाड़ी को टूटकर सड़क पर गिरने के कारण सड़क पर यात्रा कर रहे लोग बीच सड़क में ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस समय भूस्खलन हुआ,उस समय घटनास्थल पर कोई भी गाड़ी नहीं थी। हालांकि थोड़ी देर में ही भूस्खलन के दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई। यदि कोई गाड़ी भूस्खलन की चपेट में आ जाती तो स्थिति भयावह हो जाती। लोगों ने बताया कि यह सड़क महुआडांड़ के रास्ते से सीधा छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। वहीं इस रास्ते के माध्यम से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट,लोध फॉल,सुग्गा बांध सहित अन्य स्थानों पर घूमने के लिए भी लोग जाते हैं। इसी कारण यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। इधर भूस्खलन की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम विपिन कुमार दुबे का निर्देश पर प्रशासन की टीम जेसीबी के साथ स्थल पर पहुंचकर राहत कार्य आरंभ कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही यातायात सुचारू बना दिया जाएगा।

### भारी बारिश से कहीं गिरा घर तो कहीं पेड़



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से कई घर ढह गये। जिससे आमजनों को जान माल की भारी क्षति पहुंची है। मूसलाधार बारिश से सासंग ग्राम निवासी योगेश्वर भुइयां का मकान गिर गया। बरसात के मौसम में घर ध्वस्त हो जाने से उनके परिवार की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। वहीं अलौदिया व हुटाप पंचायत में तेज बारिश से गुलमोहर व करंज के पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ को हटाया गया जिसके बाद अवागमन शुरू हो पाया। बता दें कि इस वर्ष मानसून के शुरूआत के साथ ही हो रही बारिश में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में दर्जनों गरीबों का आशियाना ध्वस्त हो गया। कई ग्रामीण इलाकों में पुल पुलिया एवं पहुंच पथ भी बारिश में बह गया है। बारिश के साथ हो रहे बज्रपात से अब तक कई लोग व पशुधन की भी जान जा चुकी है।

## एसयूवी कार से 500 लीटर स्पिरिट बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद की दंगवार ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वेस्ट बंगाल नंबर की एसयूवी कार (डब्लूबी24आर 9007) से 500 लीटर स्पिरिट बरामद किया है। स्प्रिट कहा ले जाया जा रहा था इसके लिए कार सवार से पूछताछ की जा रही है।

जिले की एमपी रिष्मा रमेशन ने बुधवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वाहन में लदे स्पिरिट को बिना वैध दस्तावेज को ले जाया जा रहा था। त्वरित कार्रवाई करते हुए दंगवार ओपी चेकपोस्ट के पास एक वाहन को रोका गया। जांच के क्रम में महिंद्रा एसयूवी से 500 लीटर स्पिरिट बरामद किया गया। कार सवार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मौके पर पुलिस ने वाहन और स्पिरिट को जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से अवैध शराब और स्पिरिट के विरुद्ध अभियान को और तेज करने का निर्देश दिया गया है।

## ट्रेड लाईसेंस को लेकर नप ने चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ट्रेड लाइसेंस को लेकर थाना चौक एवं चटनाही के आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का जांच किया गया। जांच के क्रम में जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया उन्हें वर्तमान में नोटिस करते हुए ट्रेड लाइसेंस बनाने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में यदि ट्रेड लाइसेंस नहीं बनाया जाता है, तो संबंधित प्रतिष्ठा को सील करते हुए 25 हजार का जुमार्ने की राशि वसूल की जाएगी।

## बरवाडीह-भंडरिया सड़क का होगा पुनर्निर्माण : सांसद

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी 82.42 करोड़ की स्वीकृति



**लातेहार।** जिले के बरवाडीह से मंडल होते हुए भंडरिया तक की वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण व पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। चतरा सांसद कालीचरण सिंह का प्रयास अब रंग ला रहा है। सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को इसे लेकर एक अनुरोध पत्र सौंपा था। सांसद कालीचरण सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि बरवाडीह-मंडल-भंडरिया सड़क की हालत अत्यंत जर्जर है और इससे आमजन के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। उन्होंने सड़क के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण की मांग करते हुए इसे ग्रामीणों की जीवनरेखा बताया था। सांसद ने यह भी आग्रह किया कि लगभग 20 किलोमीटर लंबी इस सड़क को मजबूत आधार के साथ पुनर्निर्मित किया जाए, जिससे क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके। सांसद के अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 27 जून, 2025 को भेजे अपने जवाबी पत्र में जानकारी दी कि इस योजना को रु. 82.42 करोड़ की लागत से सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मंजूरी दे दी गई है।

स्वीकृत योजना के तहत बरवाडीह-मंडल-भंडरिया सड़क के चेनज 25 किमी से 45 किमी तक के हिस्से में चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण का कार्य कराया जाएगा। यह स्वीकृति लातेहार जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। लोगों ने सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वर्षों की उपेक्षा झेल रही यह सड़क अब न केवल बन सकेगी, बल्कि सुरक्षित और टिकाऊ भी होगी।

### थाना परिसर में शिविर का आयोजन

**महुआडांड़।** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ थाना परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार और सीओ सह बीडीओ संतोष कुमार बैठा की मौजदूगी में शिविर में आये मामले का नियटारा किया गया। शिविर में तीन मामले आये। थाना क्षेत्र के हरनागुड़ा, डीपाटोली और हामी गांव से जमीन विवाद का मामला पर आवेदन पड़े थे। वहीं तीनों मामले का निपटारा ऑनस्पोर्ट किया गया। मौके एसआई नौशाद आलम एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### सरकारी जमीन अतिक्रमण करने पर होगी कार्रवाई : अरविंद

**लातेहार।** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो और प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो सदर प्रखंड के बिशुनपुर गांव पहुंचे। सरकारी जमीन का किए गए अतिक्रमण को खाली करने के लिए अंतिम चेतावनी दिया। अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि गांव के 8 लोगों द्वारा सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर रखा है। पूर्व में भी इन्हें प्रशासन के द्वारा नोटिस के माध्यम से खाली करने को कहा गया है।

## दर्जनों भर जंगली हाथियों ने मचाया तांडव, लोगों ने रात भर रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत साल्वे ग्राम के बामहन टोला में बिते रात दर्जन भर जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस क्रम में साल्वे ग्राम निवासी जयचंद सिंह पिता स्व. मुनि सिंह का घर को ध्वस्त करते हुए घर में रखे चावल, सरसो, अरहर व मक्का का बीज को खाकर चट कर दिया। वहीं घर ध्वस्त होने से घर के अंदर रखे घरेलु सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से जयचंद सिंह ने डेढ़ लाख रुपए की नुकसान होने की बात बताया। वहीं पास के मदन सिंह पिता भंदु सिंह का घर का दीवार को हाथियों ने ध्वस्त कर दिया और घर के अंदर घुस गया। उन्होंने बताया कि वे अपने घर के अंदर सो रहे थे उसी जगह का दीवार हाथी ने तोड़ दिया। अचानक वे हाथी को देकर बुरी तरह से घबरा गए फिर भी उन्होंने अपनी सुझ बुझ से अपने पत्नी व भाभी देवन्ती देवी के साथ घर से निकल कर अपने पडोसी सुनील सिंह के घर पहुंचे। इसके बाद हाथियों ने शिवमंगल सिंह पिता महेश्वरी सिंह व सुनील सिंह पिता बैकीम सिंह का घर का चार दीवारी व गोहाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ धनंजय सिंह के गोहाल को भी तोड़ फोड़ किया। आनंद सिंह के घर की चार दिवारी व एक फलदार आम के पेड़ को तोड डाला,ग्रामीणों की भारी मस्कत से हाथियों को भगाया गया। वहीं सूचना पाकर सुबह ही जिप सदस्य रमेश राम, वनपाल मंगल सिंह, वन रक्षी संतोष मिंज समाज सेवी नंदु उरांव ने घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना का जायजा लिया और हाथियों द्वारा कि गई क्षति का आकलन किया साथ ही हाथियों से बचाव हेतु आवश्यक सलाह व निर्देश दिए। ग्रामीणों ने हाथियों को क्षेत्र से भगाने व क्षतिपुर्ति की मांग की। इस पर पनपाल मंगल सिंह ने लोगों को इस पर जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया।

## केमिस्टस एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन का धरना- प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केमिस्टस एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन ने अध्यक्ष रमेश शुक्ला और संचालन फेडरेशन के सचिव अमिताभ मिश्रा अगुवाई में अपनी कई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। औषधि नियंत्रण प्रशासन के कार्यालय में निलंबित दवा दुकानदारों के निलंबन अवधि को कम करने, थाना को सूचनार्थ से अलग रखने के लिए की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान फेडरेशन के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि फेडरेशन का पिछले कई दिनों से आंदोलन चल रहा है, जिसके तहत बुधवार को सभी दवा व्यवसाईयों ने काला पट्टी लगाकर विरोध प्रकट किया।

रमेश शुक्ला ने कहा कि हमारा आंदोलन क्रमबद्ध एवं शांतिपूर्वक तरीके से जारी रहेगा। बुधवार को सभी थोक दवा व्यावसायियों ने अपनी अपनी प्रतिष्ठान को 5 घंटे के लिए बंद रख कर संगठन की चट्टानी एकता को बनाए रखा। सचिव अमिताभ मिश्रा ने बताया कि अभी बातचीत के लिए प्रशासन के द्वार खुले रखे हैं, यदि मांगों को गंभीरता पूर्वक नहीं सुना गया तो आंदोलन और तेज होगा। इस मौके पर संघ के संरक्षक सतीश तिवारी किशोर जैन, सुरेंद्र अग्रवाल, जवाहर अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, चंद्रशेखर तिवारी, मोनू अग्रवाल, नागेंद्र जायसवाल, हनी सिन्हा, संजय अग्रवाल, जितेंद्र कुमार प्रिंस सांवरे, मनोज सिन्हा, रवि कुमार पवन कुमार समेत कई दवा व्यवसायी उपस्थित थे।

## पूर्व वार्ड पार्षद के प्रयास से लोगों को जल जमाव से मिली मुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची रोड के वार्ड संख्या 18 एवं 19 में विभिन्न स्थानों पर पानी भर जाने के बाद निवर्तमान वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी ने विभिन्न स्थानों पर नगर निगम से जेसीबी की व्यवस्था कराकर साफ सफाई कराते हुए जल की निकासी कराई। बताते चलअे कि रांची रोड के भगवती हॉस्पिटल, झरना टोला, आम बगीचा, दशगात्र मंडप समेत कई अन्य स्थानों पर उनके द्वारा पानी भर जाने की सूचना मिलने पर निगम से संपर्क किया गया। हालांकि निगम द्वारा जेसीबी उपलब्ध कराने की बात कही गई परंतु इसमें लगने वाले डीजल की अनुपलब्धता जाहिरकी गई। इसके पश्चात श्री त्रिपाठी ने पूर्व नगर आयुक्त एवं वर्तमान डीडीसी पलामू जावेद हुसैन से संपर्क किया। उन्होंने त्वरित रूप से निगम को उक्त स्थान पर जेसीबी की व्यवस्था कर पानी की निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद कई दिनों से जाम पड़े नालियों की सफाई हुई। जिससे सड़क पर जमे पानी को निकाला गया। वार्ड में रहने वाले लोगों ने बताया कि भारी बारिश के कारण बड़े पैमाने पर हुए जल जमाव से आवागमन बाधित हो गया था। वहीं इस इलाके में दफ्तर दुकान हॉस्पिटल शोरूम आदि के अलावा घरों में भी पानी घुस गया था। इधर वार्ड 19 के कुम्हार टोली में पानी भर जाने से सड़क में हुए कटाव के कारण आवागमन बाधित हो गया।

## कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला।** कुटमु ग्राम के शिवभगतों ने श्रावणी मेले की शुरूआत के साथ ही कांवरियों का पहला जत्था मंगलवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। चल रे कांवरिया शिव के धाम के जयघोष के बीच 11 शिवभक्तों का यह जत्था सुरक्षित वाहन से बाबाधाम की ओर प्रस्थान कर गया। जत्थे की अगुवाई मंदिर परिसर में पुजारी बिट्टू पाठक ने की, जिन्होंने कांवरियों को माथे पर तिलक लगा कर विदा किया। रवानगी से पहले सभी शिवभक्तों ने कुटमू शिवमंदिर में मत्था टेककर पूजा-अर्चना की और बाबा भोलेनाथ से यात्रा की सफलता और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान रामजी महतो, अजय सिंह, आशीष प्रसाद, महेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, प्रमोद यादव, दीपक यादव, बिनोद सोनी, सचिन यादव, प्रवीण सिंह और अमरेश विश्वकर्मा जैसे शिवभक्त शामिल थे।

## लाभुकों के बीच किया अनुदान पर पंप सेट का वितरण

**लातेहार।** लातेहार जिले में 300 किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा लातेहार प्रखंड के पंचायत डेमू, ग्राम डेमू की जैस्मीन मारडी को 90 प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट, सक्शन पाइप और डिलीवरी पाइप का वितरण किया गया। यह वितरण राज्य यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत किया गया। लाभुक जैस्मीन मारडी ने पंपसेट प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और प्रशासन का आभार प्रकट किया। मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### डालटनगंज में रिकॉर्ड...

राष्ट्रीय नवीन मेल का प्रेस परिसर भी तीन फीट तक पानी में डूब गया, जिससे प्रकाशन कार्य प्रभावित हुआ। शहर के लोग घंटों तक नगर निगम को फोन करते रहे लेकिन न कोई अधिकारी पहुंचा, न कोई पार्षद दिखाई दिया। कई इलाकों में पीड़ितों ने खुद पानी निकालने की कोशिश की। हनुमान नगर के लोगों ने डालटनगंज-पांकी रोड को कुछ देर के लिए जाम भी कर दिया। इधर, कोयल, औरगा, अमानत व सोन नदियां भी उफान पर हैं। गुरसूती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिला प्रशासन ने गुरसूती पुल पर आवागमन पर रोक लगा दी है। मोहम्मदगंज में भीम बराज के 38 गेट खोल दिए गए हैं और 2.7 लाख क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। रिहंद व बाणसागर जलाशयों से भी भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है, जिससे सोन नदी में बाढ़ की स्थिति बन गई है। बुधवार सुबह तक बारिश नहीं थमी थी। कई निचले इलाकों में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया। डीसी समीरा एस व एसपी रीष्मा रमेशन की अगुवाई में आपदा प्रबंधन को लेकर समाहरणालय में विशेष बैठक बुलाई गई। पलामू पुलिस ने 112 और 7070452955 नंबर जारी कर लोगों से किसी भी आपात स्थिति में संपर्क करने की अपील की है। शहर में जलनिकासी व्यवस्था की खामियां खुलकर सामने आई हैं। नगर निगम द्वारा नालों की समय पर सफाई नहीं की गई, कई जगह अतिक्रमण ने जलप्रवाह को बाधित किया, और आपदा की घड़ी में जिम्मेदारों की अनुपस्थिति ने लोगों को बेसहारा छोड़ दिया। शहर के व्यवसायी आलोक माथुर, रेलवे कर्मी संजय पासवान, सुदना निवासी अजय सिंह सहित कई नागरिकों के घरों में तीन फीट तक पानी भर गया। बहरहाल, स्थिति की गंभीरता यह बता रही है कि अब केवल राहत कार्य काफी नहीं, बल्कि पूरे शहरी प्रबंधन तंत्र पर सवाल उठाने की जरूरत है। लोग जानना चाहते हैं कि क्या हर साल ऐसी ही स्थिति दोहराई जाएगी, या कोई ठोस समाधान सामने आएगा।

### लातेहार-महुआडांड़ सड़क...

रही लगातार बारिश के कारण बुधवार को अचानक बारेसांड घाटी में पहाड़ी का एक भाग टूट कर सड़क पर आ गिरा। इस कारण सड़क पर आवागमन बंद हो गया। हालांकि, भूस्खलन की इस घटना में कोई हताहत या कोई घायल नहीं हुआ है। अचानक पहाड़ी को टूटकर सड़क पर गिरने के कारण सड़क पर यात्रा कर रहे लोग बीच सड़क में ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस समय भूस्खलन हुआ, उस समय घटनास्थल पर कोई भी गाड़ी नहीं थी। लेकिन, थोड़ी देर में ही भूस्खलन के दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई। लोगों ने बताया कि यह सड़क महुआडांड़ के रास्ते से सीधा छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। इस रास्ते से लोग प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट, लोध फॉल, सुग्गा बांध सहित अन्य स्थानों पर घूमने के लिए भी जाते हैं। इसलिए यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। इधर, भूस्खलन की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम विपिन कुमार दुबे के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने जेसीबी के साथ स्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया था। उम्मीद है है कि जल्द ही यातायात सुचारू हो जाएगा।

### कोर्ट ने खारिज...

जब योग शिक्षिका राफिया नाज ने सिविल कोर्ट रांची में इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज कराया था। आरोप है कि मंत्री ने एक निजी समाचार चैनल पर राफिया के पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे उनकी छवि धूमिल हुई और धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। शिकायत में स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिए उकसाने और मानहानि के आरोप लगाए गए हैं। अदालत मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लिया है। साथ ही, इरफान अंसारी के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी किया गया है।

### कृषि क्षेत्र में...

उन्होंने बताया कि यह योजना कम उत्पादकता, कम फसल तीव्रता और कम ऋण वितरण के पैमाने पर पिछड़े सौ जिलों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना वर्ष 2025-26 से शुरू होकर छह वर्ष की अवधि के लिए होगी। 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरणा लेती है और अपनी तरह का पहला विशेष रूप से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित कार्यक्रम है। योजना के लिए प्रत्येक राज्य/संघ शासित प्रदेश में न्यूनतम एक जिले का चयन किया जाएगा।मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और सतत कृषि पद्धतियों को अपनाना, बढ़ाना, पंचायत और ब्लॉक स्तरों पर फसल उत्पादन के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और दीर्घावधिक और अल्पावधिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। यह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के तहत 100 जिलों को विकसित करने के लिए 2025-26 की बजट घोषणा के अनुसरण में है। यह योजना 11 विभागों में 36 मौजूदा योजनाओं, अन्य राज्य योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी के अभिसरण के माध्यम से लागू की जाएगी। मंत्री वैष्णव ने कहा कि प्रत्येक राज्य में योजना के प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। जिला धन-धान्य भुगतान समिति द्वारा जिला कृषि एवं संबद्ध गतिविधि योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसमें प्रगतिशील किसान भी सदस्य होंगे। जिला योजनाओं को फसल विविधीकरण, जल और मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ प्राकृतिक और जैविक खेती के विस्तार के राष्ट्रीय लक्ष्यों से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक धन-धान्य जिले में योजना की प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर डैशबोर्ड के माध्यम से 117 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर की जाएगी। नीति आयोग जिला योजनाओं की समीक्षा और मार्गदर्शन भी करेगा। इसके अलावा, प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी भी नियमित आधार पर योजना की समीक्षा करेंगे।

इस योजना से प्राप्त होगी आत्मनिर्भरता : सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जैसे-जैसे इन 100 जिलों में लक्षित परिणामों में सुधार होगा, देश के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों की तुलना में समग्र औसत में वृद्धि होगी। इस योजना के परिणामस्वरूप उच्च उत्पादकता, कृषि और संबद्ध क्षेत्र में मूल्यवर्धन, स्थानीय आजीविका सृजन होगा और इसलिए घरेलू उत्पादन में वृद्धि होगी और आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) प्राप्त होगी। जैसे-जैसे इन 100 जिलों के संकेतकों में सुधार होगा और इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय संकेतकों में स्वतः ही सुधार दिखेगा।

**कैबिनेट ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और इसरो को दी बधाई** : केंद्रीय कैबिनेट ने संकल्प पारित कर 15 जुलाई 2025 को अंतरिक्ष से सकुशल लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक यात्रा पर उन्हें बधाई दी। मंत्रिमंडल ने इस सफलता को भारत की आकांक्षाओं और वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रतीक बताया। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वापसी पर संकल्प पारित किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्रिमंडल के संकल्प की जानकारी दी। संकल्प में कहा गया कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मिशन सिर्फ एक व्यक्ति की सफलता नहीं है, ये भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा की मिसाल है। इससे हमारे बच्चों और युवाओं में जिज्ञासा बढ़ेगी, वैज्ञानिक सोच विकसित होगी। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा साइंस और इनोवेशन को अपना करियर बनाएंगे। मंत्रिमंडल ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि ये मिशन विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है, उसे नई मजबूती मिलेगी। केंद्रीय कैबिनेट ने इस उपलब्धि के लिए इसरो, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरी टीम की निष्ठा और परिश्रम ने इस सपने को साकार किया है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के...

जताकर चुप नहीं रहा। आतंकवादियों का यह कहना कि 'जाओ मोदी को बता देना', उसने मोदी के साथ देश की 140 करोड़ जनता को लालकरा था। तीनों सेना के नेतृत्व में नौ आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ब्रह्मोस, आकाश, राफेल, एस-400 के चौकाने वाले अद्भुत करनामे ने पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया। बालाकोट एयर स्ट्राइक में राफेल की कमी का जिक्र हमारे देश के प्रधानमंत्री ने किया था और इन 6 सालों में तीनों सेना को इतना मजबूत और सक्षम बनाया तथा इतनी सबलता प्रदान की गई कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजय गाथा इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गई है। इस मुश्किल घड़ी में देश की जनता, पक्ष-विपक्ष, संचार व्यवस्था, एवं लोकतांत्रिक सरकारी व्यवस्था सबने आपसी मतभेदों को भूलाकर अपने कर्तव्यों का पालन किया और एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहे। इस तरह तीनों सेनाओं ने मिलकर अद्भुत इतिहास रचा है। हम अपनी सेना के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। भारतीय सेना हमारा गौरव है। हमारा मान है। हमारा सम्मान है।

तेरे कदमों के संग कदम मेरा है
मेरा कतरा-कतरा लहू तेरा है
दिल से निकली दुआ तेरे लिए है
आयु, आरोग्य, विजयभवः सब तेरे लिए है।
जय हिंद।

## बांग्लादेश में फिल्मकार के पुश्तैनी घर को बचाने की पहल

**ढाका।** बांग्लादेश में फिल्मकार सत्यजीत रे से जुड़े 200 साल पुराने पुश्तैनी घर को गिराने की जमकर आलोचना हो रही है, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों को काम अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है। हरिकिशोर रॉय रोड पर स्थित और सत्यजीत रे के दादा उपेंद्रकिशोर रे से जुड़ी इस ऐतिहासिक एक मंजिला इमारत को मयमनसिंह जिला बाल अकादमी की ओर से गिराया जा रहा था। यहां नई इमारत बनाने के लिए पुरानी इमारत गिराई जा रही है। इस पर हेरिटेज एक्टिविटी, पुरातत्व विभाग और भारत सरकार ने आपत्ति जताई। लोकल जर्नलिस्ट ने कहा कि सरकार अब यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि यह घर सत्यजीत रे के परिवार का नहीं है, लेकिन इतिहास कुछ और ही कहानी कहता है। यह घर मूलरूप से मैमनसिंह के मुक्तागचा जमींदारी के संस्थापक श्रीकृष्ण आचार्य के वंशज, जमींदार शशिकांत आचार्य के स्टाफ के लिए बनाया गया था, जिसका सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है।

## सीरिया पर इजरायली एयर स्ट्राइक की निंदा में मध्य पूर्वी देश एकजुट

**अम्मान।** जॉर्डन, कतर, ईरान, कुवैत और सऊदी अरब सहित कई मध्य पूर्वी देशों ने सीरिया के दक्षिणी शहर स्वैदा के पास सीरियाई सैन्य काफिलों पर इजरायली एयर स्ट्राइक की कड़ी निंदा की है। मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बताया उन्होंने सेना को सीरियन फोर्स और हथियारों पर 'तत्काल हमला' करने का आदेश दिया है, ताकि सीरियाई शासन को ड्रूज समुदाय पर नुकसान पहुंचाने से रोका जा सके। सीरिया पर इजरायली हमले की निंदा करते हुए, जॉर्डन के विदेश और प्रवासी मंत्रालय ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और सीरिया की स्थिरता, संप्रभुता और सुरक्षा को निशाना बनाने वाला एक खतरनाक हमला बताया। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा, "मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता, राजदूत सूफियान अल-कुदाह ने इन हमलों को तुरंत रोकने और सीरिया जैसे सहयोगी राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करने पर जोर दिया है।

## गाजा पर इजराइल हमलों में 93 फिलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी पर मंगलवार को इजराइली हमलों में 90 से अधिक फिलस्तीनी मारे गए, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अस्पतालों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी शाती शरणार्थी शिविर में हुए एक हमले में फिलस्तीनी विधायिका के हमास सदस्य की मौत हो गई, साथ ही उसी इमारत में शरण लिए हुए एक पुरुष, एक महिला और उनके छह बच्चे भी मारे गए। हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया था। शिफा अस्पताल के अनुसार, सोमवार शाम गाजा शहर के तेल अल-हवा ज़िले में एक घर पर हुए हमले में एक परिवार के 19 सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। इसी जिले में विस्थापित लोगों के लिए बने एक शिविर पर हमले में एक पुरुष, एक महिला तथा उनके दो बच्चों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार दोपहर एक दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में इजराइली हमलों में मारे गए 93 लोगों के शव गाजा के अस्पतालों में लाए गए हैं। इसके साथ ही 278 घायल भी अस्पतालों में लाये गए हैं।

# मोदी और पुतिन की दोस्ती से बौखलाए 32 देश, दी धमकी

### भारत-रूस ऐसे देंगे जवाब, उड़ जाएंगे नाटो-अमेरिका के होश!

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने ब्राजील, चीन और भारत को धमकी दी है कि यदि ये देश रूस के साथ कारोबार करना जारी रखेंगे तो उन्हें गंभीर आर्थिक दंड का सामना करना पड़ेगा। रूट ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस में सीनेटरों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। रूट को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चहेता व जी हुजूरी वाला माना जाता है। मार्क रूट ने भारत , चीन व ब्राजील के नेताओं से अपील की कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर इस बात के लिए दबाव डालें कि वे शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने कहा, 'यदि आप चीन के राष्ट्रपति हैं, भारत के प्रधानमंत्री हैं या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, और आप रूस के साथ कारोबार करना जारी रखते हैं, उनका (रूस)तेल व गैस खरीदते हैं, तो आप जानते हैं; यदि मॉस्को में बैठा व्यक्ति शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं लेता है, तो मैं 100 प्रतिशत सेकेंडरी सेक्सन्स लगा दूंगा।' मार्क रूट ने कहा कि इन तीनों देशों को इस पर गौर करना चाहिए क्योंकि इसका इन पर बड़ा असर हो सकता है। मालूम हो कि इसके पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को फिर से मिलिट्री सपोर्ट देने का ऐलान किया था और रूस और उसके कारोबारी सहयोगियों को टैरिफ को लेकर धमकी दी थी। ट्रंप ने रूस से एक्सपोर्ट पर 100% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी और कहा था कि अगर 50 दिन के अंदर रूस और यूक्रेन के बीच कोई समझौता नहीं होता है तो वह उन देशों पर सेकेंडरी सेक्सन्स लगा देंगे जो रूस से तेल खरीदना जारी रखेंगे।जहां तक भारत का सवाल है तो भारत, चीन व तुर्की ऐसे देश हैं जो रूस से बहुत बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदते हैं और अगर



डोनाल्ड ट्रंप इन देशों पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इनमें से भी भारत पर इसका बहुत बड़ा असर पड़ेगा । इसकी वजह से एनर्जी सप्लाई बाधित हो सकती है और तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।ट्रंप के धमकी के बाद रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा था कि उनका देश डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार है लेकिन रूस किसी भी तरह की चेतावनी को स्वीकार नहीं करेगा और इसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा।मालूम हो कि रूस और यूक्रेन के बीच लंबे वक्त से जंग चल रही है और इस जंग में नाटो देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं। मार्क रूट ने कहा कि नाटो यूक्रेन की मदद करना जारी रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप के साथ समझौते के तहत अमेरिका अब यूक्रेन को बड़े पैमाने पर हथियार मुहैया कराएगा।

### रूस से तेल खरीदना वैश्विक कीमतों को स्थिर रखने के लिए ज़रूरी : भारत

लेकिन इन सब से भी भारत और चीन को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। बल्कि भारत ने तो एक ऐसा बयान दे दिया है, जिसे सुनकर नाटो देश और ट्रंप का सिर चकरा जाएगा। भारत ने कहा है कि अगर हम लगातार रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदते तो दुनियाभर में तेल की कीमतें आसमान छूने लगती। अगर कोई भी रूस से तेल नहीं खरीदता तो तेल कीमतें दुनियाभर में 120 से 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाती। भारत ने रूस के साथ 60 बिलियन डॉलर का तेल रूस से खरीदा है।

## रेलवे ने साइडिंग और शंटिंग चार्ज 12% बढ़ाया ,15 अगस्त से लागू होंगी नई दरें

**ब्यूरो**



1. ब्रॉड गेज डीजल इंजन की शंटिंग: ₹10,620 प्रति घंटा (पहले ₹9,500)
2. डीजल ट्रेन इंजन: ₹17,560 प्रति घंटा (पहले ₹15,800)
3. मीटर गेज डीजल ट्रेन इंजन: ₹14,770 प्रति घंटा (पहले ₹13,200)
4. इलेक्ट्रिक ट्रेन इंजन: ₹15,440 प्रति घंटा (पहले ₹13,900)

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने साइडिंग व शंटिंग चार्ज में लगभग 11 से 12 % की बढ़ोतरी कर दी। जो 15 अगस्त से लागू हो जाएगी। रेलवे ने यह बदलाव लगभग16 साल बाद किया है। इससे पहले इन शुल्कों में संशोधन 2009 में किया गया था। ऐसे में जो व्यक्ति कोई फैक्ट्री चलाता है, कोई धंधा करता है , गोदाम से जुड़ा है और भारतीय रेलवे की साइडिंग या शंटिंग सेवाएं लेता है तो यह उसके लिए सुविधा 15 अगस्त से महंगी होने जा रही है। रेलवे बोर्ड के निदेशक यातायात वाणिज्य (दर) अमितेश आनंद की ओर से इस संबंध में सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को आदेश जारी किया गया है। इसमें उत्तर मध्य रेलवे के जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी को भी यह नई दर सूची भेजी गई है। इसका सीधा असर उन उद्योगों पर पड़ेगा जो अपने प्रोडक्ट या कच्चे माल को रेलवे साइडिंग के जरिए मंगवाते या भेजते हैं।

दरअसल, रेलवे की मुख्य लाइन से जुड़ी जो निजी या समर्पित रेल लाइन होती है, उसे साइडिंग कहा जाता है। यह लाइन किसी सीमेंट फैक्ट्री, कोयला डिपो, इस्पात उद्योग या किसी अन्य भारी उद्योग तक जाती है, ताकि वहां आसानी से माल लाया या भेजा जा सके। अब जब वैगन साइडिंग में पहुंचते हैं तो उन्हें वहां सही स्थान पर ले जाने, जोड़ने, काटने या व्यवस्थित करने का काम रेलवे के इंजन से होता है, जिसे शंटिंग कहा जाता है। उदाहरण के तौर पर जब कोई सीमेंट फैक्ट्री कच्चा माल (जैसे कोयला या चूना पत्थर) मंगवाती है या तैयार सीमेंट भेजती है, तो उस माल को लोड-अनलोड करने के लिए शंटिंग इंजन की जरूरत पड़ती है। साइडिंग वाले उद्योग या गोदाम मालिक रेलवे से इंजन की मांग करते हैं ताकि उनके वैगन को साइडिंग में लाया जा सके या मुख्य लाइन से जोड़ा जा सके। इसके बदले रेलवे उन्हें प्रति घंटे के हिसाब से शुल्क लेता है। रेलवे अब यही शुल्क को बढ़ा दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे का कहना है कि वर्ष 2009 के बाद से इस शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई थी, ऐसे में अब बदलाव समय की मांग बन गया था। यह नई दरें 15 अगस्त 2025 से लागू हो जाएंगी। रेलवे की मानें तो इंजन की परिचालन लागत में समय के साथ लगातार वृद्धि हुई है – इसमें ईंधन, मेंटेनेंस, स्टाफ, स्पेयर पार्ट्स जैसी लागतें शामिल हैं। लेकिन इतने वर्षों से शुल्क स्थिर थे, जिससे रेलवे पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा था। इसलिए यह बढ़ोतरी न सिर्फ तर्कसंगत है, बल्कि रेलवे की सेवा गुणवत्ता और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाए रखने में भी मदद करेगी। इस बढ़े हुए शुल्क का सबसे ज्यादा असर उन कंपनियों व उद्योगों पर होगा जो नियमित रूप से रेलवे साइडिंग का इस्तेमाल करते हैं. हालांकि यह बढ़ोतरी सीधे आम यात्रियों की जेब पर असर नहीं डालेगी, लेकिन लॉजिस्टिक कॉस्ट बढ़ने की वजह से कुछ उत्पादों की कीमतों पर अप्रत्यक्ष असर तो पड़ ही जाएगा।

## ईरान को लेकर भारतीयों को सख्त एडवाइजरी जब तक एकदम जरूर न हो यात्रा न करें

**एजेंसी। ईरान**

ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक नया



परामर्श जारी किया है, जिसमें भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने एक्स पर जारी अपने परामर्श में, उनसे क्षेत्र में बदलते हालात पर सावधानीपूर्वक विचार करने को कहा है। दूतावास ने ईरान में पहले से मौजूद लोगों से भी मध्य पूर्व क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों के प्रति सतर्क रहने को कहा है और कहा है कि वे ईरान छोड़ने के लिए वाणिज्यिक उड़ानों और उपलब्ध नौका सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

### परामर्श में क्या कहा गया है?

पिछले कई हफ़्तों में सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की गैर-ज़रूरी यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक विचार करें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नज़र रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी नवीनतम परामर्शों का पालन करें। जो भारतीय नागरिक पहले से ही ईरान में हैं और वहाँ से जाने के इच्छुक हैं, वे अभी उपलब्ध व्यावसायिक उड़ान और नौका सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह परामर्श क्षेत्र में बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में जारी किया गया है।

## ड्रोन व सी-यूएएस में आत्मनिर्भरता 'रणनीतिक रूप से अनिवार्य' है : जनरल अनिल चौहान

**सीडीएस ने कहा**

- विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है
- उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को भी सीमित करती है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल



अनिल चौहान ने 'मानेकशॉ सेंटर' में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हाल के वैश्विक संघर्षों में यह बात सामने आई है कि कैसे ड्रोन 'युद्ध की रणनीति को अपने आकार व मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं'। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ड्रोन व काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) (मानव रहित हवाई रोधी प्रणाली) में आत्मनिर्भरता भारत के लिए 'रणनीतिक रूप से अनिवार्य' है। जनरल चौहान ने यह भी कहा कि ' ऑपरेशन सिंदूर ' ने दिखाया है कि क्यों स्वदेशी रूप से विकसित मानव रहित हवाई प्रणालियां (यूएएस) और सी-यूएएस 'हमारे क्षेत्र और हमारी जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण हैं'। उन्होंने कहा कि 'यूएवी और सी-यूएएस के क्षेत्र में विदेशी ओईएम से वर्तमान में आयात किए जा रहे महत्वपूर्ण घटकों के स्वदेशीकरण' विषय पर थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज' के सहयोग से एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय (एचक्यू-आईडीएस) की मेजबानी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस बारे में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह आयोजन हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में हो रहा है जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' भी शामिल है। इस संघर्ष ने यूएवी व सी-यूएएस के सामरिक महत्व और परिचालन प्रभावशीलता को रेखांकित किया। उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य संबोधन में सीडीएस ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनके व्यापक उपयोग ने दिखाया है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन का असमान उपयोग बड़े प्लेटफॉर्म को संवेदनशील बना रहा है और सेनाओं को हवाई रणनीतिक सिद्धांत, सी-यूएएस के विकास और इसके अनुकूल युद्ध कौशलों के वैचारिक पहलुओं पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करता है।' सीडीएस ने यह भी कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने 10 मई को हथियार रहित ड्रोन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, ''हालांकि उनमें से कोई भी वास्तव में भारतीय सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका।' जनरल चौहान ने कहा, ''उनमें से अधिकतर को मार गिराया गया जबकि कुछ को जस की तस अवस्था में बरामद किया गया।' सीडीएस ने जोर देकर कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हमें दिखाया है कि हमारे भूभाग और हमारी जरूरतों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित यूएएस, सी-यूएएस क्यों महत्वपूर्ण हैं।आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि हम उन आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकते जो हमारे आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों के लिए महत्वपूर्ण हैं।' उन्होंने कहा, ''विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है, उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को सीमित करती है और इसके कारण महत्वपूर्ण पुर्जों की कमी होती है।

**इमरान खान क्या कम थे**

## शहबाज-मुनीर की मुसीबत बढ़ाने अब राजनीति में आ रही हैं रेहम खान

**एजेंसी। पाकिस्तान**



- पाकिस्तान में लॉन्च हुई नई रिपब्लिक पार्टी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान ने अपनी राजनीतिक पार्टी, पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी (पीआरपी) की शुरुआत के साथ आधिकारिक तौर पर देश के राजनीतिक क्षेत्र में कदम रख दिया है। रेहम ने पीआरपी को सिर्फ़ एक राजनीतिक संगठन से कहीं बढ़कर बताया। उन्होंने इसे एक जनशक्ति आंदोलन बताया, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की राजनीति को सच्ची जनसेवा के मंच में बदलना है। पत्रकार और लेखिका रेहम खान ने ज़ोर देकर कहा कि उनकी नवगठित पार्टी जनता की आवाज़ बनकर काम करेगी और सत्ताधारी अभिजात वर्ग को जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी का जन्म देश के मौजूदा राजनीतिक माहौल से बढ़ती जनता की हताशा से हुआ है। कराची प्रेस क्लब में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने पहले कभी कोई राजनीतिक पद स्वीकार नहीं किया। एक बार मैं सिर्फ़ एक व्यक्ति के लिए एक पार्टी में शामिल हुई थी... लेकिन आज, मैं अपनी शर्तों पर खड़ी हूँ... यह सिर्फ़ एक पार्टी नहीं है, यह राजनीति को सेवा में बदलने का एक आंदोलन है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कराची प्रेस क्लब से कहा था कि जब भी मैं कोई घोषणा करूँगी, यहीं से करूँगी।

## बांग्लादेश में चुनाव से पहले सुधारों को लेकर छिड़ी राजनीतिक

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के नजदीक आते ही प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच चुनावों से पहले सुधारों की जरूरत को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। बांग्लादेश के 'द ढाका ट्रिब्यून' की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चुनावों के नजदीक आते ही बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी और नवगठित नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) के नेता इस मुद्दे को लेकर एक-दूसरे पर जुबानी हमला कर रहे हैं। बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि ओल्ड ढाका के मिटफोर्ड में 43 वर्षीय स्क्रैप व्यापारी लाल चंद सोहाग की हत्या देश में अशांति फैलाने और गलत राजनीतिक मकसदों को पूरा करने की साजिश है।

# सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर सुनवाई 21 तक टाली




**सुप्रीम कोर्ट ने 'उदयपुर फाइल्स' के निर्माताओं से केंद्र के फैसले का इंतज़ार करने को कहा है, जो बुधवार को विजय राज अभिनीत इस फिल्म के खिलाफ आपत्तियों पर सुनवाई करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने आगामी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स - कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड' की रिलीज़ पर सुनवाई 21 जुलाई तक टाल दी है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के खिलाफ आपत्तियों पर सुनवाई कर रही केंद्र की समिति से तुरंत फैसला लेने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के पैनल से कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों का पक्ष भी सुनने को कहा है।**

### फिल्मकारों ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

बुधवार को अपराह्न ढाई बजे इस मामले में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने फिल्मकारों से कहा कि फिल्म निर्माताओं को आर्थिक रूप से क्षतिपूर्ति तो दी जा सकती है लेकिन कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड के आरोपियों की छवि को नुकसान पहुंचने की भरपाई नहीं की जा सकती। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने केंद्र की समिति से सभी पक्षों को सुनने के बाद बिना समय गंवाए तुरंत निर्णय लेने को कहा और हत्या के मामले में अभियुक्तों का पक्ष भी सुनने का निर्देश दिया। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

### जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कोर्ट में दाखिल की याचिका

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी द्वारा उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिकाओं सहित अन्य याचिकाओं में दावा किया गया था कि 26 जून को जारी फिल्म का ट्रेलर ऐसे संवादों और दृश्यों से भरा पड़ा है जिनसे 2022 में सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ और आशंका है कि फिल्म की रिलीज से फिर से वही भावनाएं भड़क सकती हैं। उदयपुर के एक दर्जी कन्हैया लाल की जून 2022 में कथित तौर पर मोहम्मद रियाज़ और मोहम्मद गौस ने हत्या कर दी थी।

